✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 302 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 1 अप्रैल 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




गयाजी स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति का स्वागत करते राज्यपाल सैयद अता हसनैन

# विश्व में अग्रणी शिक्षण संस्थान के रूप में उभरेगा नालन्दा विश्वविद्यालय : राष्ट्रपति

राजीव कुमार वर्मा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर राजगीर पहुंची। यहां उन्होंने नालन्दा विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विद्यार्थियों को संबोधित किया। यह अवसर विश्वविद्यालय के पुनरुत्थान और वैश्विक जुड़ाव की निरंतर यात्रा में मील का पत्थर है। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने इस दीक्षांत समारोह को एक शाश्वत सभ्यतागत संकल्प की पुनरावृत्ति बताया। उन्होंने कहा कि ज्ञान का अंत नहीं होगा, संवाद बना रहेगा और शिक्षा मानवता की सेवा करती रहेगी। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और इस बात की सराहना की कि इस बैच में 30 से अधिक देशों के छात्र शामिल हैं, जो इसके सशक्त अंतरराष्ट्रीय स्वरूप को दर्शाता है। राष्ट्रपति ने अपने भाषण में विशेष रूप से उल्लेख किया यह देखकर प्रसन्नता होती है कि आज का नालन्दा विश्वविद्यालय भी अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों को आकर्षित कर रहा है। यह विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित ज्ञान एवं शिक्षा केंद्र के रूप में पुनः उभरने का शुभ संकेत है। मुझे विश्वास है कि नालन्दा विश्वविद्यालय एशिया और विश्व में अग्रणी शिक्षण संस्थान के रूप में उभरेगा। यह न केवल अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता बल्कि अपने मूल्यों के लिए भी विशिष्ट पहचान बनाएगा। मुझे यह देखकर प्रसन्नता होती है कि विश्वविद्यालय इंटरडिसिप्लिनरी लर्निंग (अन्तरविषयक शिक्षण), अंतरराष्ट्रीय सहयोग और स्थानीय समुदायों के साथ सहभागिता के माध्यम से इस दिशा में निरंतर अग्रसर है। विश्वविद्यालय की 'सहभागिता' पहल पर राष्ट्रपति ने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय के लिए अपने स्थानीय परिवेश से जुड़े रहना भी आवश्यक होता है। उसकी प्रगति का




लाभ उस स्थानीय समाज को भी मिलना चाहिए, जहां वह स्थापित है। मैं विश्वविद्यालय की 'सहभागिता संवाद' पहल की सराहना करती हूं जिसके माध्यम से स्थानीय समुदायों और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के साथ जुड़ने के सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने नालन्दा विश्वविद्यालय को निरंतरता और नवीनीकरण का प्रतीक बताया, जो अतीत के ज्ञान को वर्तमान की आकांक्षाओं के साथ जोड़ता है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय उन स्थायी मूल्यों का प्रमाण है जो मानवता के भविष्य का मार्गदर्शन कर सकते हैं। भारत के विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के अद्वितीय अंतरराष्ट्रीय चरित्र पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय अपने अंतरराष्ट्रीय स्वरूप में अद्वितीय है। वैश्वीकरण के इस युग में इसका महत्व और भी बढ़ गया है। जैसे-जैसे हम विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं, यह आवश्यक है कि भारत दुनिया के लिए तैयार हो और दुनिया भारत के लिए। इसके लिए आने वाली पीढ़ियों को वैश्विक घटनाक्रमों के प्रति अधिक संवेदनशील और जुड़ा हुआ होना होगा। मुझे विश्वास है कि यह स्नातक बैच इस दिशा में बदलाव लाएगा। विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय छात्र अपने देशों में वापस जाकर भारत के दूत बनेंगे। डॉ. जयशंकर ने कहा कि नालन्दा की परंपरा वैश्विक व्यवस्था के लोकतंत्रीकरण में शक्तिशाली प्रभाव डाल सकती है। उन्होंने याद दिलाया कि विकास भी, विरासत भी-यानी तकनीक और परंपरा को साथ-साथ चलना चाहिए। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने नालन्दा के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने का संस्थान नहीं बल्कि चरित्र और बुद्धि के समग्र विकास का प्रतीक है। कुलपति प्रोफ़ेसर सचिन चतुर्वेदी ने गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया और विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने लीप (लर्न, अर्न और पायनियर) कार्यक्रम, 'सहभागिता संवाद' और स्थानीय एवं अंतरराष्ट्रीय समुदायों के साथ जुड़ाव जैसी प्रमुख शैक्षणिक और संस्थागत पहलों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने नवनिर्मित 2000 सीटों वाले अत्याधुनिक सभागार 'विश्वामित्रालय का उद्घाटन किया। उन्होंने 'सहभागिता प्रदर्शनी' का अवलोकन किया और स्थानीय समुदाय के सदस्यों के साथ संवाद किया। साथ ही उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम नीतीश ने अपने नए सरकारी आवास का किया निरीक्षण

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधान परिषद से इस्तीफा देने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 7 सर्कुलर रोड स्थित अपने नए सरकारी आवास का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पूरे बंगले का जायजा लिया और वहां चल रहे कामों को देखा। वे एक अणे मार्ग स्थित सीएम आवास को छोड़कर इसी सरकारी बंगले में शिफ्ट होंगे। उन्होंने नए आवास में चल रहे रंग-रोगन के काम का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कई अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि जब नीतीश कुमार ने जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री बनाया था, तब वे खुद 7 सर्कुलर रोड स्थित इसी सरकारी बंगले में रहते थे।

### फिल्मी स्टाइल में कैदी फरार

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में पुलिस अभिरक्षा से एक शराब तस्कर के फरार होने की घटना ने पुलिस महकमे में हड़कंप मचा दिया है। यह मामला काको थाना क्षेत्र का है, जहां जेल ले जाते समय आरोपी ने पुलिस को चकमा दे दिया। बताया जा रहा है कि जैसे ही पुलिस वाहन काको बाजार के पास ट्रैफिक जाम के कारण धीमी हुई तभी दो आरोपियों ने मौका देखकर हथकड़ी ढीली कर ली और चलती गाड़ी से कूदकर भागने लगे। कैदियों को भागते देख पुलिसकर्मियों ने तुरंत वाहन रोककर उनका पीछा किया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया लेकिन दूसरा तस्कर भीड़ का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा।

### अवैध वसूली में परिवहन विभाग का प्रवर्तन अवर निरीक्षक गिरफ्तार

**गोपालगंज(नबिटा ब्यूरो)।** अवैध वसूली के खिलाफ गोपालगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एसपी विनय तिवारी के निर्देश पर परिवहन विभाग के प्रवर्तन अवर निरीक्षक हेमंत कुमार प्रसाद को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि बलथरी चेकपोस्ट पर लंबे समय से अवैध वसूली की शिकायतें मिल रही थीं। इसी आधार पर कुचायकोट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अधिकारी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उससे पूछताछ करने के साथ ही पूरे मामले की गहन जांच में जुटी है।

### 'रेटॉल पेस्ट' की बिक्री पर लगाया प्रतिबंध

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में एक अहम फैसला लेते हुए सरकार ने चूहे, गिलहरी और फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले अन्य जीव-जंतुओं को मारने में इस्तेमाल होने वाली दवा 'रेटॉल पेस्ट' पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। इस फैसले के बाद अब न तो यह दवा बाजार में खुले तौर पर बिकेगी और न ही इसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से मंगाया जा सकेगा। राज्य के बिहार कृषि विभाग ने यह कदम लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया है। कृषि निदेशक सौरभ सुमन यादव द्वारा जारी आदेश के अनुसार इस दवा की बिक्री और उपयोग दोनों पर रोक लगा दी गई है।

# नालंदा के शीतला माता मंदिर में भगदड़, नौ श्रद्धालुओं की मौत

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जताया शोक, मुआवजे का किया ऐलान**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में मंगलवार सुबह शीतला अष्टमी के अवसर पर शीतला माता मंदिर में भीषण भगदड़ मच गई, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई। मृतकों में आठ महिलाएं शामिल हैं, जिनकी भीड़ में दबने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक पुरुष ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। बाकी घायलों को इलाज के लिए मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद मंदिर परिसर और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल रहा। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मंदिर और मेला को बंद करा दिया है तथा स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास जारी हैं। इस हादसे को लेकर केंद्र और राज्य



सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों के लिए कुल आठ लाख रुपये मुआवजे का एलान किया है। वहीं, घायलों के लिए केंद्र सरकार ने 50 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की। जबकि राज्य सरकार ने घायलों का पूरा इलाज कराने की घोषणा की है। घटना उस समय हुई जब चैत्र माह के आखिरी मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे थे। मौके पर मेला भी लगा था, जिससे भीड़ और बढ़ गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भीड़ को नियंत्रित करने के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। दर्शन की जल्दी में धक्का-मुक्की शुरू हो गई और अफरातफरी के बीच कई लोग भीड़ में दब गए। हादसे में कई श्रद्धालु घायल भी हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद प्रशासन ने मंदिर और मेला दोनों को बंद करवा दिया है। मरने वालों में बिहारशरीफ सकुनत मोहल्ला निवासी दिनेश रजक की पत्नी 50 वर्षीया रीता देवी, नूरसराय के मथुरापुर निवासी कमलेश प्रसाद की पत्नी रेखा देवी (45), रहुई की अनुष्का देवी, इस्लामपुर महेन्द्र शाह की पत्नी देवंती देवी, हिलसा अनिल केवट की पत्नी मालो देवी, रहुई (शेष पृष्ठ 11 पर)

# दो अधिकारियों के एक दर्जन ठिकानों पर एक साथ छापेमारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने मंगलवार को बिहार सरकार के दो वरिष्ठ अधिकारियों पर आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज करते हुए उनके 12 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। ईओयू से मिली सूचना के मुताबिक किशनगंज के एसडीपीओ गौतम कुमार के छह ठिकानों पर छापेमारी चल रही है। यह छह ठिकाने पटना, पूर्णिया और किशनगंज में हैं। गौतम कुमार पर आय से 60 फीसदी अधिक 1.94 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। दूसरे अधिकारी डीआरडीए सहरसा के निदेशक वैभव कुमार हैं, जिनके सहरसा और मुजफ्फरपुर के छह ठिकानों पर छापेमारी चल रही है। उन पर आय से 78 फीसदी अधिक 2.41 करोड़ रुपए की संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। यह छापेमारी ईओयू के एसपी और वरीय डीएसपी स्तर के पदाधिकारियों के नेतृत्व में चल रही है। बताया जा रहा है कि एसडीपीओ वन गौतम कुमार ने अपने 32 वर्षों की सेवा के दौरान संपत्ति अर्जित की है। छापेमारी की कार्रवाई पटना, पूर्णिया सहित सीमांचल क्षेत्र के कई जिलों में चल रही है, जहां उनकी संपत्ति और निवेश से जुड़े दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार गौतम कुमार पुलिस विभाग में 1994 बैच के दारोगा के रूप में पदस्थापित हुए थे। वर्ष 1996 में उनकी पहली पोस्टिंग बतौर दारोगा किशनगंज में ही हुई थी। पदोन्नति पाकर डीएसपी बने। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने अधिकतर समय सीमांचल के चार जिलों किशनगंज, अररिया, पूर्णिया और कटिहार में ही सेवा दी। वहीं मुजफ्फरपुर के मानियारी थाना के मिश्रा मानियारी निवासी सहरसा में तैनात डीआरडीए वैभव कुमार के छह ठिकानों पर आय से अधिक संपत्ति को लेकर ईओयू की टीम छापेमारी हो रही है। मिश्रा मानियारी के घर और मानियारी में आईटीआई कॉलेज पर छापेमारी हो रही है। वैभव के पिता रिटायर्ड प्रोफ़ेसर एल एन झा अंग्रेजी (शेष पृष्ठ 11 पर)

# चंचल कुमार बने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर अहम बदलाव करते हुए 1992 बैच के वरिष्ठ आइएएस अधिकारी चंचल कुमार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का नया सचिव नियुक्त किया है। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है, जब देश में मीडिया, संचार और सूचना तंत्र की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। सरकार द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, वर्तमान सचिव संजय जाजू को पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय का सचिव बनाया गया है। इस बदलाव को सरकार के रणनीतिक प्रशासनिक पुनर्गठन के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें अनुभवी अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां देकर विभिन्न मंत्रालयों की कार्यक्षमता को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। चंचल कुमार बिहार कैडर के



अनुभवी, कर्मठ और चर्चित अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। वे फिलहाल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं और इससे पहले बिहार में कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। खासतौर पर वे लंबे समय तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सचिव के रूप में कार्य कर चुके हैं, जहां उन्होंने शासन-प्रशासन के कई अहम फैसलों के क्रियान्वयन में प्रमुख भूमिका निभाई।

**मुख्यमंत्री से 2024 बैच के बिहार कैडर के प्रशिक्षु आइएएस अधिकारियों ने की मुलाकात**

# देश की तरक्की में दें अपना योगदान : नीतीश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प सभागार' में 2024 बैच के बिहार कैडर के 12 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने मंगलवार को मुलाकात की। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान विरूपाक्ष विक्रम सिंह, प्रिया रानी, कृष्णा जोशी, प्रेम कुमार, सैयद आदिल मोहसिन, अजय यादव, सुरज कुमार, विग्नेश टीए, जतिन कुमार, के परीक्षित, महेश कुमार एवं कशिश बख्शी ने अपनी ट्रेनिंग के दौरान जिले में किए गए कार्यों के संबंध में अनुभव साझा किए। इन 12 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों में 03 महिलायें और 09 पुरूष है। इनमें 04 बिहार के, 03 राजस्थान, 02 दिल्ली के, 01 हरियाणा, 01 तमिलनाडु एवं 01 झारखंड के रहने वाले हैं। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों से बातचीत करते हुए कहा कि आप लोगों ने अपने अनुभव साझा किए, यह सुनकर अच्छा लगा। आपलोग अभी ट्रेनिंग पीरियड में हैं, उसके बाद आपलोगों की पोस्टिंग होगी। सरकार नीति बनाती है और उसे क्रियान्वित करने में आईएएस अधिकारियों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। आप सभी संवेदनशीलता, ईमानदारी, अनुशासन एवं पूर्ण मनोयोग से कार्य करते हुये राज्य एवं देश की तरक्की में अपना योगदान दें। आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह एवं मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में दो छात्रों की मौत

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र के चपरी मोड़ के पास में मंगलवार को ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। इस घटना में मैट्रिक परीक्षा पास करने के महज दो दिन बाद ही दो छात्रों की मौत हो गई जबकि उनका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका इलाज अस्पताल में जारी है। मृतकों की पहचान रघवाचक गांव निवासी विनोद यादव के इकलौते पुत्र रोशन कुमार और सतेंद्र यादव के पुत्र राहुल कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों छात्र हाल ही में मैट्रिक परीक्षा में सफल हुए थे और उनका रिजल्ट आए अभी दो दिन ही हुए थे। घर में खुशी का माहौल था, जो इस हादसे के बाद गम में बदल गया। सूचना मिलते ही फतेहपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मामले की जांच शुरू कर दी गई है और फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश जारी है।

# रिश्वतखोर राजस्व अधिकारियों को 15 अप्रैल तक करें बर्खास्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सरकार को चैलेंज देने वाले राजस्व अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ सख्ती बढ़नी शुरू हो गई है। घूस लेते गिरफ्तार किए गए राजस्व अधिकारियों को 15 अप्रैल तक बर्खास्त करने को कहा गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री सह डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने 30 मार्च को समीक्षा बैठक की थी। बैठक में रिश्वत लेते गिरफ्तार किए गए राजस्व कर्मचारियों का केस डिस्पोजल नहीं होने पर खेद व्यक्त किया गया। इसके बाद विभाग के प्रधान सचिव ने सभी जिलों के डीएम को पत्र लिखकर मार्गदर्शन किया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने इस संबंध में सभी जिलों के डीएम को पत्र लिखा है। सरकार के निर्देश में कहा गया है कि पूर्व में भी नियंत्री प्राधिकार के पद की शक्तियों का उपयोग करते हुए रिश्वत लेते गिरफ्तार मामलों के त्वरित निष्पादन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये गये थे। पटना, शिवहर एवं वैशाली के समाहर्ता को स्पष्ट निर्देश दिये गये थे। सरकार के प्रधान सचिव ने कहा है कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री ने 30 मार्च को समीक्षा की जिसमें केस डिस्पोजल नहीं होने पर खेद व्यक्त किया गया। सरकार के करप्शन पर जिरो टॉलरेंस नीति के बावजूद पटना को छोड़कर अन्य जिलों में समाहर्ता द्वारा नियुक्ति एवं अनुशासनिक प्राधिकार की शक्तियों का उपयोग उचित ढंग से नहीं किया। ट्रैप केसेज में कठोर दंड निर्धारित नहीं की गई है। प्रधान सचिव ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि, राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता एवं जीवन जीने में आसानी के क्रियान्वयन के क्रम में राजस्व हलका कर्मचारी द्वारा राशि की अवैध उगाही करना दंडनीय अपराध है। यह भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में भी संज्ञेय अपराध है। कई जिलों के समाहर्ताओं ने इस संबंध में दूरभाष पर मार्गदर्शन मांगा है कि हलका कर्मचारी यदि बेउर जेल अथवा अन्य कारा में हैं तो विभागीय कार्यवाही का संचालन किस प्रकार से हो? समहर्ताओं के मार्गदर्शन पर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राजस्व कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई को लेकर गाइड लाइन जारी किया है। अगर राजस्व कर्मचारी घूस लेने के आरोप में जेल में बंद हो तब आरोप-पत्र का तामिला जेल अधीक्षक के माध्यम से किया जाएगा। आरोपी कर्मचारी का जवाब 15 दिनों की निश्चित समय-सीमा के अन्तर्गत जेल अधीक्षक के माध्यम से ही समाहर्ता के पास आएगा। संचालन पदाधिकारी आरोपी पदाधिकारी के लिखित बचाव अभिकथनपर विचार करते हुए गुण-दोष के आधार पर मुखर आदेश पारित करेंगे। ट्रैप केसेज में सेवा से बर्खास्तगी के अलावा और कोई दंड देना न्यायोचित नहीं होगा, फिर भी समाहर्ता अपने स्वयं के विवेक का इस्तेमाल करें। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव ने सभी जिलाधिकारियों से कहा है कि सभी समाहर्ता, जहां हलका कर्मचारी ट्रैप केस में रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किये गये हों, उन पर 15 अप्रैल, 2026 तक अंतिम आदेश पारित कर संवर्ग नियुक्ति प्राधिकार को सूचित करें।

# पति की हत्या के बाद पत्नी ने दो बच्चों संग जहर खाकर की जान देने की कोशिश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** रोहतास जिले में जमीनी विवाद में हुई एक व्यक्ति की दिनदहाड़े हत्या के बाद उसकी पत्नी ने गहरे मानसिक तनाव में आकर अपने दो बच्चों के साथ जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक हसन राजा की पत्नी रेशमा खातून ने सोमवार रात अपने बच्चों तैयबा खातून और हमजद के साथ घर का दरवाजा बंद कर जहर खा लिया। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों को संदेह हुआ। दरवाजा खोलने पर तीनों अचेत अवस्था में मिले। इसके बाद परिजनों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को गंभीर स्थिति में वाराणसी रेफर कर दिया है। गौरतलब है कि रेशमा खातून के पति हसन राजा की 24 मार्च को सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मुरादाबाद गांव में जमीनी विवाद के चलते हत्या कर दी गई थी। घटना का वीडियो भी सामने आया था, जिसमें हमलावर उन्हें लाठी-डंडों से पीटते और रस्सी से बांधकर सड़क पर घसीटते नजर आए थे। पति की हत्या के बाद से ही रेशमा गहरे सदमे में थी और किसी से बातचीत नहीं कर रही थी।

# पटना हाईकोर्ट में मिलेंगी स्वास्थ्य संबंधित आधुनिक सुविधाएं

## जज से लेकर वकील और तमाम कर्मियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना हाईकोर्ट परिसर में स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं का विस्तार किया गया है। मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने कोर्ट परिसर में मौजूद स्वास्थ्य केंद्र के विस्तार पटल का उद्घाटन सोमवार को किया। इस स्टेट डिस्पेंसरी की विस्तारित सुविधाओं की शुरुआत होने से यहां कार्यरत न्यायाधिशों से लेकर अधिवक्ताओं समेत सभी स्तर के कर्मियों को काफी सुविधा होगी, खासतौर से किसी आपात स्थिति में यह अस्पताल चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराने में सक्षम होगा। यह पहल न्यायिक तंत्र से जुड़े सभी व्यक्तियों के स्वास्थ्य एवं कार्यक्षमता को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उद्घाटन के बाद मुख्य न्यायाधीश ने नव-विकसित चिकित्सा सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुधीर सिंह, न्यायामूर्ति राजीव रंजन प्रसाद, न्यायमूर्ति मोहित कुमार साह समेत अन्य न्यायाधीश मौजूद थे। स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह के अलावा हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता, कर्मी समेत अन्य भी मौजूद थे। मुख्य न्यायाधीश ने नवनिर्मित विस्तार पटल में लगाए गए एक्स-रे केंद्र, फिजियोथेरेपी केंद्र, दवा वितरण केंद्र और डिस्पेंसरी का मुआयना किया। इस नए विस्तारित भवन में चिकित्सा पदाधिकारी या डॉक्टर के अलावा विशेषज्ञ डॉक्टर रोस्टर के आधार पर मरीजों का इलाज करेंगे। यहां एक क्यूआर स्कैनर भी लगाया गया है जिस पर कोई व्यक्ति स्कैन करके डॉक्टर के उपलब्ध रहने का समय के साथ ही किस दिन कौन से डॉक्टर देखेंगे, इसकी पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस नए चिकित्सा केंद्र में रोस्टर के आधार पर त्वचा रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, होमियोपैथी समेत अन्य विशेषज्ञ डॉक्टर रोजाना बैठेंगे जबकि स्त्री रोग विशेषज्ञ सोमवार, फिजिशियन मंगलवार, हड्डी रोग विशेषज्ञ बुधवार, हृदय रोग विशेषज्ञ गुरुवार और नेत्र रोग विशेषज्ञ शुक्रवार को बैठेंगे। इस तरह की चिकित्सीय सुविधा शुरू होने पर अधिवक्ता संघों ने खासतौर से हर्ष व्यक्त किया है। एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह की सुविधा परिसर में उपलब्ध होने से यहां के वकीलों के साथ कर्मियों को भी काफी सहूलियत होगी। वहीं लॉयर एसोसिएशन के महासचिव राजीव कुमार सिंह एवं संयुक्त सचिव शैलेंद्र कुमार सिंह ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अब एक्स-रे मशीन यहां लगने से लोगों को इसके लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। फिजिथेरेपी के अलावा मुफ्त दवा और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श की सुविधा बहाल होने से सभी लोगों को काफी सुविधा मिलेगी।

# पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1, पटना में राजभाषा सम्मेलन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के पूर्वी क्षेत्र-1द्वारा क्षेत्रीय मुख्यालय, पटना स्थित प्रेक्षागृह में 'राजभाषा सम्मेलन-2026' का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय सम्मेलन में क्षेत्रीय मुख्यालय के सभी कार्मिकों के साथ-साथ बिहार एवं झारखंड के विभिन्न उपकेंद्रों से आए प्रमुखों एवं राजभाषा प्रभारियों सहित लगभग 150 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी) नितिन कुमार श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने हिन्दी भाषा की उपयोगिता, सरलता और व्यापकता पर प्रकाश डालते हुए सभी कार्मिकों से कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के अधिकतम प्रयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजभाषा का सशक्त प्रयोग प्रशासनिक कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाता है। सम्मेलन के दौरान कुल तीन ज्ञानवर्धक सत्रों का आयोजन किया गया जिनमें विशेषज्ञ वक्ताओं ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार साझा किए। प्रथम सत्र में 'राजभाषा नीति, नियम एवं अधिनियम' विषय पर चर्चा करते हुए विचित्रसेन गुप्त (राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार) ने उपस्थित प्रतिभागियों को राजभाषा से संबंधित नियमों, प्रावधानों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी। द्वितीय सत्र में 'विकसित भारत 2047 की लक्ष्य प्राप्ति में राजभाषा हिन्दी की भूमिका' विषय पर डॉ. मधु मंजरी ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि हिन्दी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि देश की एकता और सांस्कृतिक समन्वय का सशक्त माध्यम है जो विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकती है। तृतीय सत्र में 'भारत के वर्तमान विद्युत परिदृश्य' विषय पर सुदीप कुमार ने विस्तार से चर्चा की। उन्होंने देश में विद्युत क्षेत्र की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर सक्रिय सहभागिता दिखाई और अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# सांस्कृतिक समारोह के बीच 'बिहार भारती अवार्ड' संपन्न




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार की चर्चित साहित्यिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था बिहार कलाश्री पुरस्कार परिषद की ओर से 31वीं वर्ष 'बिहार भारती अवार्ड' और 'कुमार शैलेंद्र शिखर सम्मान' का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन समाजसेवी व अखिल भारतीय यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर अजय यादव ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि प्रसिद्ध एस्ट्रोलॉजर कुमार उमेश चंद्र, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ गायक व बिहार सरकार के कला सांस्कृतिक पेंशनधारी मनोज कुमार सिंह थे। अतिथियों का स्वागत रवि रंजन ने किया और अध्यक्षता महासचिव सह निर्देशक विश्वमोहन चौधरी संत ने किया। अतिथियों के हाथों भरतनाट्यम के प्रसिद्ध नृत्यांगना भावना कुमारी एवं वरिष्ठ नाल वादक सुनील कुमार को 31वीं 'बिहार भारती अवार्ड' से और साथ ही 'कुमार शैलेंद्र शिखर सम्मान' से महिला अभिनेत्री आशा चौधरी एवं पुरुष रंगकर्मी बैजू कुमार झा को सम्मान स्वरूप अंगवस्त्र, ट्रॉफी एवं सम्मान पत्र से नवाजा गया। कला उपासक मगही लोकगीत गायक अरुण कुमार गौतम के नेतृत्व में वृहत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें संगीत नृत्य भजन से लोगों को मंत्र मुक्त किया गया जिसमें वरिष्ठ लोकगीत गायिका डॉ भवानी शारदे, प्रसिद्ध रंगकर्मी आलोक चोपड़ा, शैलेश कुमार, नृत्यांगना शबनम परवीन, गायक मनोज मुक्त, रिया कुमारी, प्रेम कुमार, सीमा सिंह, प्रिया कुमारी, अनीता राज आदि ने भाग लिया।

# नेताओं की गिरफ्तारी से किसानों में आक्रोश


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** उड़ीसा में बढ़ते किसान आंदोलन से घबराकर राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत, सांसद सुधाकर सिंह एवं दिनेश कुमार की गिरफ्तारी से बिहार के किसान आक्रोशित है। विगत 17 वर्षों से जनजातीय आजीविका और वन अधिकारों की सुरक्षा की जायज मांगों को लेकर संघर्षरत नव निर्माण कृषक संघ के संयोजक अक्षय कुमार के नेतृत्व में किसानों की 21 सूत्री मांगों को लेकर पिछले 22 मार्च 2026 से उड़ीसा के कैंझर घाटागा तारिणी से भुवनेश्वर के लिए 5000 किसानों का विशाल कारवां लेकर पदयात्रा शुरू की। इस शांतिपूर्ण पदयात्रा के नौवें दिन कदम-कदम बढ़ाते हुए अपने मंजिल की ओर बढ़ रहे किसान पदयात्री जब नखरा पहुंचा तो नखरा में किसानों की विशाल सभा को संबोधित करने के लिए देश के सुप्रसिद्ध किसान नेता राकेश टिकैत, सांसद सुधाकर सिंह एवं भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बिहार प्रभारी दिनेश कुमार जब उड़ीसा पहुंचे तो मोदी की डब्ल इंजन की उड़ीसा सरकार उक्त सभी किसान नेताओं को उड़ीसा पहुंचने पर घबरा गई। अपने नेताओं के सम्मान में सड़क किनारे किसान जमा होकर इंतजार कर रहे थे तभी झूठे मनगढ़ंत आरोपों पर किसानों की सभा से राजमार्ग अवरुद्ध होंगे। इसी बहाने भारी मात्रा में पुलिस बलों को सभा स्थल पर जमा कर पुलिसिया तांडव मचाना शुरू किया। सभा को विफल करने हेतु देश में अघोषित आपातकाल के तहत शांतिपूर्ण सभा करने की लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलते हुए किसानों को आतंकित करने के लिए तथा सभा को विफल करने हेतु देश के जाने-माने किसान नेता राकेश टिकैत, सांसद सुधाकर सिंह और किसान नेता दिनेश कुमार सहित लगभग 750 किसानों को जबरिया गिरफ्तार कर किसानों के जनतांत्रिक अधिकारों पर हमला करने की कार्रवाई की संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार घोर निंदा करती है। संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के नेता अशोक प्रसाद सिंह, रामायण सिंह,भूप नारायण सिंह, प्रो. आनंद किशोर, जनक देव सिंह गांधी, आशीष रंजन, अशोक कुमार सिंह, बैजनाथ शर्मा, अशोक प्रियदर्शी, प्रदीप प्रियदर्शी, बृजेश राय, मुन्ना तिवारी, सत्येन्द्र सिंह, देव कुमार सिंह, वशिष्ठ सिंह, भोला यादव, डॉ श्यामनंदन शर्मा, हरिलाल सिंह, रामचंद्र आजाद, नरेश यादव, अमरेश नंदन, गोपाल कृष्ण, डॉ विनय, चंद्रशेखर यादव, प्रमोद सिंह एवं अभिमन्यु सिंह आदि ने किसान नेताओं की गिरफ्तारी पर रोष प्रकट करते हुए चेतावनी भरे लहजों में सरकार द्वारा किसान आंदोलन को कुचलने की साजिश की घोर भर्त्सना किया।

# डॉ. प्रेम कुमार ने किया डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती पर श्रद्धापूर्वक नमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक एवं महान राष्ट्रभक्त डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि श्री हेडगेवार बाल्यकाल से ही प्रखर राष्ट्रभक्त थे। स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी करते हुए उन्होंने अनुभव किया कि राष्ट्र की वास्तविक उन्नति के लिए समाज को संगठित एवं चरित्रवान बनाना अत्यंत आवश्यक है। इसी संकल्प के साथ उन्होंने वर्ष 1925 में विजयादशमी के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की जो आज विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है। डॉ. हेडगेवार ने सदैव राष्ट्र को सर्वोपरि माना और समाज में अनुशासन, एकता तथा राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने हेतु अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

# शीतला माता मंदिर में हुई मौतों के लिए सरकार जिम्मेदार

## बिजली की बढ़ी कीमतों के खिलाफ कांग्रेस का राज्यव्यापी आंदोलन : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** नालंदा के शीतला माता मंदिर में हुई भगदड़ और 9 श्रद्धालुओं की मौत पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने राज्य सरकार को इसके लिए पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया है। पटना स्थित कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा-जदयू की सरकार श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के पंचायत स्तरीय नेताओं के पीछे घूमने के लिए पुलिस बल उपलब्ध रहता है, लेकिन शीतला माता मंदिर में आए हजारों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सरकार एक भी पुलिस जवान की तैनाती नहीं कर सकी। लगभग दस हजार से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ के बावजूद वहां व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का एक जवान तक मौजूद नहीं था। भगदड़ के बाद लोग दम घुटने से तड़पते रहे, लेकिन समय पर एंबुलेंस तक नहीं पहुंची। यदि समय रहते घायलों को अस्पताल पहुंचाया जाता तो कई लोगों की जान बचाई जा सकती थी। मारे गए श्रद्धालुओं को श्रद्धांजली देने के लिए सदाकत आश्रम में दो मिनट का मौन रखा गया। राजेश राम ने कहा कि दुर्भाग्य से बिहार में ऐसी सरकार है जो आम लोगों की सुरक्षा और जीवन की चिंता करने के बजाय उन्हें मुश्किलों में धकेल रही है। पहले रसोई गैस की भारी किल्लत से लोग परेशान हैं और अब बिजली की दरों में बेतहाशा बढ़ोतरी कर दी गई है।

# भगवान महावीर जयंती पर पटना में निकली शोभा यात्रा, अहिंसा और प्रेम का संदेश गूंजा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती के पावन अवसर पर जैन संघ, पटना द्वारा आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव का समापन श्रद्धामय वातावरण में शोभा यात्रा के साथ हुआ। राजधानी पटना में निकली इस विशाल शोभा यात्रा ने पूरे शहर को धर्ममय बना दिया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अहिंसा, करुणा और सह-अस्तित्व का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। तीसरे दिन प्रातः 8 बजे कदमकुआं स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कांग्रेस मैदान से शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा का नेतृत्व जैन संघ के महामंत्री मुकेश जैन, कोषाध्यक्ष संजय जैन एवं अन्य पदाधिकारियों ने किया। इस अवसर पर संघ के महामंत्री मुकेश जैन ने बताया कि महावीर जयंती केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को सत्य, अहिंसा और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला महापर्व है।

# एसबीआई लेडिज क्लब ने किया दिव्यांग बालिकाओं एवं महिलाओं के बीच आवश्यक वस्तुओं का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** समाज के प्रति अपनी संवेदनशीलता और सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए एसबीआई लेडिज क्लब, पटना द्वारा इंद्रपुरी, पटना स्थित आसरा होम (मानसिक रूप से दिव्यांग बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए आश्रय गृह) में आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर क्लब की सदस्यों ने आसरा होम की बालिकाओं और महिलाओं के लिए मेटल बेड, गद्दे, नाइट सूट तथा व्यक्तिगत देखभाल से जुड़ी आवश्यक सामग्री भेंट की। इस पहल का उद्देश्य वहां रह रही बालिकाओं और महिलाओं को बेहतर सुविधा एवं आराम प्रदान करना तथा उनके जीवन में स्नेह और सहयोग का भाव पहुंचाना है। कार्यक्रम के दौरान एसबीआई लेडिज क्लब, पटना की अध्यक्ष पूजा जोशी उपाध्यक्षगण ज्योति श्रीवास्तव, विद्या नटराजन, अरुणान्जलि जायसवाल एवं अन्य सदस्यों ने आसरा होम का भ्रमण किया, वहां की व्यवस्था की सराहना की और वहां रह रही बालिकाओं एवं महिलाओं के साथ समय बिताकर उन्हें प्रोत्साहित किया।

# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने सेवा तीर्थ में उन्नत एचवीएसी समाधान किए स्थापित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने प्रधानमंत्री कार्यालय भवन, सेवा तीर्थ में अपने उन्नत एचवीएसी समाधानों की सफल स्थापना की। एलजीई इंडिया ने 1590 हॉर्सपावर की कुल क्षमता वाला एक वेरिएबल रेफ्रिजरेंट फ्लो (वीआरएफ) एयर-कंडीशनिंग सिस्टम स्थापित किया है जिसमें 113 आउटडोर यूनिट शामिल हैं। इस परियोजना पर बात करते हुए एलजीई इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ सेल्स और मार्केटिंग ऑफिसर हांग जू जियोन ने कहा कि एलजीई इंडिया को प्रधानमंत्री कार्यालय भवन, सेवा तीर्थ में योगदान देने पर गर्व है। चूंकि भारत बुनियादी ढांचे के विकास के एक परिवर्तनकारी चरण से गुजर रहा है, इसलिए स्मार्ट और ऊर्जा-कुशल जलवायु नियंत्रण प्रणालियों की भूमिका तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है।

# राज्यभर में अतिक्रमण हटाओ अभियान आज से, प्रशासन अलर्ट

## प्रधान सचिव ने दिया सीमा क्षेत्रों पर विशेष फोकस रखने का सख्त निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार ने राज्यभर में अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक और संगठित कार्रवाई का फैसला लिया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने सभी जिलाधिकारियों, अपर समाहर्त्ताओं, भूमि सुधार उप समाहर्त्ताओं, अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए 1 अप्रैल 2026 से अतिक्रमण हटाने का विशेष अभियान चलाने का आदेश दिया है। इस संबंध में उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य में शहरी सौंदर्यीकरण और सुव्यवस्थित विकास के लिए अतिक्रमण हटाना अत्यंत आवश्यक है। सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कर ही हम बेहतर यातायात, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को सुनिश्चित कर सकते हैं। हालांकि हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। गरीब एवं असहाय लोगों के जीवनयापन को ध्यान में रखते हुए स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि उनका अतिक्रमण तभी हटाया जाए जब उनके लिए रोजगार के वैकल्पिक साधन या पुनर्वास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर दी जाए। हमारा उद्देश्य केवल अतिक्रमण हटाना नहीं, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण के साथ विकास को आगे बढ़ाना है। ताकि किसी भी जरूरतमंद की आजीविका प्रभावित न हो। सरकार की पहली प्राथमिकताओं में मुख्य धारा से पीछे छूटी हुई आबादी है। उनको मुख्य धारा से जोड़ने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। वहीं प्रधान सचिव ने निर्देश देते हुए कहा है कि बिहार लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम, 1956 की धारा 6(1) के तहत विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यह भी उल्लेख किया गया है कि पटना उच्च न्यायालय द्वारा कई मामलों में अतिक्रमण हटाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं जिनका अनुपालन अनिवार्य है। राज्य सरकार ने भारत-नेपाल सीमा से सटे सात जिलों के नो मैन्स लैंड में अतिक्रमण के मामलों को अत्यंत गंभीर बताया है। इन मामलों के अंतरराष्ट्रीय प्रभाव को देखते हुए सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा सीमांकन के लिए संयुक्त सर्वेक्षण कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। ऐसे में इन क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने को कहा गया है। राज्य सरकार ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि गरीब और असहाय लोग अक्सर जीविकोपार्जन के लिए सार्वजनिक स्थानों का उपयोग करते हैं। इसलिए वेंडिंग जोन या वैकल्पिक व्यवस्था किए बिना अतिक्रमण हटाने से उनके रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करने के बाद ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें।

# नालंदा जिले की घटना पर मंत्री मंगल पांडेय ने संवेदना व्यक्त की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पांडेय ने नालंदा शीतला मंदिर में हुई भगदड़ की घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दुख प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह हृदयविदारक हादसा बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है जिसमें कई श्रद्धालुओं की जान चली गई। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। श्री पांडेय ने कहा कि मृतकों के आश्रितों और घायलों की सरकार पूरी मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में वे पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं।

# आज से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में बड़ा बदलाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में शहरों को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाने के लिए नगर निकायों के लिए जारी किया गया नया गाइडलाइन कल पहली अप्रैल से लागू हो रहा है जिसमें 100 किलो से अधिक कचरा उत्पादन करने वाले संस्थान जैसे-अपार्टमेंट, होटल, सरकारी कार्यालयों को खुद कचरा प्रोसेसिंग लगाना अनिवार्य हो जाएगा। साथ ही नगर विकास एवं आवास विभाग ने गीले कचरे का ऑन साइट कंपोस्टिंग करने का भी निर्देश जारी किया है। नगर विकास एवं आवास विभाग के अनुसार यह व्यवस्था न्यू सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2026 के तहत सभी नगर निकायों में लागू की जा रही है। वहीं राजधानी पटना को सुंदर, स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने के लिए पटना नगर निगम के डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के नए नियम कल पहली अप्रैल से लागू हो जाएगा। अब घरों से कचरा उठाव के दौरान लोगों को अपने कचरे को केवल गीला और सूखा में नहीं, बल्कि चार अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर देना अनिवार्य होगा जबकि पहले यह व्यवस्था अनिवार्य नहीं थी। अब तक कचरे को केवल दो श्रेणियों में बांट कर कचरे का उठाव किया जा रहा था। इस नई व्यवस्था के तहत अब कचरा ढोने वाली गाड़ियों में चार अलग-अलग रंगों के बिन लगे होंगे। यदि घरों से कचरा अलग-अलग करके नहीं दिया गया तो सफाईकर्मी उसे स्वीकार नहीं करेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कचरे का शत-प्रतिशत वैज्ञानिक निस्तारण करना और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाना है। वहीं, राजधानी में दो नए रंग भी लोगों की स्वच्छता नियमों में शामिल किये जा रहे हैं। इसके लिए पटना नगर निगम कुल 225 नये वाहनों की खरीद कर रहा है जिसमें शहर के सभी छह अंचलों के 375 सेक्टरों में कचरा उठाव के लिए नगर निगम द्वारा अपने संसाधनों को बढ़ाया जा रहा है। वर्तमान में निगम के पास 373 क्लोज टिपर और 150 सीएनजी टिपर हैं जिनमें से लगभग 327 वाहन वर्तमान में सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं। कचरा कलेक्शन को बेहतर बनाने के लिए निगम 225 नए वाहनों की खरीदारी कर रहा है। इनमें 150 क्लोज टिपर और 75 ओपन टिपर शामिल हैं। इन सभी वाहनों को नए कलर कोडेड बिन के साथ लैस किया जा रहा है। नए नियम सिर्फ आम जनता के लिए नहीं, बल्कि बड़े संस्थानों पर भी लागू होंगे। 20 हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाली संस्थाएं या 100 किलो से अधिक कचरा पैदा करने वाले थोक कचरा उत्पादक माने जाएंगे। इसमें होटल, अपार्टमेंट, सरकारी संस्थाएं शामिल हैं।

# दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव के प्रचार-प्रसार के लिए 4 रथ रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** हिंदू सेवा ट्रस्ट बिहार द्वारा दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां जोरो से की जा रही है। इसी क्रम में ट्रस्ट द्वारा कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए 4 रथों को हरी झंडी दिखाकर कंकड़बाग से रवाना किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मुख्य संस्थापक दीपक कुमार अग्रवाल ने बताया कि यह रथ पूरे शहर में घूमकर लोगों को इस कार्यक्रम के बारे में अवगत कराएगा। हमारा उद्देश्य दक्षिण पटना को पूर्ण रूप से हनुमानमय बनाने की है। वहीं उन्होंने बताया कि कंकड़बाग टेम्पो स्टैंड चौराहा पर 1 अप्रैल को एक हजार से अधिक हनुमान भक्तों द्वारा सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया जाएगा। इस अवसर पर आचार्य डॉ. राधेश्याम शर्मा के द्वारा सुंदरकांड एवं भजन की प्रस्तुति की जाएगी। श्री अग्रवाल ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के आयोजन को लेकर 20 तोरण द्वार, सैकड़ों होर्डिंग्स, पोस्टर्स लगाया जा रहा है। वहीं पूरे दक्षिण पटना को हनुमान जी के ध्वजा से सजाया जा रहा है। ट्रस्ट द्वारा एक कैलेंडर भी जारी किया गया है जिसे हनुमान जन्मोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया जाएगा।

# 16 आपराधिक कांडों का उद्भेदन, सात अपराधी गिरफ्तार, आपत्तिजनक सामान बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार ने प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पिछले एक सप्ताह के भीतर हुई कई आपराधिक वारदातों का खुलासा किया गया है। गिरफ्तार किए गए सभी अपराधी कुख्यात हैं। गिरफ्तार किए गए अपराधियों में सासाराम के नवरत्न बाजार से मोहित कुमार और अजय प्रजापति शामिल हैं जिन्हें लूट की योजना बनाते हुए पकड़ा गया। ये दोनों कैमूर जिले के कुदरा के निवासी हैं। गोली मारकर लूटपाट करने के मामले में सासाराम के खिड़की घाट निवासी भूलेटन यादव को गिरफ्तार किया गया है। वहीं एक अन्य आपराधिक मामले में पुलिस ने कैमूर जिले के भगवानपुर निवासी मंटू पांडे और दिनेश विश्वकर्मा को भी पकड़ा है। इसके अतिरिक्त पुलिस ने सासाराम के खिड़की घाट निवासी रोशन कुमार और चेनारी के टेकारी निवासी विजय कुमार को भी गिरफ्तार किया है। ये सभी अपराधी शातिर हैं और लूटपाट के साथ-साथ जानलेवा हमले जैसी विभिन्न आपराधिक वारदातों में शामिल रहे हैं।



## दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, एक घायल

**चेनारी (रोहतास) (नबिटा सं.)।** चेनारी थाना अंतर्गत सबराबाद में दो मोटर बाइक के टक्कर होने से एक व्यक्ति उपेंद्र सिंह उम्र 41 वर्ष पिता स्व. गंगा सिंह ग्राम केकड़ा थाना-शिवसागर जिला-रोहतास की मृत्यु हो गई। एक व्यक्ति मृतक की पत्नी जख्मी है जिनका इलाज सासाराम हॉस्पिटल में किया जा रहा है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि मृतक के परिजन द्वारा आवेदन प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## महुआ शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**चेनारी (रोहतास) (नबिटा सं.)।** चेनारी थाना क्षेत्र के इंद्रजीत मुसहर पिता देवराज मुसहर ग्राम नायकपुर थाना चेनारी जिला रोहतास को 64 लीटर देसी चुलाई महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# चिंगारी से चार बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

भभुआ। कुदरा थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव में एक किसान की चार बीघा गेहूं की फसल अज्ञात वाहन की चिंगारी से जलकर राख हो गई। पीड़ित किसान अवधेश उपाध्याय ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। यह घटना दोपहर के समय हुई जब किसान अवधेश उपाध्याय अपने घर पर आराम कर रहे थे। ग्रामीणों ने उन्हें खेत में आग लगने की सूचना दी जब तक वे मौके पर पहुंचे, आग ने विकराल रूप ले लिया था। ग्रामीणों के अनुसार खेत के पास से गुजर रही एक चार पहिया वाहन से निकली चिंगारी के कारण फसल में आग लगी। किसान ने तत्काल 112 नंबर पर पुलिस और प्रशासन को सूचना दी। मौके पर पहुंची प्रशासन की टीम और ग्रामीणों के अथक प्रयासों से आग पर काबू पाया गया।



हालांकि तब तक चार बीघा में खड़ी तैयार गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी थी। अवधेश उपाध्याय ने बताया कि इस घटना से उन्हें भारी आर्थिक क्षति हुई है जिससे उनके सामने जीवनयापन का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने अंचल पदाधिकारी को आवेदन देकर प्रशासन से उचित जांच कर जल्द से जल्द मुआवजा राशि दिलाने की अपील की है।

# मध्य विद्यालय शिवगंज डिहरी में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित, मेधावी छात्र सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मध्य विद्यालय शिवगंज, डिहरी में शिक्षा विभाग बिहार सरकार के निर्देशानुसार वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा 2026 के परिणाम 'प्रवेश से प्रगति तक' थीम के तहत उत्सवी माहौल में घोषित किए गए। इस अवसर पर आयोजित अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी में बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही और बच्चों की प्रगति पर खुशी देखी गई। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की जानकारी अभिभावकों को




चेतना सत्र एवं सोशल मीडिया के माध्यम से दी गई थी। विद्यालय को आकर्षक रूप से सजाकर रंगोली के साथ अभिभावकों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षिका चंचल द्विवेदी, प्रेमचंद प्रसाद, नरेश प्रसाद, मोनू गुप्ता, नसरीन तथा विद्यालय शिक्षा समिति की सचिव रीता देवी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# कैमूर वन अधिकार संघर्ष मोर्चा कैमूरांचल सांगठनिक कमेटी ने निकाला मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** कैमूर के पठारीय वन क्षेत्र में रह रहे आदिवासियों एवं अन्य वन निवासियों के परंपरागत एवं नैसर्गिक जीवन में आरएसएस, बीजेपी सरकार तथा उसके वन विभाग के बढ़ते हस्तक्षेप एवं कुल 58 आदिवासी बहुल गांव के उजाड़ कर बाघ अभ्यारण बनाने के विरुद्ध कैमूर वन अधिकार संघर्ष मोर्चा एवं ऑल इंडिया ट्राइबल फोरम ने संयुक्त रूप से 14 सूत्रीय मांगों को लेकर 31 मार्च 2026 मंगलवार को जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी के सासाराम कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन एवं




आंदोलन किया। कैमूर वन क्षेत्र से भारी संख्या में आदिवासियों एवं अन्य परंपरागत वन निवासियों ने हाथों में बैनर, झंडा, तख्ती, कुल्हाड़ी एवं तीर-धनुष लिए हुए दिन के 12 बजे रेलवे मैदान सासाराम से एक विशाल प्रदर्शन निकाला जो पुरानी जीटी रोड होते हुए जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी के कार्यालय के सामने जाकर सभा में तब्दील हो गया जिसकी अध्यक्षता एवं संचालन मोर्चा के अध्यक्ष धनंजय उरांव ने किया। इस मौके पर आदिवासी समुदाय के सांस्कृतिक कर्मियों ने अपने पारंपरिक वाद्य यंत्र की थाप पर लोक नृत्य किया और लोकगीत गाए। जल जंगल जमीन पर अधिकार हमारा है, कैमूर वन अधिकार संघर्ष मोर्चा ने ललकारा है के नारों से वातावरण गूंज उठा। सभा को संबोधित करते हुए मोर्चा के अध्यक्ष धनंजय उरांव ने कहा कि ब्रिटिश शासन काल में वन संपदा के लूट के लिए अंग्रेजों द्वारा बनाया गया वन विभाग आज भी हम आदिवासियों के साथ गुलामों जैसा बर्ताव करता है। आज हम अपने ही जंगल में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कैमूर वन क्षेत्र में कभी कोई बाघों का नामोनिशान नहीं था फिर भी 58 गांव को उजाड़ कर सरकार बाघ अभ्यारण बना रही है। इसके विरोध में आज हम डीएफओ साहब के कार्यालय पर आए हैं। इस मौके पर सभा को संबंधित करने वाले मुख्य वक्ताओं में मोर्चा के पूर्व संयोजक सुरेंद्र सिंह, सूरज उरांव, सुनील चेरो, पलटन चेरो, अनीता चेरो, कौशल्या चेरो, संजीव खरवार, बीरेंद्र उरांव, कमलेश उरांव, डोमा खरवार, आर्लेस चेरो, कामेश्वर उरांव, शिवराज उरांव, मोती उरांव, चंपा चेरो आदि मुख्य थे। मौके पर निम्न मांगो का ज्ञापन सौंपा गया।

# आइसीएसइ राजेंद्र विद्यालय में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव की धूम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** शहर के प्रतिष्ठित आईसीएसई राजेंद्र विद्यालय, महावीर स्थान में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन बड़े ही भव्य और उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में जूनियर विंग (नर्सरी से कक्षा पांच) के लिए 31 मार्च तथा सीनियर विंग के लिए 2 अप्रैल की तिथि निर्धारित है। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी सजावट, मधुर संगीत और बच्चों की उत्साहपूर्ण प्रस्तुतियों से गूंज उठा। वार्षिक परीक्षा के उपरांत पिछले दो सप्ताह से विद्यालय में इस आयोजन की तैयारियां पूरे जोश



और समर्पण के साथ चल रही थीं। विद्यार्थियों में कार्यक्रम को लेकर अपार उत्साह देखने को मिला। विशेषकर जूनियर विंग के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मासूमियत और आत्मविश्वास से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. किशोर कुमार आनंद (डिप्टी डायरेक्टर, माइनॉरिटी वेलफेयर, रोहतास), चेयरपर्सन गीता सिन्हा, निदेशक अंजनी सिन्हा, सचिव अमित प्रकाश एवं प्राचार्य नवेंदु विश्वास, अनामिका सिन्हा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना की भव्य प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मुख्य अतिथि डॉ. किशोर कुमार आनंद ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो समाज और राष्ट्र के विकास की दिशा तय करता है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी प्रतिभा को पहचानें, निरंतर प्रयास करें और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें। चेयरपर्सन गीता सिन्हा ने अपने विस्तृत और प्रेरणादायक भाषण में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार, अनुशासन और व्यक्तित्व का निर्माण करना है।

## स्व. उमा नाथ गोस्वामी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पीरो प्रखंड भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य स्व. उमा नाथ गोस्वामी की 11वीं पुण्यतिथि मंगलवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। डिहरी के तारबंगला स्थित उनके आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में परिजनों व ग्रामीणों ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यक्रम की शुरुआत उनके पुत्र प्रकाश गोस्वामी ने पुष्पांजलि अर्पित कर की। इस अवसर पर परिवार के अन्य सदस्यों ने भी उन्हें याद किया। वक्ताओं ने



स्व. गोस्वामी को सिद्धांतों पर अडिग, सादगीपूर्ण और जनसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व बताया। इस अवसर पर शीला गोस्वामी, खुशबू गोस्वामी, मुन्नी गोस्वामी, पूजा गोस्वामी, संगीता गोस्वामी, राजशेखर गोस्वामी, मोहित गोस्वामी, अभय मोहन गोस्वामी, कोमल, अनंता गोस्वामी एवं सृष्टि गोस्वामी सहित परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## गेहूं कटनी के दौरान आठ घंटे बिजली रहेगी बंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस (रोहतास)।** प्रखंड के विभिन्न हिस्सों में लगे गेहूं की फसल कटने को तैयार है। चिलचिलाती धूप व तेज पछुआ हवा के कारण बिजली की तारें आपस में टकराते रहती है। इस दौरान बिजली आपूर्ति बहाल रहने से अक्सर फसलों में आग लगने की प्रबल संभावना बनी रहती है। इसके बचाव के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। यह जानकारी विद्युत विभाग के एसडीओ अमन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से यह व्यवस्था लागू हो जाएगी और फिलहाल 15 अप्रैल तक जारी रहेगी।

## जयप्रकाश पांडेय बने कांग्रेस जिलाध्यक्ष

**सासाराम।** जयप्रकाश पांडेय को रोहतास जिला कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया है। जिसे लेकर कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मनोनयन का पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने बिहार में संगठनात्मक प्रदर्शन को मजबूत करने के लिए संगठनात्मक जिलों के पुनर्गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

# शिवगंज में मां काली व शायर माई का भव्य पूजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नवरात्रि पर्व पर शिवगंज में मां काली तथा शायर माई का पूजन बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ दिनेश सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुटिया मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया। पूजन कार्यक्रम के दौरान मनोहर बाबा, नरेश चौधरी, गंगा, नन्हकू, पच्चासी, बालदेव, बिनोद यादव, कईल मिस्त्री सहित कीर्तन मंडली के सदस्यों ने 'निमिया के डाढ़ मईया' सहित कई भजनों की प्रस्तुति दी जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर हो गया। गांव की महिलाओं और पुरुषों ने मां काली को बतासा, धूप-दीप, चुनरी, साड़ी और सिंदूर अर्पित कर पूजा-अर्चना की तथा सुख-समृद्धि की कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस आयोजन में ललन भगत ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया। पूजा के दौरान पुजारी दिनेश ने पीले वस्त्र धारण कर, हाथ में डाली और नीम की डाढ़ी लेकर गांव का भ्रमण किया और अंततः कुटिया मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई। इस भव्य आयोजन में शक्ति सिंह, राजू चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे जिससे पूरा माहौल श्रद्धा और उत्साह से भर गया।

# नीतीश कुमार ही तय करेंगे बिहार की राजनीति की दिशा, उत्तराधिकारी तय, घोषणा बाकी : बैरिस्टर सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों और विधान परिषद से त्यागपत्र के बाद के घटनाक्रम को लेकर वरीय अधिवक्ता एवं जदयू रोहतास के जिला प्रवक्ता बैरिस्टर सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बिहार की राजनीति में आज भी निर्णायक भूमिका मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ही है और भविष्य में भी सरकार उनके ही निर्देशन में बनेगी और चलेगी।

प्रवक्ता ने कहा कि चाहे कोई कितना भी ताकतवर क्यों न हो, नीतीश कुमार के राजनीतिक प्रभाव को खत्म नहीं किया जा सकता। उन्होंने दावा किया कि बिहार में अगला मुख्यमंत्री भी 'लव-कुश समीकरण' से आने वाला नेता ही होगा जिसे स्वयं नीतीश कुमार पसंद करेंगे। बीजेपी और आरएसएस को लेकर उठ रहे सवालों पर कड़ा प्रतिवाद करते हुए बैरिस्टर सिंह ने कहा कि कुछ लोग 'दिन में भी तारे देखने' जैसी बातें कर रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि बिहार में किसी अन्य विचारधारा के मुख्यमंत्री बनाने की बातें निराधार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नीतीश कुमार अपना उत्तराधिकारी पहले ही तय कर चुके हैं, सिर्फ उसकी औपचारिक घोषणा बाकी है। यह घोषणा कब होगी, इसका निर्णय स्वयं मुख्यमंत्री ही करेंगे। बैरिस्टर सिंह ने आगे कहा कि बिहार की राजनीतिक संरचना अन्य राज्यों से अलग है। यहां भाजपा सहयोगी के रूप में रहे तो यह उसके लिए भी बेहतर होगा और केंद्र की राजनीति में भी इसका सकारात्मक असर पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि बिहार में राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने की कोशिश किसी के लिए भी नुकसानदेह साबित हो सकती है।

प्रवक्ता ने नीतीश कुमार को 'पक्का लोहियावादी' बताते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा देश और राज्य के विकास के लिए समझौता किया है और गठबंधन की राजनीति को आगे बढ़ाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि बिहार में गठबंधन आगे भी मजबूती से चलता रहेगा क्योंकि यहां की जनता समाजवादी विचारधारा को प्राथमिकता देती है।

अंत में उन्होंने कहा कि बिहार की जनता अपने नेता के स्वस्थ और खुशहाल रहने की कामना करती है और राज्य के विकास की राह पर आगे बढ़ना चाहती है।

# जनकपुर फुलवारी प्रसंग पर भावपूर्ण प्रवचन

### राम-सीता मिलन की लीला से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित 72वां हनुमान चालीसा ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत सोमवार की रात जनकपुर फुलवारी प्रसंग पर भावपूर्ण प्रवचन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से पधारी मानस विदुषी शैल प्रिया पांडेय ने श्रद्धालुओं को रामायण के इस महत्वपूर्ण प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि श्री राम और लक्ष्मण, महर्षि विश्वामित्र के साथ जनकपुर (मिथिला) पहुंचते हैं। गुरु की आज्ञा लेकर जब वे नगर भ्रमण करते हुए एक सुंदर पुष्प वाटिका में प्रवेश करते हैं, उसी समय माता सीता अपनी सखियों के साथ गौरी पूजन के लिए वहां उपस्थित रहती हैं। इसी फुलवारी में राम और सीता की पहली भेंट होती है जहां दोनों एक-दूसरे के प्रति प्रेम से अभिभूत हो जाते हैं। कथावाचिका ने इस प्रसंग को रामायण का अत्यंत आकर्षक और भावनात्मक दृश्य बताते हुए कहा कि यह मिलन दिव्य और अलौकिक है जिसे रामलीलाओं में विशेष रूप से दर्शाया जाता है। इस दृश्य का वर्णन सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम में केश्वर सिंह, संजय सिंह बाला, आदित्य मोहन, नरेंद्र सिंह, अरुण कुमार, माधुरी पाठक, बेबी देवी, उषा देवी, रीता देवी, अशोक मिश्रा, अशोक वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा नोटिस**

**सं0-76 ऑफ 2025-26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू ।**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। **(1) कार्य का नाम एवं लोकेशन:** निविदा सं0-38-डीडीयू-व0म0 इंजी0-I-25-26 सहायक मंडल इंजीनियर/II/डीडीयू के अधीन ब्रिज सं0 677,697, और 698के लिए पी0एस0सी स्लैब और जैकेटिंग द्वारा प्लेट गर्डर को बदलना। **(2) कार्य का अनुमानित लागत:** रू0 102912418.09, **(3) धरोहर राशि :** 664600.00, **(4) ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 17.04.2026 को 12:00 बजे तक, **(5) बेवसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in**, नोट:- विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा ।

मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/2007/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/25-26/28


# आर एस के पब्लिक स्कूल में पीटीएम आयोजित

## छात्रों के शानदार प्रदर्शन से अभिभावक गदगद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बस्तीपुर स्थित आर एस के पब्लिक स्कूल में सत्र 2025-26 के अंतर्गत वार्षिक परीक्षा के बाद अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी (पीटीएम) का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा 12वीं तक के लगभग 2000 छात्रों में से 95 प्रतिशत से अधिक अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ भाग लिया। वार्षिक परीक्षा में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अधिकांश मेधावी छात्रों ने 100 प्रतिशत अंक हासिल किए जबकि 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 500 से अधिक रही जो विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है। विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह ने छात्रों की सफलता



पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें और उनके अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अभिभावक-शिक्षक संवाद ही बच्चों की सफलता का मूल आधार है और यही कारण है कि विद्यार्थियों का प्रदर्शन लगातार बेहतर हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान सत्र में डे-केयर के बच्चों ने भी शैक्षणिक रूप से सराहनीय प्रदर्शन किया है। साथ ही आगामी सत्र 2026-27 में आर एस के ट्यूटोरियल और आर डी के स्पोर्ट्स अकादमी की शुरुआत की जाएगी जिससे बच्चों के सर्वांगीण विकास को और मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने परीक्षा परिणाम पर खुशी जताते हुए विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। सफल छात्रों को स्कूल का नाम छपा कप देकर सम्मानित किया गया। अभिभावक गुड्डू पासवान ने विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था और बच्चों को प्रोत्साहित करने की पहल को सराहनीय बताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आर. एन. सिंह, प्रधानाचार्या प्रेमलता शर्मा, उप-प्रधानाचार्य रविशंकर श्रीवास्तव सहित सभी शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रोहतास की तेलकप ग्राम पंचायत ने कर दिखाया कमाल, देश में पाया दूसरा स्थान

### नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार से महिला मुखिया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** बिहार के रोहतास जिले की तेलकप ग्राम पंचायत को वर्ष 2025 के लिए नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार (राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार) के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ पंचायत श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर पंचायती राज विभाग के मंत्री दीपक प्रकाश ने ग्राम पंचायत की मुखिया अनीता टोप्पो को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राज्य की ग्राम पंचायतें महिला जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ रही हैं और विकास के नए आयाम स्थापित कर रही हैं।

**राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होना गर्व की बात: मंत्री**

उन्होंने कहा कि रोहतास जिले के रोहतास प्रखंड स्थित तेलकप ग्राम पंचायत द्वारा विकास की दिशा में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है जो बिहार के लिए गर्व का विषय है। यहां की जनप्रतिनिधि का कुशल नेतृत्व न केवल राज्य की बल्कि देश की अन्य ग्राम पंचायतों के लिए भी प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने की दिशा में पंचायती राज विभाग द्वारा किए जा रहे सतत प्रयासों का यह परिणाम है कि बिहार की पंचायतें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं। यह उपलब्धि राज्य की अन्य ग्राम पंचायतों को भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगी। राज्य के त्रि-स्तरीय पंचायत जनप्रतिनिधियों के क्षमता संवर्धन के लिए विभाग प्रतिबद्ध है। विभाग द्वारा नियमित रूप से राज्य के अंदर तथा बाहर प्रतिष्ठित संस्थाओं में पंचायत जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय चुनौतियों को समझने और प्रभावी नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जिससे पंचायतों की कार्यक्षमता और जवाबदेही में निरंतर सुधार हो रहा है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-38ए-25, दिनांक 26.03.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के लिए निविदा सं. **ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-38ए-25** के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व रेलवे के वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/1/हावड़ा के अधीन झील साइडिंग में लाइन नं. 16, 17, 18, 19 के विस्तार के संबंध में 25 केवी ओएचई कार्य एवं अन्य सहायक कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 1,26,14,529.46, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 2,13,100/-, **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 17.04.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। HWH-716/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# डीएम व एसपी ने किया मंडल कारा का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने मंडल कारा का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने जेल परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।





निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने जेल के विभिन्न वार्डों का भ्रमण किया, जहां बंदियों की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था और साफ-सफाई का विशेष रूप से निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही किचन का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता की स्थिति का मूल्यांकन किया गया। अधिकारियों ने सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि बंदियों को समय पर पौष्टिक और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाए। जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जेल परिसर स्थित पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया और बंदियों के लिए उपलब्ध अध्ययन सामग्री की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय को और समृद्ध किया जाए, ताकि बंदियों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।

इसके अलावा जेल अस्पताल का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने चिकित्सीय सुविधाओं को बेहतर बनाने और आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों ने विशेष सतर्कता बरतने को कहा। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया जाए।

इस निरीक्षण से जेल प्रशासन में सक्रियता बढ़ी है और उम्मीद जताई जा रही है कि व्यवस्थाओं में और सुधार होगा।

# राष्ट्रपति के आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम, सीमावर्ती चौक पर चौकसी रही तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)**। नालंदा विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर मंगलवार को पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। नवादा-नालंदा सीमा स्थित वनगंगा चौक पर विशेष सतर्कता बरती गई, जहां नारदीगंज थाना पुलिस और नालंदा पुलिस की संयुक्त तैनाती रही। चौक पर बैरिकेडिंग कर हर आने-जाने वाले वाहनों और लोगों की गहन जांच की गई। बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मुस्तैद दिखे। सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालते हुए नारदीगंज थाना के एसआई अभिषेक कुमार और एसआई अनिल कुमार के साथ अन्य पुलिसकर्मी तैनात रहे। वहीं नालंदा पुलिस की ओर से एसआई सतीश कुमार, एसआई मनीष कुमार निराला समेत कई अधिकारी सक्रिय रूप से ड्यूटी निभाते नजर आए। फोरलेन सड़क पर भी जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जिसमें महिला पुलिसकर्मियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की गई। सुरक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं को भी सतर्क रखा गया। सीएचसी नारदीगंज के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नवीन कुमार के नेतृत्व में एम्बुलेंस टीम गठित की गई, जिसमें डॉ. इरशाद हसन, लैब टेक्नीशियन जितेंद्र कुमार और एएनएम सुशीला कुमारी समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल रहे।



# बजरंग बली की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखण्ड के केवाली पंचायत अंतर्गत पशुपति विगहा गांव में बजरंगबली की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर पूरे गांव में भक्ति और उत्साह का माहौल है। श्रद्धा और विश्वास के साथ आयोजित इस कलश यात्रा में 101 महिलाओं एवं कन्याओं समेत सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कलश यात्रा पशुपति विगहा स्थित मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ शुरू हुई,जो पाण्डेय गंगौट गांव स्थित छठ घाट तालाब पहुंची। वहाँ विद्वान पंडित अजय पांडेय के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलभराई का कार्य संपन्न हुआ। इसके पश्चात यात्रा पुनः मंदिर परिसर वापस लौटी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय पैक्स अध्यक्ष सह प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि संजय यादव मौजूद रहे। उन्होंने इस धार्मिक आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में शांति और आपसी भाईचारा बढ़ता है। जलभराई के बाद मंदिर परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना की गई और 24 घंटे का रामधुनी अखंड कीर्तन शुरू किया गया। इस अनुष्ठान के मुख्य यजमान प्रमोद यादव हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह पूरा भव्य कार्यक्रम समस्त ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग से संपन्न कराया जा रहा है। अखंड कीर्तन की समाप्ति के बाद प्रसाद वितरण और भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय वार्ड सदस्य बिरेन्द्र यादव,पूर्व मुखिया उमेश यादव,विष्णुदेव प्रसाद यादव सहित काफी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण उपस्थित रहे।



# बाघी बरडीहा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष शीतल प्रसाद का निधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले के बाघी बरडीहा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष शीतल प्रसाद का निधन हो गया। वे पिछले कई महीनों से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज जारी था। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने इसे अपूरणीय क्षति बताया। शीतल प्रसाद अपने मिलनसार स्वभाव और सामाजिक कार्यों के लिए जाने जाते थे। पैक्स अध्यक्ष के रूप में उन्होंने पंचायत के किसानों और आम लोगों के हित में कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उनके नेतृत्व में कई योजनाओं का सफल संचालन हुआ, जिससे क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिला। उनके निधन से पंचायत को एक कुशल और लोकप्रिय जनप्रतिनिधि की कमी खलेगी। इस मौके पर राजीव सिन्हा, दाऊद खान, दिलीप पांडेय, ब्रजेन्द्र कुशवाहा, पूर्व विधायक प्रदीप महतो, अशोक महतो, रामबालक यादव और श्रवण कुशवाहा सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। सभी ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शीतल प्रसाद के निधन से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे समाज को गहरा आघात पहुंचा है। उनके योगदान और कार्यों को लंबे समय तक याद किया जाएगा।



# रामनवमी शोभायात्रा से पूर्व कौआकोल में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। रामनवमी के अवसर पर बुधवार को कौआकोल प्रखण्ड में प्रस्तावित शोभा यात्रा को लेकर शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने मंगलवार को फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर कौआकोल बाजार होते हुए जोगाचक-बीझो मार्ग से रानीबाजार तक गया और पुनः थाना पहुंचकर समाप्त हुआ। मार्च के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पूरे क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी गई,ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत नजर रखी जा सके। इस दौरान पकरीबरावां एसडीपीओ राकेश कुमार भाष्कर एवं थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने आम लोगों से शांति बनाए रखने और आपसी भाईचारे के साथ शोभा यात्रा को सफल बनाने की अपील की। मौके पर अपर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार,एसआई सुजाता कुमारी समेत थाना के पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।



## आज निकलेगी रामनवमी की भव्य शोभायात्रा

**कौआकोल**। कौआकोल में रामनवमी की भव्य शोभायात्रा आज यानि बुधवार को निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा जोरावरडीह से शुरू होकर कौआकोल बाजार होते हुए रानीबाजार सूर्य मंदिर पहुंचेगी,पुनः वहां से वापस बिझो मार्ग होते हुए जोगाचक गायत्री मंदिर के प्रांगण में जाकर समाप्त होगी। शोभायात्रा में रथ पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम माता सीता,वीरवर लक्ष्मण तथा हनुमान जी विराजमान होंगे। जुलूस में सनातनी कार्यकर्ताओं के द्वारा आकर्षक झांकी निकाले जाने को लेकर वृहद रूप से तैयारी की गई है। वहीं स्थानीय समाजसेवियों के द्वारा जगह जगह पर पानी,शर्बत,हलवा, फल आदि का भी प्रबंध किया गया है। शोभायात्रा के दरम्यान किसी प्रकार की व्यवधान उत्पन्न नहीं हो सके इसके लिए पुलिस प्रशासन भी अलर्ट मोड में है।

# न्यू जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखंड के आश्रम रोड स्थित न्यू जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल कौआकोल में मंगलवार को सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मुखिया डॉ० चन्द्रिका प्रसाद एवं विद्यालय के प्राचार्य घनश्याम प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से विद्यार्थियों के बीच रिपोर्ट कार्ड का वितरण भी किया गया। साथ ही कक्षा नर्सरी से आठवीं तक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी कक्षा के प्रथम एवं द्वितीय स्थान लाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य घनश्याम प्रसाद सहित सभी शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़कर समाज एवं राष्ट्र की सेवा करेंगे। कार्यक्रम में अभिभावकों की काफी संख्या में उपस्थिति रही।



# जिला में पहला स्थान प्राप्त करने वाले आनंद कुमार को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)**। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित माध्यमिक वार्षिक परीक्षा 2026 के टॉपर से मिलकर उन्हें शुभकामना देने का सिलसिला जारी है। मंगलवार के दिन कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति के सदस्यों ने प्रदेश में नौवां स्थान व जिला में पहला स्थान प्राप्त करने वाले आंनद कुमार के घर पहुंच फूल माला पहनाकर व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति के जिला अध्यक्ष सुबोध पंडित ने कहा कि आज समाज के एक होनहार छात्र ने प्रदेश में नौवां स्थान लाकर घर परिवार के साथ समाज का नाम रौशन किया है। वहीं टॉपर छात्र आनंद कुमार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और लगन से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने अभिभावक को भी बधाई दी और कहा कि बच्चों की इस सफलता में उनके मार्गदर्शन और सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने छात्र से उनके करियर के रुझानों और भविष्य के लक्ष्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। वहीं टॉपर के ममेरे भाई रजनीश कुमार ने भी मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने पर उससे भी सदस्यों ने फूल माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सुनील कुमार, चंडी प्रखंड अध्यक्ष कुंलदीप पंडित, अखिल कुम्भकार महासंघ के शशिसुमन कुमार शोधार्थी, ओमप्रकाश प्रकाश, सुजीत कुमार, प्रदुम्न कुमार, रोहित कुमार, सूरज कुमार, मुन्ना कुमार, शशि रंजन, गुलशन कुमार, राजीब कुमार, कपिल कुमार आदि उपस्थित थे।



# सर्वधर्म श्रद्धांजलि महासभा में शामिल हुए विभिन्न धर्मों के लोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद एवं सदर विधायक विभा देवी के छोटे सुपुत्र स्व अखिलेश कुमार के असामयिक निधन के उपरांत उनकी आत्मा की शांति हेतु मंगलवार को सर्वधर्म प्रार्थना सभा सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन पथरा इंग्लिश स्थित जेहल प्रसाद बीएड कॉलेज के सभा कक्ष में किया गया। इस प्रार्थना सभा में हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, जैन जैसे धर्मों के धर्मगुरुओं के अलावे प्रजापति ब्रह्मकुमारी, कबीरपंथ जैसे कई पंथों के गुरुओं ने भी हिस्सा लिया और अपने अपने प्रार्थना विधि से स्व अखिलेश कुमार को ईश्वर के श्री चरणों में स्थान देने की कामना की। इस शोकाकुल बेला में राजबल्लभ प्रसाद के हजारों शुभचिंतकों ने अखिलेश कुमार अमर रहे के नारे लगाए और उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पूर्व राजबल्लभ प्रसाद एवं उनकी धर्मपत्नी विभा देवी समेत स्व अखिलेश कुमार के शोक संतप्त परिवार ने नम आंखों से पुष्पांजलि अर्पित की और उनके अरमानों को मंजिल तक पहुंचाने की शपथ ली। सर्वधर्म प्रार्थना सभा का सफल प्रबंधन करते हुए एमएलसी अशोक कुमार ने कहा कि ईश्वर ने हमारे प्रिय भ्राता को हमसे छीन लिया है, किंतु उनकी यादें हमेशा के लिए हृदय पट पर छपी रहेगी। पिता राजबल्लभ प्रसाद ने अत्यंत भावुक होते हुए कहा कि अल्पायु में मेरे पुत्र की मौत से आहत जरूर हैं किंतु टूटे नहीं हैं। स्व अखिलेश की शेष आकांक्षाओं को पूरा करने की जिम्मेदारी मेरा लक्ष्य बन गया है। प्रार्थना स्थल पर देर शाम तक श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों का तांता लगा रहा जबकि पारंपरिक कर्मकांड के तहत ब्रह्मभोज का सिलसिला भी चलता रहा।





# प्रभाकर झा बने नवादा कांग्रेस जिलाध्यक्ष

**संगठन को मजबूत करना और जनता की आवाज को बुलंद करना मुख्य उद्देश्य**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। जिले में कांग्रेस पार्टी को नया नेतृत्व मिल गया है। पार्टी नेतृत्व ने प्रभाकर झा को नवादा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। जगह-जगह उन्हें बधाई देने का सिलसिला जारी है। प्रभाकर झा ने कम उम्र में ही कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी और संगठन के प्रति लगातार सक्रिय रहे हैं। वे पार्टी के विभिन्न इकाइयों में जिम्मेदारी निभाते हुए संगठन को मजबूत करने में योगदान देते रहे हैं। उनकी सक्रियता और संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। बताया जाता है कि प्रभाकर झा पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के करीबी माने जाते हैं, जिससे उनकी राजनीतिक पकड़ और भी मजबूत मानी जा रही है। उनकी नियुक्ति को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और उन्हें एक ऊर्जावान नेतृत्व के रूप में देखा जा रहा है।



बधाई देने वालों में कांग्रेस सेवा दल के विनोद कुमार पप्पु, इंटक सेल के जिलाध्यक्ष मनीष कुमार सहित कई कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हैं। सभी ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और संगठन को आगे बढ़ाने की उम्मीद जताई। इस मौके पर प्रभाकर झा ने कहा कि वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी सहित शीर्ष नेतृत्व द्वारा सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा और इमानदारी से निर्वहन करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और जनता की आवाज को बुलंद करना होगा।

प्रभाकर झा की नियुक्ति से नवादा कांग्रेस को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# बिहारशरीफ में शीतला मंदिर हादसे पर विधान पार्षद ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। दीपनगर थाना क्षेत्र स्थित मां शीतला मंदिर परिसर में हुए दर्दनाक हादसे में आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। इस घटना पर विधान पार्षद रीना यादव एवं पूर्व विधान पार्षद राजू यादव ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विधान परिषद प्रतिनिधि मोहम्मद एखलाक अहमद ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही विधान पार्षद रीना यादव एवं पूर्व विधान पार्षद राजू यादव के निर्देश पर वे बिहारशरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। वहां उन्होंने घायलों एवं मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और उनका हालचाल जाना। उन्होंने बताया कि मृतकों के आश्रितों को आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से 4-4 लाख रुपये तथा मुख्यमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये, यानी कुल 6-6 लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की गई है।

# स्वास्थ्य शिविर आयोजित, सैकड़ों मरीजों का हुआ इलाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां**। एसबीआई फाउंडेशन के अंतर्गत उत्थान शिक्षा समिति द्वारा संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील के तहत मंगलवार को धमौल बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के समीप स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के गांवों एवं बाजार क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग स्वास्थ्य जांच एवं उपचार के लिए पहुंचे। सुबह से ही मरीजों की लंबी कतारें देखी गईं। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर से स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उनके क्षेत्र में ही उपलब्ध हो जाती है। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय मुखिया रामरूप यादव, सरपंच इंद्रजीत सिन्हा, प्रोजेक्ट मैनेजर अखिलेश कुमार रॉय एवं समन्वयक संदीप कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। इस बीच अतिथियों को अंगवस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया गया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने वहां मौजूद चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से जानकारी प्राप्त की। शिविर में एमबीबीएस डॉ. अभिषेक आनंद, डॉ. गौरव कुमार, डॉ. शाहबाज सिद्दीकी एवं ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार की विशेष टीम ने मरीजों की जांच कर उपचार किया। इस दौरान सर्दी, खांसी, बुखार, आंख, नाक, कान एवं गले से संबंधित समस्याओं के अलावा सामान्य रोगों से पीड़ित मरीजों का इलाज किया गया। कई मरीजों की डायबिटीज, ब्लड प्रेशर एवं अन्य आवश्यक जांच भी की गई। चिकित्सकों ने जरूरतमंद मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया और आगे की जांच व उपचार के लिए सुझाव भी दिए। शिविर में सभी मरीजों के बीच निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। इससे लोगों को काफी राहत मिली। ग्रामीणों ने बताया कि मुफ्त जांच और दवा मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को काफी लाभ हुआ है।



इस अवसर पर डॉ. गौरव कुमार ने लोगों को विभिन्न रोगों के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और सही इलाज से कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता के महत्व पर भी प्रकाश डाला और लोगों को साफ-सफाई अपनाने, संतुलित आहार लेने तथा नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी। परियोजना समन्वयक संदीप कुमार पांडेय ने कहा कि एसबीआई फाउंडेशन एवं उत्थान शिक्षा समिति का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और ऐसे शिविरों का लाभ उठाने की अपील की।


मौके पर लैब टेक्नीशियन शुभम कुमार, फार्मासिस्ट गौतम कुमार, एएनएम संध्या कुमारी, भाजपा के प्रदेश सह संयोजक अविनाश कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता, आपूर्ति व्यवस्था पर प्रशासन की कड़ी निगरानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य एवं पर्याप्त है। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने बताया कि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और सभी गैस एजेंसियों को समयबद्ध व पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जमाखोरी, कालाबाजारी या कृत्रिम अभाव उत्पन्न करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी राज कुमार सिन्हा ने जानकारी दी कि एचपीसीएलके 2859, बीपीसीएल के 7037 तथा आइओसीएल के 1977 सिलेंडर उपलब्ध हैं। इस प्रकार कुल 11873 गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित है और डोर-स्टेप डिलीवरी के माध्यम से नियमित आपूर्ति जारी है। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। दूरभाष संख्या 06324-212122 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। अब तक प्राप्त 218 शिकायतों में से 192 का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि शेष प्रक्रियाधीन हैं।





प्रशासन ने जमाखोरी रोकने के लिए विभिन्न प्रखंडों में धावा दल गठित किए हैं, जो गैस एजेंसियों के गोदामों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी समस्या की स्थिति में नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

# अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में नवादा के अंजिष्णु राज को प्रथम स्थान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नवादा के प्रतिभाशाली युवा अंजिष्णु राज ने दिल्ली में आयोजित दूसरा स्किलक्राफ्ट अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट (1800 से नीचे) में शानदार प्रदर्शन करते हुए अनरेटेड श्रेणी में प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने कुल 9 राउंड में 6.5 अंक अर्जित कर यह उपलब्धि अपने नाम की और 50,000 का नकद पुरस्कार भी जीता।

अंजिष्णु राज ने यह सफलता बिलासपुर के एजीएम कोच वैभव सिंह वर्मा के कुशल प्रशिक्षण में हासिल की है। उनके मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास के दम पर अंजिष्णु ने प्रतियोगिता में कई मजबूत खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि से नवादा जिले का नाम रोशन हुआ है। पारिवारिक पृष्ठभूमि की बात करें तो अंजिष्णु राज, नवादा के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. रघुनंदन के पोते और डॉ. विजय कुमार के पुत्र हैं। उनके चाचा संजय कुमार, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. अजय कुमार तथा भाई डॉ. आनंद मोहन ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# 55 करोड़ रुपये की सीसीटीवी एवं ट्रैफिक लाइट लगाने की योजना स्वीकृत : डा. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गयाजी।** शहर में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं यातायात व आवागमन सुगम करने हेतु बिहार सरकार के तत्कालीन सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार के प्रयास से बिहार सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 55 करोड़ रुपये की लागत से सीसीटीवी कैमरे लगाने एवं ट्रैफिक लाइट लगाने जाने की बहुप्रतीक्षित योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह योजना वर्षों से व्यापारी वर्ग, सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों एवं आम नागरिकों की मांग रही है। इसके अंतर्गत शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने हैं तथा गया नगर निगम परिसर में सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। किन्तु अत्यंत खेद का विषय है कि गया नगर निगम के कुछ चुने हुए जनप्रतिनिधियों द्वारा इस जनहितकारी योजना का समर्थन करने के बजाय इसका विरोध किया जा रहा है तथा इसे रुकवाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी, गया जिला ने इस विकास कार्य को रोकने के प्रयासों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे गया जी की जनता के हितों के साथ अन्याय बताया है। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, सुनील कुमार सिन्हा, निकिता रजक, अजय कुमार तनी, जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, अशोक कुमार, विनोद कुमार सिंह, जिला मंत्री नीरज निश्चल उर्फ मुनीलाल, विकी शर्मा मंडल अध्यक्ष धनंजय कुमार धीरू, मनीष कुमार सोनू, हरि यादव, राजेश मस्तान, गुंजन मिश्रा, सूरज राणा, किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभू यादव, जिला व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक ऋषि लोहानी, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष करुणा सिंह एवं ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष कृष्णा साहू, राजनंदन प्रसाद गांधी, सुधीर कुमार सिन्हा, पवन कुमार संजय रविदास सहित अन्य नेताओं ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि अब जब गया शहर के हित में एक महत्वपूर्ण एवं आधुनिक योजना लागू की जा रही है, तब उसका विरोध करना यह दर्शाता है कि कुछ जनप्रतिनिधियों की मंशा विकास कार्यों को बाधित करने की रही है। गया शहर के चैम्बर आफ कॉमर्स साहित अन्य व्यापारी संगठनों, सामाजिक संगठनों एवं बुद्धिजीवी वर्गों में इस विरोधात्मक रवैये के प्रति गहरा आक्रोश है। सभी वर्गों ने एक स्वर में मांग की है कि सीसीटीवी कैमरा योजना को शीघ्र पूर्ण किया जाए जिससे शहर में सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को मजबूती मिल सके। भाजपा गया जिला ने राज्य सरकार एवं जिलाधिकारी की से मांग की है कि इस महत्वपूर्ण योजना को बिना किसी बाधा के शीघ्र पूरा कराया जाए तथा विकास कार्यों में अवरोध उत्पन्न करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# गयाजी में 281 पेंशनभोगियों की रुकी पेंशन होगी जारी: डीएम

## कार्रवाई के दिए निर्देश, 281 लाभार्थियों को मिली राहत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 281 लाभार्थियों को राहत मिली है। तकनीकी गलती के कारण लंबे समय से रुकी हुई उनकी पेंशन अब फिर से शुरू की जाएगी। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने आज इस संबंध में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अलग-अलग प्रखंडों में कुल 281 पेंशनभोगियों की पेंशन किसी न किसी तकनीकी गलती के कारण बाधित हो गई थी। इनमें इमामगंज के 37, खिजरसराय के 11, वजीरगंज के 48, बोधगया के 15, गुरुआ के 21, बांकेबाजार के 20, शेरघाटी के 29, नगर क्षेत्र के 13, बाराचट्टी के 22, अतरी के 5, मोहनपुर के 15, टनकुप्पा के 2, गुरारू के 9, डोभी के 22, कोंच के 4 और परैया के 8 लाभार्थी शामिल हैं। जिलाधिकारी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग को तत्काल निर्देश दिए। उन्होंने सभी लंबित मामलों में गलती सुधार कर पेंशन को अविलंब चालू कराने को कहा है। प्रशासन ने इस दिशा में तेजी से काम शुरू कर दिया है, ताकि लाभार्थियों को अब और परेशानी न हो। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि पेंशन फिर से चालू होते ही सभी लाभार्थियों को उनकी पहले से रुकी हुई पूरी पेंशन राशि एकमुश्त उनके बैंक खातों में भेज दी जाएगी। सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भुगतान डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) प्रणाली के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में किया जाता है जिससे पारदर्शिता बनी रहती है।

# विधानसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तथा विदेश मंत्री एस. जयशंकर का किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मोक्ष ज्ञान एवं मां मंगला गौरी की पावन भूमि गया में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तथा विदेश मंत्री एस. जयशंकर का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह गया की पवित्र धरती के लिए गौरव का विषय है कि देश की राष्ट्रपति एवं विदेश मंत्री का आगमन यहां हुआ। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति का कार्यक्रम नालंदा विश्वविद्यालय में प्रस्तावित था जिस क्रम में गया आगमन पर उनका स्वागत करने का सुअवसर प्राप्त हुआ। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि इस प्रकार के उच्चस्तरीय आगमन से बिहार की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक गरिमा को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलती है। उन्होंने गया की धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि सदैव से विश्व को शांति, ज्ञान और अध्यात्म का संदेश देती रही है। अंत में डॉ. प्रेम कुमार ने राष्ट्रपति एवं विदेश मंत्री के सफल एवं मंगलमय प्रवास की कामना की।

# फेब्रिकेटेड टॉयलेट के रख-रखाव में अनियमितता, नगर निगम ने दिए जांच के आदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गया में आम जनता की सुविधा के लिए लगाए गए बायो और फेब्रिकेटेड टॉयलेट के रखरखाव में अनियमितता सामने आई है। आरोप है कि कई स्थानों पर टॉयलेट बंद होने के बावजूद उनके रखरखाव और सफाई के नाम पर हर महीने लाखों रुपये का भुगतान एक एजेंसी को किया जा रहा है। नगर आयुक्त कुमार अभिषेक पलासिया ने कहा कि नगर निगम की ओर से केवल सार्वजनिक स्थानों पर स्थित टॉयलेट के रखरखाव का भुगतान किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी बंद या निजी परिसर में भुगतान का कोई प्रावधान नहीं है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मामले की जांच कराई जाएगी और यदि बिना उपयोग के भुगतान पाया गया तो संबंधित एजेंसी से राशि की वसूली के साथ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह मामला नगर निगम की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा करता है। यदि बंद परिसरों में भी नियमित भुगतान हो रहा है तो यह स्पष्ट है कि न तो फील्ड स्तर पर निरीक्षण हो रहा है और न ही भुगतान से पहले सत्यापन की कोई प्रभावी व्यवस्था है। इससे न केवल सरकारी खजाने को नुकसान हो रहा है, बल्कि आम जनता की सुविधाएं भी प्रभावित हो रही हैं।

विष्णुपद थाना परिसर 13 जनवरी 2025 को नई बिल्डिंग में स्थानांतरित हो चुका है और इसकी पुरानी इमारत पिछले एक साल से बंद पड़ी है। इसके बावजूद, वहां स्थापित दो फेब्रिकेटेड टॉयलेट के लिए नगर निगम हर महीने 36,312 रुपये का भुगतान कर रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस बंद परिसर में कोई सफाईकर्मी नहीं आता जिससे यह स्पष्ट होता है कि भुगतान केवल कागजों पर किया जा रहा है। नगर निगम ने शहर के 80 स्थानों पर कुल 67 फेब्रिकेटेड और 13 बायो-टॉयलेट लगाए गए थे। इन टॉयलेट के रखरखाव पर प्रति यूनिट प्रति माह 18,166 रुपये का खर्च दिखाया जा रहा है। इस गणना के अनुसार कुल सालाना खर्च लगभग 1.74 करोड़ रुपये तक पहुंचता है। हालांकि जमीनी हकीकत इससे अलग है। कई स्थानों पर न तो नियमित सफाई हो रही है और न ही इन टॉयलेट के लिए कोई कर्मचारी तैनात है। स्थानीय पार्षदों और नागरिकों ने निगम प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

# सालों से बंद पड़े गोदाम में लगी आग


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गयाजी।** आज सालों से बंद पड़े एक गोदाम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते गोदाम से धुआं और लपटें उठने लगीं। आसपास के ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। घटना मेडिकल थाना क्षेत्र के खटकाचक नैली स्थित मध्य विद्यालय के पास की है। आग लगने की वजह की जांच पड़ताल की जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि बीड़ी सिगरेट पीने वाले किसी व्यक्ति ने माचिस की तिल्ली गोदाम में फेंका होगा जिसके बाद गोदाम में आग लगी होगी। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। राहत की बात रही कि समय रहते आग बुझा दी गई जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। आसपास के खेतों तक आग की लपटें नहीं पहुंची, नहीं तो किसानों को भी बड़ा नुकासान उठाना पड़ता। स्थानीय सन्तोष सिंह ने बताया कि यह गोदाम कई सालों से बंद पड़ा था और अब पूरी तरह खंडहर में तब्दील हो चुका था। इस गोदाम के मालिक पर भी वर्षों से नजर नहीं पड़ी है। इसी खंडहर में अचानक आग की लपटें उठती दिखीं जिसके बाद लोगों ने तुरंत प्रशासन को सूचना दी। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। आशंका जताई जा रही है कि गोदाम में जमा कचरा या सूखी सामग्री के कारण आग भड़की हो सकती है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# प्रखंड टॉपर अभिनन्द राज को पंचायत समिति सदस्य ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** कोराप पंचायत अंतर्गत ग्राम दौरमा निवासी हरेंद्र रजक के पुत्र अभिनन्द राज ने मैट्रिक परीक्षा में 468 अंक प्राप्त कर प्रखंड में प्रथम स्थान हासिल किया है। वह उत्क्रमित हाई स्कूल, अंगरा के छात्र हैं। अभिनन्द के पिता मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। माता प्रभा देवी गृहिणी हैं। संसाधनों के बावजूद बेटे की इस सफलता से परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। मंगलवार को कोराप पंचायत समिति सदस्य रीता देवी ने अभिनन्द राज को डायरी, मेडल एवं कलम देकर सम्मानित किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में प्राप्त की गई सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस दौरान गांव के अन्य सफल विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें रौशन (पिता पिंटू यादव) 437 अंक, सत्यम सागर (पिता फेंकन रजक) 429 अंक एवं चंदन (पिता धर्मेंद्र यादव) 415 अंक शामिल हैं। सभी छात्रों को मेडल व शैक्षणिक सामग्री देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य के पति ध्रुवेश यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# एनबीडब्ल्यू में तीन गिरफ्तार, गए जेल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना पुलिस ने न्यायालय से निर्गत एनबीडब्ल्यू के आलोक में कार्रवाई करते हुए तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे जानकारी देते हुए बताया कि टीआर-1128, जीआर-431/25 से संबंधित मामले में वारंटी जितनी देवी (पति- लालदेव चौधरी), लालदेव चौधरी (पिता- स्व. सुकन चौधरी) तथा महेंद्र चौधरी (पिता- लालदेव चौधरी), सभी निवासी महमूदपुर, थाना आंती, जिला गया को विधिवत गिरफ्तार कर थाना लाया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद तीनों को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए जेल रवाना कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# भगवान महावीर जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा, अहिंसा परमो धर्म का गूंजा नारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गयाजी।** शहर के जैन मंदिर से भगवान महावीर की जयंती को लेकर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें गाजे-बाजे के साथ हजारों की संख्या में जैन समाज के लोग शामिल हुए। शोभा यात्रा में शामिल लोग 'अहिंसा है परमो धर्म' का नारा भी लगा रहे थे। शोभायात्रा में जैन समाज की महिलाएं-पुरुष व बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए जिसे देखने के लिए सड़क के दोनों ओर लोगों की भीड़ लग गई। इस मौके पर स्थानीय श्रद्धालु राजन कुमार जैन ने बताया कि आज भगवान महावीर की जयंती है जिसे लेकर शोभायात्रा निकाली गई है। भगवान महावीर ने अहिंसा और शांति का संदेश दिया था। वर्तमान समय में उनके संदेशों को अपनाने की जरूरत है। आज कई देश एक दूसरे के साथ लड़ रहे हैं, ऐसे में अहिंसा का मार्ग अपनाकर ही विश्व में शांति लाई जा सकती है। वहीं स्थानीय महिला श्रद्धालु शिवानी जैन ने बताया कि भगवान महावीर की जयंती मनाई जा रही है जिससे हमलोग काफी खुश हैं। इस दौरान भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई है।

# सेवानिवृत्ति पर एएनएम व चिकित्सक को दी गई विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी के प्रांगण में मंगलवार को सेवानिवृत्ति के अवसर पर एएनएम जयमंत्री कुमारी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा शिव शंकर झा के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व उपाधीक्षक, अनुमंडलीय अस्पताल शेरघाटी डा. राजेंद्र प्रसाद, जिला मलेरिया पदाधिकारी डा एम. ई. हक सहित अस्पताल के चिकित्सक, एएनएम, कर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस मौके पर वक्ताओं ने दोनों के सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके योगदान को याद किया। जिला मलेरिया पदाधिकारी डा. एम. ई. हक ने कहा कि चिकित्सक अपने अनुभव के बल पर हमेशा सक्रिय और स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल नीतियों से नहीं बल्कि कर्मियों की नीयत से चलता है, इसलिए सभी को ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। सेवानिवृत्त प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. शिव शंकर झा ने कहा कि सेवा ही उनका धर्म रहा है और आगे भी क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम के समापन पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा अमित कुमार ने कहा कि अस्पताल एक मंदिर के समान है और हम सभी इसके पुजारी हैं।

# दो वारंटी गिरफ्तार, गए जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** न्यायालय द्वारा निर्गत गैर जमानती वारंट के आलोक में खिजरसराय थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपराधियों और फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई।

पकड़े गए वारंटियों की पहचान खैरा गांव के महेन्द्र मांझी, पिता- स्वर्गीय ब्रह्मलाली मांझी, उमेश मांझी, पिता-काली मांझी खिजरसराय थानाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों अभियुक्त काफी समय से न्यायालय द्वारा जारी वारंट के बावजूद फरार चल रहे थे। पुलिस ने गुप्त सूचना और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस मुस्तैदी से क्षेत्र के अपराधियों में हड़कंप है। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि फरार वारंटियों के खिलाफ पुलिस का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# आत्मनिर्भर भारत के लिए आत्मनिर्भर विश्वविद्यालय समय की आवश्यकता: कुलपति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का सफल कार्यान्वयन केवल पाठ्यक्रम एवं पाठ्यपुस्तकों के परिवर्तन से संभव नहीं है। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि छात्रों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने के लिए आत्मनिर्भर कैंपस विकसित किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में कृषि एवं पशुधन पर आधारित व्यावहारिक पठन-पाठन को प्राथमिकता दी जा रही है। मात्र पाठ्यक्रम में परिवर्तन एवं पाठ्यपुस्तकों का परिवर्तन राष्ट्र शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त नहीं है। बल्कि धरातल पर भारत की प्रकृति एवं संस्कृति से जुड़ने का सशक्त एवं सक्षम प्रयास एनईपी का एक आवश्यक अंग है। इसी को कार्यरूप देने के लिए विश्वविद्यालय ने पश्चिमी संस्कृति के विकृतियों से निपटने के लिए आत्मनिर्भर कैंपस को विकसित करने का संकल्प लिया है जिसके अंतर्गत कृषि एवं पशुधन पर आधारित व्यावहारिक पठन-पाठन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में गोवंश के साथ आरती एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ जन्मदिन मनाने का शुभारंभ किया गया है।उल्लेखनीय है दीप प्रज्ज्वलन जीवंतता एवं अज्ञानता से ज्ञान की ओर ले जाने का सूचक है। उक्त वक्तव्य दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने विश्वविद्यालय के त्रैमासिक न्यूज लेटर 'सीयूएसयू बी टाइम्स' अंक के विमोचन समारोह में कही।

# बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन लगभग तैयार, जाम से मिलेगी राहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य में सड़क कनेक्टिविटी को बढ़ाने के क्रम में महत्वपूर्ण परियोजना बख्तियारपुर-बाढ़-मोकामा पथ (एनएच-31 से जुड़ा मार्ग) के चौड़ीकरण का कार्य जल्द पूरा किया जाएगा। इसके बाद करीब 45 किलोमीटर की दूरी तय करना वाहनों के लिए काफी आसान होगा। पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पथ के चौड़ीकरण का काम अंतिम चरण में है। इसे यात्रियों के आवागमन के लिए जल्द खोल दिया जाएगा। राज्य में सड़क अवसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में पथ निर्माण विभाग बख्तियारपुर-बाढ़-मोकामा पथ (एनएच-31 से जुड़ा लिंक पथ) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य कर रहा है। यह पथ करजान (बख्तियारपुर ताजपुर पुल) अथमलगोला से शुरू होकर बाढ़, पंडारक मोड़, शिवनार, मोकामा और फिर यहां से मोकामा बाजार होकर बाटा चौक तक जाता है। पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल का कहना है कि लिंक पथ के चौड़ीकरण कार्य के बाद आसपास के क्षेत्रों का जुड़ाव राजमार्ग और राष्ट्रीय राजमार्ग से आसान होगा। एनएच-31 के जाम की समस्या से स्थाई तौर पर छुटकारा मिलेगा।

# सीयूएसबी के 5 छात्रों ने लहराया परचम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के 5 छात्रों ने गेट-2026 की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। फिजिक्स विभाग की छात्रा रितिका ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 800 हासिल की है। सूर्यबार्ता साहा ने 975वीं रैंक, पुष्पक बनर्जी को 1376, अभिषेक तिवारी को 1610 और सुबोध कुमार को 2590वीं रैंक मिली है। इस सफलता को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह और कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी। कुलपति ने साफ कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत के साथ-साथ शिक्षकों की बेहतर मेंटरशिप का भी परिणाम है। शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए इसे टीम वर्क की सफलता बताया। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क पदाधिकारी मुदस्सीर आलम, फिजिक्स विभाग के अध्यक्ष प्रो. बुधेंद्र कुमार सिंह समेत सभी शिक्षकों ने छात्रों के प्रदर्शन पर गर्व जताया है। विभाग के प्रो. वेंकटेश सिंह, प्रो. विजय राज सिंह, डॉ. अखिलानंद कुमार, डॉ. रोहित रंजन शाही, डॉ. नितिन चंद्रा, डॉ. लखविंदर सिंह और डॉ. पुनीत मिश्रा ने छात्रों की मेहनत और लगन की सराहना की। गौर करने वाली बात यह भी है कि इस बार सीयूएसबी के 50 से ज्यादा छात्रों ने गेट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में सफलता हासिल की है। इससे यह साफ है कि विश्वविद्यालय का अकादमिक माहौल लगातार बेहतर हो रहा है और यहां के छात्र बड़े स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं।

# गयाजी में हाइवा ने युवक को कुचला, अस्पताल में मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** सड़क हादसे में 35 साल के युवक की मौत हो गई। यह घटना आज चंदौती थाना क्षेत्र के गया-पंचानपुर मुख्य सड़क मार्ग पर कोसमा गांव के पास हुई। मृतक की पहचान पंचानपुर थाना अंतर्गत दरियापुर गांव निवासी अजय यादव के रूप में की गई है। अजय यादव अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी से गया शहर से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान कोसमा गांव के पास उन्होंने सड़क किनारे अपनी गाड़ी रोकी और किसी से फोन पर बात करने लगे। तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात हाइवा गाड़ी ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और कुचलते हुए आगे बढ़ गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से अजय यादव को गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया। उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# प्रिंस पब्लिक हाई स्कूल का मैट्रिक में शानदार प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखंड के काजी बिगहा स्थित प्रिंस पब्लिक हाई स्कूल ने इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। विद्यालय के छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त कर स्कूल का मान बढ़ाया है। विद्यालय के निदेशक डॉ. रामाशीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम सिमरहुआ निवासी रामध्यान यादव के पुत्र सौरव कुमार ने 467 अंक (93.4 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं ग्राम कठौतिया निवासी सुमिंद्र यादव के पुत्र आशुतोष कुमार ने 463 अंक (92.6 प्रतिशत) के साथ द्वितीय तथा ग्राम कठौतिया निवासी अजीत उर्फ गुड्डू यादव की पुत्री रिशु कुमारी ने 452 अंक (90.4 प्रतिशत) लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ. कुमार ने बताया कि विद्यालय के कुल 85 छात्रों ने उत्क्रमित हाई स्कूल, काबर से मैट्रिक परीक्षा का फॉर्म भरा था। सभी छात्र सफल रहे जिनमें 50 छात्र प्रथम श्रेणी, 30 छात्र द्वितीय श्रेणी तथा 5 छात्र तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय परिवार ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपित की ओर से नीचे उल्लिखित काय के लिए ई–निवदा आमंत्रित की जाती है:– **(1) ई निविदा सं०: पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन डीओएस–06 दो पैकेट प्रणाली में, (2) कार्य का नाम:** DDU बाईपास लाइन (2.666 KM) के लिए ईस्ट आउटर केबिन (EOC) और फ्लाई ओवर केबिन (FOC) के बीच नई B.G. लाइन का निर्माण।, **(3) कार्य की अनुमानित लागत (रू०)** : 11,58,07,656.86 **(4) बोली प्रतिभूति (रू०)** : 23,16,200.00, **(5) कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 06 (छ:) माह, **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 18.04.2026 को 13.00 बजे। कोई भी ई–टेंडर जो डाक/कूरियर/फैक्स या हाथ से भेजा जाएगा, उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। टेंडर जमा करने के ऐसे सभी मैनुअल तरीके, भले ही वे फर्म के लेटर पैड पर हों या समय पर प्राप्त हुए हों, स्वीकार नहीं किए जाएंगे। ऊपर दिया गया ई–टेंडर दस्तावेज, पूरी जानकारी के साथ, वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **नोट:** टेंडर नोटिस में कोई भी विसंगति पाए जाने पर, अंग्रेजी संस्करण को ही अंतिम माना जाएगा। टेंडर देने वालों से अनुरोध है कि वे इस ई–टेंडर से संबंधित नवीनतम शुद्धिपत्र/सुधार आदि के लिए, टेंडर बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम 15 दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर जाएं।

**उप मुख्य अभियंता (निर्माण)**
**पू० म० रेलवे, डेहरी ऑन सोन।**

पीआर/2010/कंस्ट्रक्शन डीओएस/सीओएनटी/टी/25–26/32

संपादकीय

# नेपाल : सकारात्मक संकेत

नेपाल के नए और युवा प्रधानमंत्री बालेन शाह द्वारा प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के समय जिस तरह हिंदू और बौद्ध पद्धति से स्वस्ति वाचन हुआ और नई कैबिनेट ने पहली ही बैठक में जेन जी आंदोलन को कुचलने वाले पूर्व प्रधानमंत्री के.पी.ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को गिरफ्तार किया गया, वह भारत के लिए सकारात्मक संकेत हैं। ओली कम्युनिस्ट हैं और चीन के घोर समर्थक हैं। उनका चीन की तरफ अत्यधिघक झुकाव नेपाली जनता को कभी पसंद नहीं आया। लेकिन लगता है कि बालेन शाह या तो भारत और चीन के संतुलन की नीति पर चलेंगे या फिर उनका हल्का झुकाव भारत की तरफ रहेगा। इसका एक कारण यह भी है कि बालेन नेपाल के पहले ऐसे पीएम हैं, जो तराई वाले मधेश प्रांत से आते हैं। मधेश भारत और नेपाल के बीच तराई के प्रदेश को कहते हैं, यहीं के ज्यादातर लोगों के भारत के साथ रोटी-बेटी के रिश्ते हैं। जिसे चीन समर्थक तत्वों ने अनावश्यक रूप से बिगाड़ने की कोशिश की। बहरहाल नेपाल में बालेन शाह सरकार अब पूरी तरह एक्शन में है। शाह की सरकार में सभी युवा चेहरे हैं, जो नया नेपाल बनाना चाहते हैं। पिछले साल देश के पुराने और भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ जेन जी ने हिसंक आंदोलन कर सरकार गिरा दी थी। इस आंदोलन को दबाने के लिए सरकार ने भी दमन के सहारा लेने की कोशिश की थी। जिसकी जांच के आयोग ने की थी। हालांकि यह रिपोर्ट अभी सार्वजनिक नहीं की गई है, लेकिन बालेन सरकार ने उसी के अनुपालन में ये गिरफ्तारियां की हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार इन दोनों को 'जांच आयोग की रिपोर्ट को लागू करने के मंत्रिपरिषद के फ़ैसले के अनुसार' गिरफ़्तार किया गया। गौरतलब है कि यह जांच रिपोर्ट गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता वाले आयोग ने सुशीला कार्की के नेतृत्व वाली पिछली सरकार को सौंपी थी। माना जा रहा है कि रिपोर्ट में तत्कालीन सरकार और सुरक्षा एजेंसियों के उच्च पदस्थ अधिकारियों के ख़िलाफ़ विभिन्न कार्रवाइयों की सिफ़ारिश की गई थी। गिरफ्तारी के बाद ओली और लेखक के खिलाफ प्रक्रिया नियमों के अनुसार चलाई जाएगी। ओली को भक्तपुर से और लेखक को भक्तपुर के ही कटुंजे स्थित उनके आवास से गिरफ़्तार किया गया। बताया जाता है कि इन दोनों के आदेश पर ही पुलिस और सेना ने आंदोलनकारियों पर गोलियां चलाई थीं, जिसमें 77 लोग मारे गए थे और सम्पत्ति का भारी नुकसान हुआ था। हालांकि ओली ने इस जांच रिपोर्ट को पहले ही खारिज कर दिया था। उधर सीपीएन-यूएमएल नेता महेश बरतौला ने कहा है कि वे ओली की गिरफ़्तारी के खिलाफ़ 'कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने इसे राजनीतिक रूप से यह एक बेहद दुखद और बदले की कार्रवाई बताया है। इससे देश में अस्थिरता पैदा हो सकती है। जहां तक भारत का सम्बन्ध है तो पूर्व पीएम के.पी.शर्मा ओली के कार्यकाल में भारत नेपाल के रिश्तों में खटास आ गई थी। ओली साफ तौर पर चीन के इशारे पर काम कर रहे थे। यह शायद नेपाली जनता को भी पसंद नहीं आया। दूसरे देश के गैर मधेशी नेतृत्व ने नए संविधान में तराई में रहने वाले मधेशियों के अधिकारों को अनदेखा करने की लगातार कोशिश की। इस रवैये पर भारत ने भी निजी बातचीत में चिंता जाहिर की थी। इस बीच ओली की गिरफ्तारी जिन आरोपों में की गई है, वो अगर कोर्ट में टिकते हैं तो नेपाली कानून के तहत उन्हें 15 साल की जेल भी हो सकती है। दूसरे, कई पुराने नेताओं के हाशिए पर जाने से नेपाल में कम्युनिस्ट आंदोलन कमजोर पड़ सकता है। ऐसे में चीन की भूमिका नई सरकार के प्रति क्या रहेगी, यह देखने की बात है।

# हंसमुख होना और प्रसन्न करना ही श्रेष्ठ संस्कृति

**वैसे तो दुनिया इसकी रचना करने वाले की ही सर्वश्रेष्ठ कृति है। शायद दुनिया के आरंभ होने से ही किसी न किसी रूप में कला रही होगी। हालांकि इसके भौतिक प्रमाण पिछले कुछ हजार वर्षों के ही मिलते हैं जो विभिन्न रूपों में आदिम युग के जमाने से उस दौर के उपयोगी उपकरण या हथियार के रूप में मिलते हैं, जब इंसान पत्थर लाठी और बाद में किन्हीं धातुओं का उपयोग कर शिकार करता रहा होगा। बाद के काल में प्राकृतिक सौंदर्य के साथ जीवन कलात्मक हुआ। इनमें मुख्यतः प्रकृति के चित्रण है। भारत के अनेक वन क्षेत्र या ग्रामों में घरों के ऊपर महिलाएं शेर का चित्र बनाती हैं इसका मतलब यही है कि व्यक्ति ने अपनी कलात्मकता का विकास अपने परिवेश के साथ किया है जहां तक उनकी भौगोलिक मानसिक पहुंच रही होगी वही तक उनकी कला पहुंची।**

**रघु ठाकुर**

भारत में भक्ति काल में मंदिरों के ऊपर या पहाड़ों पर कलाकृतियों का निर्माण हुआ और लोगों ने उन्हें ईश्वर का प्रतीक माना। नवाबी दौर में जो कलात्मक चित्र आदि बनाए गए वे आमतौर पर नवाबों की जीवनशैली के पर्याय थे, जिनमें महफिल, संगीत गाने वाली महिलाएं आदि थे। एक समय आया जब राम, कृष्ण, गणेश, हनुमान आदि का चित्र बनना शुरू हुआ। द्वापर युग में, या कहें कि महाभारत काल में कृष्ण कथाओं व साहित्य के केंद्रीय बिंदु के रूप में प्रस्तुत हुए। उनकी प्रतिमाएं, मंदिर, चित्र बने। कथाओं के आधार पर साहित्य रचना व सृजन प्रारंभ हुआ। फिर उन्हीं कथाओं के आधार पर नृत्य भजन आदि शुरू हुए। राम के जीवन का चित्रण मूर्तियों, चित्रों व साहित्य में शुरू हुआ। शिव भारत के शायद सबसे व्यापक और मूल भगवान हैं जो भारतीय भूभाग के प्राचीन व्यक्तियों के सबसे स्वीकृत ईश्वर रूप हैं। कृष्ण का क्षेत्र उत्तर भारत, पूर्वोत्तर और गुजरात का इलाका है। राम का क्षेत्र उत्तर भारत के साथ मध्य का इलाका भी रहा। शिव का क्षेत्र हिमालय से लेकर दक्षिण के समुद्र तक सबसे व्यापक रहा है। कर्नाटक के इलाके में जो लिंगायत पंथ शुरू हुआ वह शिव के मानने वालों का ही था। वे शिवलिंग धारण करते हैं।

शिव की पत्नी पार्वती के सती होने के बाद शिव का तांडव शुरू हुआ। उसके बाद ही शायद देश में नारी के ईश्वरीय स्वरूप की पूजा शुरू हुई। जहां-जहां पार्वती के अंग गिरे वहां शक्ति-केंद्र बने। पश्चिम से लेकर पूर्व तक शक्ति के रूप में महिलाओं की पूजा का काल उसी के बाद शुरू हुआ। दुर्गा, काली आदि को शक्ति का स्रोत मानकर उनकी पूजा शुरू हुई। भारत के इतिहास को अगर गहराई से देखें तो भारत में भी नस्लवादी संघर्ष रहा है। शंकर और पार्वती की शादी शायद पहली आर्य अनार्य की शादी थी। आर्यों ने उसे मन से स्वीकार नहीं किया। किंवदंतियों के अनुसार शिव को समारोह का निमंत्रण नहीं मिला था। उनके इनकार करने के बाद भी पार्वती गईं। वहां जब शिव के लिए अपमान जनक शब्द कहे गए तब उन्होंने आत्महत्या की। उसके बाद शिव का विद्रोह का तांडव हुआ। शिव की यह भी विशेषता है कि उन्होंने कभी भी संपत्ति या परिधान आदि को अपना लक्ष्य नहीं माना। उनकी वेशभूषा भारत के सामान्य या आदिजन जैसी है। वे अर्ध वस्त्रों में रहते हैं। अनेक जानवरों को अपने साथ रखते हैं, उनका वाहन नंदी है, उनके गले में सर्प है। शायद ये उस कालखंड की परिस्थितियां रही होंगी। सर्प इसका प्रतीक है कि इंसान व सर्प भी साथ-साथ सह जीवन में रह सकते हैं बस एक-दूसरे को चोट न पहुंचायें। शिव भारत में प्रकृति के साथ सहजीवन के प्रतीक हैं। हमारे देश के आदिम समाज ने शिव के प्रकृति प्रेम को अपने जीवन में उतारा।

कृष्ण राजा नहीं है परंतु आमजन के दिलों के राजा हैं। किवदंती के अनुसार उनका भी जन्म क्षत्रिय समाज में हुआ। वे राजा के बेटे थे, परंतु उनका पालन-पोषण पिछड़ी जाति के उस समय के पशुपालक यादव परिवार में हुआ था। उनके जीवन के घटनाक्रम वर्णन में पशुपालक जिंदगी के उनके समाज का मुख्य वर्णन है। महाभारत की लड़ाई संपत्ति की लड़ाई थी। रामायण की लड़ाई एक महिला के सम्मान की लड़ाई थी। ऐसे ही लड़ाई शिव की भी है। शिव ने अपनी पत्नी के सम्मान के लिए, राम ने पत्नी के सम्मान के लिए युद्ध किया। कृष्ण ने युद्ध में जीत हासिल की, परंतु राज दूसरों को दिया। केरल के राजपरिवार के लोग वर्मा उपनाम लिखते हैं। शायद वह कभी उत्तर भारत के रहे होंगे। इन्हें कृष्ण ने वहां का राज सौंपा था। इस राज परिवार की परंपरा रही है कि कृष्ण के नाम से ही राज करते हैं। कृष्ण के विभिन्न रूप हैं। उत्तर भारत के मथुरा के इलाके में एक नटखट बांसुरी वादक गाय चराने वाले के रूप में है। महाभारत के युद्ध में कृष्ण अर्जुन को गीता का उपदेश देने वाले उपदेशक हैं। मथुरा के झंझटों को छोड़कर गुजरात के कच्छ में भाग कर आकर बसने के कारण रणछोड़ के रूप में पूजे गए। ऐसे अन्य कई रूपों में इनके मंदिर मिलते हैं। देवियों की पूजा की परंपरा भी उत्तर से लेकर मध्य भारत में रही है। गुजरात में गरबा, उत्तर भारत में नवदुर्गा आदि में नाच प्रचलित है। दक्षिण के मंदिर में नारियों को देवदासी बनाकर रखने की परंपरा शुरू हुई। हालांकि यह आश्चर्यजनक है कि किसी मंदिर में बैठे ईश्वर किसी नारी को देवदासी रूप में क्या स्वीकार करेंगे? यह परंपरा कैसी है और क्यों शुरू हुई। यह भी खोज का विषय है। हालांकि दक्षिण के मंदिरों में नक्काशी और कला के सुंदर रूप मिलते हैं। दक्षिण के मंदिरों की नक्काशी मानवीय कला कौशल के उत्कृष्ट स्वरूप को प्रस्तुत करती है। विष्णु के वाहन के रूप में गरूण को चित्रित या उत्कीर्ण किया गया है। केरल के मंदिरों में हाथी भेंट करने की परंपरा रही। शायद हाथी उस अंचल के वनों में पाए जाते होंगे। शायद बंगाल के समुद्र तट तक हाथियों का आवागमन रहा होगा। देवियों के मंदिरों में आमतौर पर शेर बनाए जाते हैं, जो शक्ति का प्रतीक है। शंकर का वाहन नंदी या बैल है। इससे लगता है कि शिव कृषि पूर्व काल के देवता हैं। राम ,कृष्ण बाद के काल के देवता हैं। इंसान ने सदैव अपने आप को अभिव्यक्त करने के लिए अपने आत्मिक मानसिक जरूरत को पूरा करने के लिए कला साहित्य का सृजन किया और सहारा भी लिया। बाद में कलाओं के भिन्न-भिन्न प्रकार के रूप सामने आए, पाषाण काल चित्रकला आदि। कलाओं का जिक्र व्यक्ति के गुण के लिए भी हुआ। 64 कलाएं मानी गईं। उस दौर में समाज ने व्यक्ति के गुणों को ही कला में शामिल किया। प्रश्न उठता है कि कला है क्या? कला की परिभाषा क्या हो। मैं कला के क्षेत्र का न कोई जानकार या ज्ञाता हूं, न अध्येता। परंतु मुझे लगता है कि भारत में कला शब्द दो शब्दों से मिलकर बना कल और अनिवार्यता। मानव के लिए कल की अनिवार्यता। इंसान के जीवन में जन्म के बाद ही कला की आवश्यकता शुरू हो जाती है। भविष्य की आवश्यकता भी। बच्चों का जन्म होने के बाद उसे झुनझुना पकड़ाया जाता है, जिससे वह खेलता है। पहले पालने में घंटियां लटकाई जाती थीं। तत्कालीन संस्कृति के तौर तरीके जो उस समय के समाज के रहे होंगे कला उसका चित्रण करती है। पर क्या उसे संस्कृति माना जाए?

संस्कृति के बारे में विभिन्न प्रकार के मत हैं। कुछ लोग परंपरा को ही संस्कृति मानते हैं। अभी ऐसे लोगों की संख्या बढ़ रही है। कुछ लोग अतीत को संस्कृति मानते हैं। पाश्चात्य लोगों के लिए संस्कृति उनके तौर तरीकों का पर्याय रही है। कल्ट शब्दों से कल्चर शब्द आया होगा। परंतु इसका हिंदी अनुवाद एकदम समरूप नहीं लगता। भारत में संस्कृति को एक भिन्न रूप में देखा जाता है। रामधारी सिंह दिनकर ने संस्कृति के चार अध्याय में संस्कृति को विभिन्न धर्मों पंथों के रूप में देखा और वर्णित किया।

मैं समझता हूं कि धर्म या परंपरा संस्कृति नहीं है। संस्कृति का अर्थ है अतीत के अनुभव जो व्यापक समाज के लिए सत्य और आदर्श हों। युद्ध भले जीते जाएं, उन्हें मैं संस्कृति नहीं मानता। युद्ध संस्कृति कैसे हो सकते हैं। युद्ध एक अमानवीय व असांस्कृतिक प्रक्रिया है। संस्कृति और सभ्यता दोनों काफी नजदीक हैं। सभ्यता संस्कृति के द्वारा व्यक्त व अपनाए गए जीवन मूल्यों द्वारा वर्तमान समाज में सुधार की प्रक्रिया है। संस्कृति बीज है, सभ्यता उसका फल। इतिहास की घटनाओं के विश्लेषण कई प्रकार के हो सकते हैं, पर संस्कृति केवल अच्छाइयों को माना जाना चाहिए। संस्कृति का एक भाव समता मूलक कार्यों से समाज को बराबर बनाना है। ईश्वर के द्वारा निर्मित भौतिक और भावात्मक आधार संस्कृति है। पूजा पाठ की परंपराएं संस्कृति नहीं। संस्कृति तो समता के लक्ष्य को हासिल करना है। अनुभव सिद्ध जीवन मूल्य संस्कृति हैं जिसमें समान जीवन है। अवसर और कार्य समान हैं।

कलाएं व्यक्ति को न केवल इतिहास में ले जाती हैं बल्कि उसकी मानवता को उभारती हैं। जीत संस्कृति नहीं बल्कि युद्ध से विरत होना मानवीय संस्कृति है। कला और साहित्य दोनों जुड़वा बहनें हैं। एक उकेरी या चित्रित की जाती है, दूसरी शब्दों में वर्णित या लिखी जाती है। दोनों संस्कृति के मूल आधार है। जिनका लक्ष्य व्यक्ति को मानव बनाना है। समझ ज्ञान को विकसित कर उसे जीवन के तनावों और दृश्य, अदृश्य, चिंताओं से मुक्त कर, स्वतंत्र और संतुष्ट, खुश और हंसमुख बनाना है। खुश और हंसमुख में फर्क होता है। खुश व्यक्ति अकेले होता है, हंसमुख व्यक्ति हंसता भी है और दुनिया को हंसाता भी है। संस्कृति के इस रूप की खोज व प्रयोग अभी भी मानव में बकाया है।

कुछ लोग यह मानते हैं कि धर्म ग्रंथ संस्कृति हैं। मैं इस राय से इत्तेफाक नहीं रखता। मेरी राय में धर्मग्रंथों में कुछ दार्शनिक व कुछ जीवन के सिद्धांत या मूल्य होते हैं जो मानवता पर आधारित होते हैं। कुछ मार्गदर्शक सिद्धांत उनमें होते हैं। परंतु धर्मग्रंथों में सभी शब्द या पूरा का पूरा कई बार अनुकरण करने के लिए समसामयिक नहीं होता।

अध्यात्म

## बिना दुख कष्ट के कभी भी सफलता प्राप्त नहीं होती

एक बार एक प्रदेश में एक मूर्तिकार रहता था। वह मूर्तिकार पत्थरों से बहुत ही सुंदर मूर्तियां बनाया करता था। एक दिन उसने मूर्ति बनाने के लिए अच्छे पत्थर की खोज में जंगल जाने का सोचा। उसके अगले ही दिन वह मूर्तिकार अपने मूर्ति बनाने के औजरों के बक्से के साथ जंगल की ओर निकल पड़ा। जब वह जंगल के मध्य भाग में पहुंचा तो उसने एक पेड़ के नीचे एक बड़े सुन्दर पत्थर को देखा। मूर्तिकार को वह पत्थर मूर्ति बनाने के लिए सही लगा। उसके बाद मूर्तिकार ने अपने औजारों को बक्से से निकाल लिया और उसने उस पत्थर के ऊपर औजारों से ठोक-ठोक कर मूर्ति बनाना शुरू किया। जैसे ही मूर्तिकार ने उस पत्थर पर ठोकना शुरू किया, वह पत्थर जोर-जोर से चिल्लाने लगा और वह बोलने लगा ठोकना बंद करो - मुझे बहुत ही दर्द हो रहा है। यह देख कर मूर्तिकार रुक गया और उस पत्थर से मूर्ति बनाए बिना दूसरे पत्थर की खोज में आगे निकल पड़ा। कुछ दूर जाने के बाद मूर्तिकार ने दोबारा एक सुंदर पत्थर को देखा। पत्थर को देखने के बाद दोबारा मूर्तिकार ने अपने औजारों का बक्सा खोला, औजार निकाले और उस पत्थर पर भी ठोक-ठोक कर मूर्ति बनाना शुरू किया। जैसे ही उस मूर्तिकार ने मूर्ति बनाना शुरू किया उस पत्थर को भी दर्द हुआ परंतु उसने उस दर्द को सह लिया और वह मूर्तिकार एक सुंदर भगवान की मूर्ति बनाने में सफल हुआ। मूर्ति बनाते-बनाते रात हो चुकी थी इसलिए मूर्तिकार पास के एक गांव में रात गुजारने के लिए चले गया। जब सुबह हुआ तो उसने देखा कि वहां एक सुंदर सा देवी माँ का मंदिर बनाया गया है और मंदिर के बाहर बहुत सारे लोग बातचीत कर रहे हैं। तभी वह मूर्तिकार उस गांव के एक व्यक्ति से पूछता है - क्यों भाई मंदिर के बाहर इतना भीड़ क्यों है? वउस व्यक्ति ने उत्तर दिया कि मंदिर तो बन चूका है परंतु मूर्ति कहां से लाया जाए उसके बारे में यहां चर्चा चल रहा है। तभी मूर्तिकार उस गांव के सरपंच से मिलता हैं और बताता है कि उसने पिछले ही दिन एक देवी माँ का सुंदर सा मूर्ति बनाया है और अगर गांव वाले चाहे तो उस देवी मां की मूर्ति को अपने मंदिर में स्थापित कर सकते हैं। सरपंच और गांव वाले मूर्तिकार की बात से बहुत ही खुश हुए और उन्होंने जंगल से उस मूर्ति को लाकर अपने गांव के मंदिर में स्थापित किया। सभी लोग बहुत खुश थे परंतु उसी समय सरपंच के मन में एक सवाल उत्पन्न होता है की नारियल फोड़ने के लिए भी एक पत्थर की आवश्यकता है। यह सुनते ही मूर्तिकार सरपंच को बताता है की जंगल के दूसरी ओर पेड़ के नीचे एक और पत्थर रखा है जिसे आप चाहो तो नारियल फोड़ने के लिए मंदिर में रख सकते हैं। यह सुनने के बाद गांव वाले जंगल में गए और वहां से वह पहला पत्थर भी उठा लाए। उसी दिन से उस मंदिर में मूर्तिकार द्वारा बनाए गए देवी मां मूर्ति की पूजा होने लगी और दूसरी ओर उस पहले पत्थर पर सभी लोग पुजा के लिए लाए हुए नारियल को फोड़ने लगे। उस पत्थर को अब हर दिन नारियल फोड़ने के दर्द को सहना पड़ता था। उस पत्थर ने देवी मां के मूर्ति को दुखी हो कर कहा - तुम्हारी किस्मत कितनी अच्छी है कि लोग तुम्हें पूज रहे हैं और मेरे ऊपर सभी लोग नारियल फोड़ रहे हैं। तभी देवी मां वाले पत्थर की मूर्ति ने जवाब दिया- मैं भी तुम्हारे जैसे एक पत्थर ही थी लेकिन मैंने मूर्तिकार के द्वारा मूर्ति बनाते समय सभी दुख कष्ट को सहन कर लिया और आज मैं इस जगह पर हूँ। उस पहले वाले पत्थर को अपनी गलती का एहसास हुआ पर अब बहुत देर हो चुकी थी।

# इजरायल-ईरान संघर्ष : भारत की नीति कितनी प्रभावी

**ईरान के संवैधानिक मान्यता प्राप्त पद सर्वोच्च नेता ''अली खामेनेई'' जो सिर्फ ईरान के ही नहीं बल्कि शिया संप्रदाय के विश्व के सर्वोच्च धार्मिक नेता हैं, की हत्या की भर्त्सना किए बिना, उन्हे श्रद्धांजलि दिये बिना, ईरान के ''घाव'' शायद ही भरें। ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध में भारत की ओर से दो सबसे महत्वपूर्ण त्रुटियां हुईं लगती हैं। प्रथम युद्ध की आशंकाओं के चलते सैन्य आक्रमण प्रारंभ होने के 48 घंटे पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दौरा भी सवालिया निशान साबित हो रहा है। आखिर हमारी खुफिया एजेंसीज इस स्थिति का आकलन करने में क्या असफल रही थीं? आज आवश्यकता है, एक ऐसी संतुलित, साहसिक और स्पष्ट नीति की, जो न केवल भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे, बल्कि वैश्विक शांति में भी भारत की प्रमुख, महत्वपूर्ण रचनात्मक भूमिका हो। दुर्भाग्यवश यह भूमिका पाकिस्तान के हाथों में जा रही है जो हमारी विदेश नीति पर एक प्रश्नचिन्ह है।**

**राजीव खंडेलवाल**

मध्य-पूर्व एक बार फिर वैश्विक अस्थिरता के केंद्र में है। जब ओमान की मध्यस्थता में अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु कार्यक्रम पर चल रही बातचीत निर्णायक चरण में पहुँचती दिख रही थी, तभी अचानक 28 फरवरी को अमेरिका द्वारा ईरान पर की गई सैन्य कार्रवाई ने पूरे समीकरण को ही बदल दिया। इसे 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' कहा गया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उक्त ऑपरेशन का उद्देश्य ईरान के परमाणु मिसाइल कार्यक्रम को निष्क्रिय करना, क्षेत्रीय प्रभाव को सीमित करना तथा तथाकथित 'प्रतिरोध नेटवर्क' को कमजोर करना बताया। मीडिया में दावा किया गया कि यह सैन्य कार्रवाई अमेरिका ने ट्रंप के दामाद जेरेड कुश्नर जो ट्रंप प्रशासन में विशेष शांति दूत की भूमिका में है, विदेश मंत्री व रक्षा मंत्री की सलाह पर इजरायल के कहने से की गई।

परन्तु लगभग 28 दिनों के संघर्ष के बाद भी ''कोई भी लक्ष्य'' की स्पष्ट प्राप्ति नहीं हो सकी है। उलटे अमेरिका द्वारा 'अनावश्यक लादे गए' इस युद्ध ने विश्व को एक ऐसे संकट के मुहाने पर ला खड़ा किया है, जहाँ से निकलने का मार्ग अभी धुंधला दिखाई देता है।

इस युद्ध की एक विशेषता यह रही कि ईरान ने 'प्रत्यक्ष आक्रामकता' के बजाय रक्षात्मक प्रतिरोध का उद्देश्य सामने रखकर 'प्रतिक्रियात्मक रणनीति अपनाई। ईरान ने पहले हमला करने से परहेज कर उसी अनुपात में प्रत्युत्तर देने की नीति अपनाई। इस सैन्य संघर्ष का प्रभाव केवल क्षेत्रीय स्तर तक सीमित न रहकर वैश्विक स्तर पर होकर फैल रहा है। कच्चे तेल और एलपीजी की आपूर्ति पर दबाव, होर्मुज जलडमरूमध्य से समुद्री यातायात में बाधा, वैश्विक महंगाई में संभावित वृद्धि, आपूर्ति श्रृंखलाओं में अस्थिरता, भारत सहित अधिकांश देश इस प्रभाव व दुष्परिणाम से अछूते नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संसद में स्वीकारा कि 'यह संघर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती है।'

भारत के अमेरिका, इजरायल, और ईरान तीनों से ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण व अच्छे सम्बन्ध रहे हैं। खासकर प्रधानमंत्री मोदी के प्रेसीडेंट ट्रंप से बेहद व्यक्तिगत संबंध स्थापित हुए हैं। पीएम मोदी जब पहली बार ईरान गये थे, तब उन्होंने यह कहा था कि दोनों देशों की दोस्ती'इतिहास जितनी पुरानी' हैं। भारत के व्यापारिक फायदे के लिए चाबहार बंदरगाह विकास, व्यापार-परिवहन ट्रांजिट समझौते हुए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार ''डायलॉग और डिप्लोमेसी'' से शांति की कूटनीति अपनाने की अपील की है। यद्यपि इसके पीछे शायद उनकी सोच वहां रह रहे एक करोड़ से अधिक भारतीयों की सुरक्षा व ऊर्जा आपूर्ति रही है। शायद इसीलिए अमेरिका के ईरान पर किए हमले की प्रधानमंत्री ने' आलोचना नहीं की। उनका यह कथन कि भारत ने फैसले लेने का ''सामर्थ्य'' दिखाया है, स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि वह तथ्यों के विपरीत है।




वस्तुतः भारत की विदेश नीति में परंपरागत रूप से 'रणनीतिक स्वायत्तता'' पर आधारित रही है। परन्तु वर्तमान में इसका अभाव सा दिखता है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता पवन खेड़ा का पत्रकार वार्ता में भारत के चुने हुए लोकप्रिय प्रधानमंत्री मोदी का नाम लिए बिना ''साहब बीबी और गुलाम'' पोस्टर का इस्तेमाल कर उन्हें ''गुलाम'' कहना भी बेहद शर्मनाक है। इसे किसी भी रूप में कदापि स्वीकार नहीं किया जा सकता है। वर्ष 2025 में ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से ही प्रधानमंत्री मोदी के ट्रंप के दबाव में आने के बाद भारत की विदेश नीति की ''दिशा'' बदलने से वह भारतीय हितों को प्रभावी रूप से ''साध'' नहीं पा रही है। यह किस दबाव में, अलग विषय है। लेकिन ट्रंप भारत को हर ''टर्म डिक्टेट'' कर रहे हैं। उन्होंने भारत की संप्रभुता, सार्वभौमिकता पर आक्रमण कर 'अपमानित' करने की लगातार कोशिश की है। इससे हमारी एक सार्वभौमिक मजबूत राष्ट्र की छाप पर बड़ा धक्का लगा है। सबसे बड़ी भूल जो भारत की ओर से हुई, ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई पर प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री द्वारा शोक व्यक्त न करना, जबकि पाकिस्तान ने किया।

2. लगभग 168 स्कूली बच्चों के अमेरिका-इजरायल द्वारा मौत के घाट उतारे जाने पर भारत द्वारा कोई आलोचना न करना भी खेद जनक है। भारत ने मात्र गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

3. भारत को रूस से सस्ते दरों पर तेल मिल रहा था। लेकिन अमेरिका के दबाव के चलते शनैः शनैः क्रय बंद करना पडा। हमारे रूस व ईरान से सौहार्द संबंधों को भी नुकसान पहुंचा। 4. 'अमेरिका की दोस्ती अच्छी नहीं, दुश्मनी तो और भी खराब।'''पहले भी वर्ष 1971 के बांग्लादेश युद्ध में हमने देखा, अमेरिका ने पाकिस्तान की सहायता के लिए सातवां बेड़ा भेजा था।

5. यद्यपि नरेन्द्र मोदी ईरान के राष्ट्रपति से बार बार बातचीत कर संबंधों को सुधारने का प्रयास कर रहे हैं, जिसका अभी यह सुखद परिणाम आया है कि ईरान ने जिन पांच देशों को होर्मुज समुद्री में ''निर्बाध'' रास्ता दिया है जिसमें भारत भी शामिल है। 6. ईरान के संवैधानिक मान्यता प्राप्त पद सर्वोच्च नेता ''अली खामेनेई'' जो सिर्फ ईरान के ही नहीं बल्कि शिया संप्रदाय के विश्व के सर्वोच्च धार्मिक नेता हैं, की हत्या की भर्त्सना किए बिना, उन्हे श्रद्धांजलि दिये बिना, ईरान के ''घाव'' शायद ही भरें। ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध में भारत की ओर से दो सबसे महत्वपूर्ण त्रुटियां हुईं लगती हैं। प्रथम युद्ध की आशंकाओं के चलते सैन्य आक्रमण प्रारंभ होने के 48 घंटे पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दौरा भी सवालिया निशान साबित हो रहा है। आखिर हमारी खुफिया एजेंसीज इस स्थिति का आकलन करने में क्या असफल रही थीं? आज आवश्यकता है, एक ऐसी संतुलित, साहसिक और स्पष्ट नीति की, जो न केवल भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे, बल्कि वैश्विक शांति में भी भारत की प्रमुख, महत्वपूर्ण रचनात्मक भूमिका हो। दुर्भाग्यवश यह भूमिका पाकिस्तान के हाथों में जा रही है जो हमारी विदेश नीति पर एक प्रश्नचिन्ह है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
परिवार में आपको प्रशंसा मिलेगी। आपके सुझावों से लोगों को अत्यधिक लाभ मिलेगा। व्यापार में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में कुछ व्यापक परिवर्तन कर सकते हैं। किसी सहयोगी के कारण आपके काम अटक सकते हैं। घरेलू चिन्ताओं का असर काम पर पड़ सकता है।

**मिथुन**
वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। दूसरों के साथ आपका तालमेल अच्छा रहेगा। परिवार और कारोबार में सन्तुलन बनाकर रखें।

**कर्क**
कारोबार में विस्तार के लिये उधार लेना चाह रहे हैं, तो आपको सफलता मिलेगी। विवाह जैसे आयोजनों के लिये खरीदारी कर सकते हैं।

**सिंह**
उच्च अधिकारियों का रूख आपके प्रति सकारात्मक रहेगा। रोजगार में परिवर्तन करने के लिये समय अच्छा नहीं है। मित्रों से सहायता लेने में संकोच न करें।

**कन्या**
निर्माण कार्यों में प्रगति होने के योग बन रहे हैं। आप उन विषयों को महत्व नहीं दे पा रहे हैं, जो वास्तव में आपके लिये सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं।

**तुला**
अपने सिद्धान्तों से किसी भी प्रकार समझौता न करें। दूसरों के व्यक्तिगत मामलों से दूरी बनाकर रखें। राजनीति से जुड़े लोगों को विजय मिल सकती है।

**वृश्चिक**
आज अपने खर्चों पर नियन्त्रण करने का प्रयास करना चाहिये। किसी विशेषज्ञ से भी सलाह लेना उचित होगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**धनु**
आज आप अपने शौक पर काफी धन खर्च करेंगे। जीवनसाथी की विनम्रता से आकर्षित रहेंगे। उच्च शिक्षा में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। कुछ नये और रोचक अनुभव आपको प्राप्त होने वाले हैं।

**मकर**
आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। अविवाहित लोग विवाह में परिणित होने का विचार बनायेंगे। विदेश में शिक्षा ले रहे लोगों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। मन में विचारों का प्रवाह बढ़ेगा।

**कुंभ**
युवा अपने करियर को लेकर चिन्तित हो सकते हैं। प्रेमीजन के प्रति अत्यन्त आकर्षित रहेंगे। कम मेहनत से आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**मीन**
कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव कम होगा। धन सम्बन्धित कार्यों को लेकर आप निर्णय बदल सकते हैं। दिखावे की प्रवृत्ति के कारण नुकसान हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### हसनपुरा विष्णु मंदिर कमेटी के सचिव आजाद उर्फ चंदन की हत्या के मृतक के परिजनों से मिले विधायक अरुण मांझी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना के हसनपुरा श्रीविष्णु मंदिर कमेटी के सचिव आजाद कुमार उर्फ चंदन उर्फ चंद्रमा हत्याकांड के मामले मे मसौढी विधायक अरुण मांझी ने हसनपुरा गांव जाकर परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद करने का भरोसा जताते हुए पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द अपराधी को गिरफ्तार करने की बात कही है। गौरतलब है की मृतक के पिता रिटायर्ड दरोगा रामप्रवेश पासवान के बयान पर अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना चैती छठ महापर्व के अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध संपन्न होने के बाद बाईक सवार अज्ञात अपराधियों ने गोली मार कर भाग निकला था,गोली कमर की निचले हिस्से में लगी थी, जिसे आनन फानन में पटना निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुटी है



### दो फरार अभियुक्तों के घर पर साटा गया इश्तेहार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के मणीचक मोहल्ले में रविवार की दोपहर को गोली मारकर जानलेवा हमले में फरार चल रहे दो अभियुक्तों के घर पर विधिवत तौर पर सायरन बजाते हुए इश्तेहार साटा गया है और जल्द ही समय सरेंडर करने की चेतावनी दी है।थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि मसौढ़ी थाना कांड संख्या 82/26 दिनांक 06.02.26 के तहत 27 आर्म्स एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त नितीश कुमार पिता अशोक पासवान और अमित कुमार पिता कृष्णा पासवान दोनों साकिन न्यू मनीचक के घर पर इश्तेहार का विधिवत तमिला किया गया, और जल्दी सरेंडर करने की चेतावनी दी गई है अगर सा समय सुरेंद्र नहीं करते हैं तो उसके घर पर कुर्की की कार्रवाई की जा सकती है। यह घटना बीते छह फरवरी को है जहां पर शाम के वक्त में तारेगना डीह मोहल्ले में बाबर हुसैन पिता स्वर्गीय फैयाजुद्दीन के घर पर गोली चलाकर जानलेवा हमला की घटना घटी थी पुलिस के द्वारा दिए गए बयान पर चार नामजद, दो अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी।



### दुष्कर्म का आरोप, थाना में प्राथमिकी दर्ज

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक लड़की ने अपनी बहन के चचेरे देवर पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए मसौढ़ी थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। दरअसल पीडिता का कहना है कि हम तीन-चार साल से अपनी बहन के यहां रह रहे हैं और छठ पर्व में हमारी बहन ननद की यहां गई हुई थी इस दौरान अकेले देखकर हमारी बहन का चचेरा देवर दीपक कुमार पिता विष्णुदयाल रात को 11:00 बजे मेरे घर में आया और मेरे साथ दुष्कर्म किया, इसके साथी जान से मारने की धमकी भी दी है। फिलहाल पुलिस इस आवेदन पर प्राथमिक की दर्ज करते हुए कार्रवाई में जुट गई है और पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

### छात्र नेता चंद्रशेखर उर्फ चंदू एवं श्याम नारायण यादव का मनाया शहादत दिवस

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छात्र नेता कामरेड चंद्रशेखर उर्फ चंदू एवं कामरेड श्याम नारायण यादव का 29 वां शहादत दिवस मनाया, जिसमें धनरूआ प्रखंड माले सचिव कामरेड अकलू पासवान, कामरेड वीरेंद्र प्रसाद, कामरेड प्रमोद यादव, कामरेड श्री भगवान पासवान, कामरेड रिंकी देवी, कामरेड निरंजन वर्मा कामरेड जितेंद्र राम, कामरेड खुर्शीद अंसारी कामरेड कमलेश यादव ,कामरेड दीपक पासवान इत्यादि दर्जनों कार्यकर्ता नेता उपस्थित रहे। तमाम लोगों ने शाहिद के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर 2 मिनट का शोक श्रद्धांजलि दिया, लोगों ने बताया कि छात्र नेता कामरेड चंद्रशेखर जेएनयू विश्वविद्यालय के अध्यक्ष रहे और सिवान मे किसान मजदूर एवं छात्र नौजवान के बीच रहकर उनकी मुद्दों को उठाया जिससे उनकी लोकप्रियता बढ़ती गई जिससे सामंती अपराधियों को रास नहीं आया और 31 मार्च 1997 को उनकी हत्या कर दी। आज नीतीश मोदी राज में किसान मजदूर एवं छात्र नौजवानों पर हमला तेज हो गया है किसान आत्महत्या के लिए मजबूर है और मजदूर बेरोजगारी के चलते भटक रहा है शिक्षण संस्थान में छात्र-छात्राएं भी सुरक्षित नहीं है रोज-रोज हत्या उत्पीड़न बलात्कार बढ़ रहा है इसलिए हम लोगों को उनके सपनों को आगे बढ़ाने के लिए संकल्प लेना होगा। संकल्प सभा के बाद आज भाकपा माले प्रखंड कमिटी धनरूआ का दो दिवसीय बैठक ग्राम तेतरी में शुरू हुआ यह बैठक भाकपा माले बिहार राज्य कमेटी का सम्मेलन के तैयारी 16 से 18 मई 2026 को दरभंगा के लहरिया सराय होने जा रहा है इसी की तैयारी पर विशेष बातचीत किया जाएगा ।



### जनसेवा एवं कानून-व्यवस्था के उच्च मानकों का पालन करे सुनिश्चितः पूर्वी सिटीएसपी परिचय कुमार

**मसौढ़ी एवं कादिरगंज थाने का सिटी पूर्वी एसपी ने किया वार्षिक निरीक्षण**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी), परिचय कुमार ने मसौढी एवं कादिरगंज थाना का सोमवार की देर शाम को थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। मौके पर मसूरी थाना में थाना अध्यक्ष विवेक भारती सर की इंस्पेक्टर के साथ सभी पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे वहीं कादिगंज थाने में थानाध्यक्ष रौशन कुमार के साथ सभी पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान थाना दैनिकी, हाजत, मालखाना, वायरलेस , उउळठर प्रणाली, सिरिस्ता कार्यो तथा विभिन्न लंबित कांडों के अनुसंधान की समीक्षा की गई। साथ ही थाना की कार्यप्रणाली एवं अभिलेख संधारण का बारीक अवलोकन किया गया । नगर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को वैज्ञानिक पद्धति से अनुसंधान करने, समयसीमा के भीतर अनुसंधान पूर्ण करने, पारदर्शिता बनाए रखने तथा जनता को त्वरित न्याय दिलाने हेतु एवं कर्मियों को सतर्कता, जनसेवा एवं कानून-व्यवस्था के उच्च मानकों का पालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।





### नियमित टीकाकरण को लेकर प्रखंड स्तरीय टीकाकरण उन्मुखीकरण को लेकर बैठक

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण सहभागिता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य गावी प्रोजेक्ट के तहत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में ऐसे परिवारों को जागरूक करना था, जो किसी कारणवश अपने बच्चों का नियमित टीकाकरण नहीं करवा रहे हैं। बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को लगभग 12 प्रकार की गंभीर एवं जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए समय पर टीकाकरण कराना अत्यंत आवश्यक है। नियमित टीकाकरण से बच्चों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहता है और उन्हें स्वस्थ जीवन जीने का अवसर मिलता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों एवं कर्मियों को समन्वय स्थापित कर गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया।बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामानुज सिंह ने टीकाकरण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम बच्चों को कई खतरनाक बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों के बच्चे अब तक टीकाकरण से वंचित हैं, उन्हें चिन्हित कर शीघ्र टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा।इस अवसर पर जीविका के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक दिग्विजय सृष्टि, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक ललन कुमार सिंह, ढउक स्टेट प्रतिनिधि कामता पाठक, जिला PCI प्रतिनिधि संस्कृत भारद्वाज, WHO के प्रतिनिधि ईश्वर चंद्र सिंह, IDSP की रूबी कुमारी, ढउकके प्रखंड इमाम सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मियों ने भाग लिया।

# पुलिस पर जानलेवा हमला समेत कई कांडों का वांछित अपराधी गिरफ्तार

**खेत में छुपा कर रखी थी 582 बोतल विदेशी शराब ■ एएसपी के द्वारा प्रेस कांफ्रेंस आयोजित**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विभिन्न कंपनियों के 582 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ कई कांडों का फरार अपराधी को कादिरगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी का नाम टुटु कुमार उर्फ राजीव रंजन उर्फ रागीव पिता अखिलेश प्रसाद, पांडे बीघा कादिरगंज का निवासी हैं, इस मामले में सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि बीती रात को कादीरगंज पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक स्कूटी पर अंग्रेजी शराब लेकर जा रहा है, इस सूचना को सत्यापन करते हुए रघुनाथपुर जाने वाली रोड के ट्रांसफार्मर के पास उस युवक के पीछे गश्ती दल को भेजा गया जहां पुलिस को देखकर वह भागने लगा





जिसे खदेड कर उसे पकड़ा गया है। उसके निशान देही पर खेत में छुपा कर रखे हुए 40 कार्टून में 582 बोतल विदेशी शराब को जप्त किया गया है। इसके अलावा गिरफ्तार अपराधी के आपराधिक इतिहास के बारे में बताया गया कि कादिरगंज थाना कांड संख्या 60/ 25 के तहत पुलिस पर जानलेवा हमला कर गिरफ्तार आरोपी को छुड़ाने के अलावा शराब एवं आर्म्स एक्ट के छह मामलों का यह वांटेड अभियुक्त रहा है। वही कादिरगंज थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक कई बार शराब मामले में भी जेल जा चुका है। इसकी तलाश पहले से भी चल रही थी, इसके अलावा इसका भाई इसके पिता की भी इसमें संलिप्तता में जांच की जा रही है।

## अथमलगोला पुलिस को मिली सफलता,19 लीटर विदेशी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र से बड़ी खबर आ रही है जहां से गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 19 लीटर विभिन्न ब्रांडो की विदेशी शराब बरामद किया है।इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राहुल कुमार नवनीत ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की थाना क्षेत्र अंतर्गत बहादुरपुर निवासी कमल कुमार एवं गौतम कुमार के द्वारा अवैध रूप से विदेशी शराब का भंडारण एवं बिक्री किया जा रहा है। मिली सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में 19 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है।छापेमारी टीम में शामिल अपर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि पूर्व के मामले में भी गौतम कुमार की तलाश थी। जिसके आधार पर की गई कार्रवाई में गौतम कुमार को 19 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।उन्होंने बताया कि गौतम कुमार की पूर्कव के मामले में भी तलाश थी। कमल कुमार को भी मौके से गिरफ्तार किया गया है। जो पूर्व में भी अवैध शराब के मामले में शामिल रहा है।




## पुनपुन में कोल ड्रिंक में नशे की दवा मिलाकर एक महिला के साथ ऑटो में किया गैंगरेप

**थाने में प्राथमिकी, तीन गिरफ्तार**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना क्षेत्र के अलावलपुर गांव के समीप कोल्ड ड्रिंक में नशे की दवा मिलाकर एक महिला के साथ तिन लोगों के द्वारा गैंगरेप की घटना सामने आई है। इस मामले में पीड़ित के द्वारा दी गई सूचना के आलोक में प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि ग्राम अलावलपुर में बिते रात्रि 11:00 बजे सूचना मिली की एक महिला के साथ दुष्कर्म हुआ है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई हेतु घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित महिला से पूछताछ की गई, पीड़ित महिला ने बताया कि वह बेऊ के पास खाना बनाने का काम करती है और चिहुट निवासी रमेश चौधरी के द्वारा उसे हाउसमेड की नौकरी देने के नाम पर अपना ऑटो भेज कर 30-03-26 को पुनपुन बुलाया गया, फिर पुनपुन घाट के पास समय करीब रात्रि 9-10 बजे के लगभग अपने दोस्त कुंदन उर्फ कुणाल एवं सागर उर्फ सरदार के साथ मिलकर कोल्ड ड्रिंक में नशा की दवा देकर नशे की हालत में बारी-बारी से ऑटो में ही दुष्कर्म किया फिर उसे छोड़कर सभी वहां से भाग गए, जिसके बाद महिला द्वारा 112 को कॉल किया गया।थाना द्वारा घटना की गंभीरता देखते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई,एवं एफएसएल की टीम को सूचना दी गई ,जहाँ FSL की टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया महिला के चिकित्सा जांच के लिए भेजा जा रहा है।गौरतलब है की घटना में संलिप्त अभियुक्त रमेश चौधरी पिता बंगाली चौधरी ग्राम चिह्वट थाना परसा बाजार,कुणाल उर्फ कुंदन कुमार उम्र पिता श्याम बाबू यादव ग्राम अलावलपुर,और तिसरा सरदार उर्फ सागर उम्र करीब 32 वर्ष पिता भगवान विश्वकर्मा ग्राम संगत पर थाना मसौढ़ी को गिरफ्तार किया गया है।ऑटो चालक की गिरफ्तारी हेतु छापमारी की जा रही है।

## सीटीइटी परीक्षा में टीसीएच का दबदबा, सैकड़ों छात्रों ने पाई सफलता




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षक भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले अग्रणी संस्थान टीसीएच एडुसर्व ने एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम देकर अपनी गुणवत्ता का प्रमाण प्रस्तुत किया है। हाल ही में आयोजित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) में संस्थान के 350 से अधिक विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर संस्थान एवं समाज का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्थान के निदेशक सौरव झा ने कहा कि इस सफलता का पूरा श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और संस्थान के अनुभवी शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन को जाता है। उन्होंने बताया कि संस्थान ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विशेष पहल की है। इसके तहत सीटीईटी परीक्षा में 100 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को आगामी बीपीएससी टीआरई-4 परीक्षा की तैयारी निःशुल्क कराई जाएगी। यह विशेष ऑफर 5 अप्रैल तक ही मान्य रहेगा। संस्थान के अनुसार, इस परीक्षा में सुमित कुमार ने सर्वाधिक 121 अंक प्राप्त किए हैं, जबकि 110 से अधिक छात्रों ने 100 से अधिक अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। निदेशक सौरव झा ने सभी सफल विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## पार्षद की सदस्यता हुई रद्द

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राज्य निर्वाचन आयोग ने मनेर नगर परिषद के वार्ड संख्या 2 की पार्षद के गायत्री देवी को बिहार नगरपालिका अधिनियम-2007 की धारा-18 (1) (m) के तहत दिनांक - 04.04.2008 के उपरांत दो से अधिक जीवित संतान के पाए जिसने के बाद उनकी सदस्यता रद्द कर दी है। जानकारी के अनुसार अदलचक के निवासी महेश कुमार ने वार्ड संख्या 2 की पार्षद गायत्री देवी, पति-श्री दशरथ कुमार सिंह उर्फ दशरथ उर्फ ललन राय के खिलाफ निर्वाचन आयोग में वाद लाया था कि वर्तमान पार्षद ने अपने हलफनामे में 5 संतान के बारे में आंकड़े तो दिया है मगर उनके जन्म साल में गलत जानकारी दी है। मामले में मामले में आयोग की टीम ने ग्रामीणों के साथ-साथ पार्षद के बच्चों से पूछताछ के साथ ही उनके पढ़ने वाले आँगबाड़ी,स्कूल में भी जा जाकर जांच की तो जन्मतिथि वर्ष में भिन्नता पाया।अभ्यर्थी बायोडाटा का अवलोकन कराया गया, जिसमें संतानों की संख्या पुत्र-02 एवं पुत्री-03 अंकित पायी गयी, हालाँकि पुत्री की संख्या के ऊपर अपलेखन भी पाया गया।महेश कुमार ने आयोग से शिकायत की थी कि प्रतिवादी द्वारा निर्वाचन की प्रक्रिया में भाग लेने के उद्देश्य से नामांकन पत्र में गलत सूचना अंकित की गई, कि दिनांक- 04.04.2008 के उपरांत उनका कोई संतान जन्म नहीं लिया है। आगे उनके द्वारा आयोग को बताया गया है कि प्रतिवादी द्वारा इस संबंध में मिथ्या शपथ-पत्र भी दायर किया गया है, जो यह दावा करता है कि नामांकन पत्र में अंकित उनकी सभी सूचनाएँ, सही हैं।उनके द्वारा आयोग को बताया गया कि प्रतिवादी के 04 संतानों का नाम एवं जन्म का वर्ष स्वयं प्रतिवादी के पति द्वारा बिहार जाति आधारित गणना में अंकित किया गया है। उनके द्वारा आयोग को बताया गया कि प्रतिवादी के पति द्वारा अंकित सूचना के आधार पर उनकी पुत्री राखी कुमारी का जन्म वर्ष-2005, पुत्री ज्योति कुमारी का जन्म वर्ष-2007, पुत्र मिथुन कुमार का जन्म वर्ष-2009, पुत्र रिशु कुमार का जन्म वर्ष 2011 तथा पुत्री निशा कुमारी का जन्म वर्ष 2015 है। आगे उनके द्वारा आयोग को बताया गया कि इस प्रकार कुल तीन संतानों का जन्म वर्ष कट ऑफ डेट -04-04-2008 के उपरांत है।लेकिन उनका दावा जांच के दौरान असत्य पाया गया जिस कारण बिहार नगरपालिका अधिनियम-2007 की धारा-18 (1) (m) के तहत दिनांक - 04.04.2008 के उपरांत दो से अधिक जीवित संतान के होने के आधार पर वार्ड पार्षद गायत्री देवी, वार्ड संख्या-02, नगर परिषद् मनेर, पटना के पद से पदमुक्त कर दिया गया है।

### बिजली चोरी मामले में चार उपभोक्ताओं पर 1,065,45 लगाया जुर्माना

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिजली चोरी के खिलाफ चल रहे छापेमारी अभियान के दौरान रविवार को चार उपभोक्ताओं के घर पर छापेमारी की गई, जहां उन चारों उपभोक्ताओं से 1,06545 जुमार्ना लगाते हुए मसौढी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है, विद्युत कनिय अभियंता रंजीत कुमार ने बताया कि इन दोनों ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में बिजली चोरी को लेकर। मसौढी प्रमंडल के विद्युत कार्यपालक अभियंता पवन कुमार के निर्देश पर धावादल का गठन किया गया है और लगातार सभी जगहों पर बिजली चोरी को लेकर छापेमारी की जा रही है। रविवार को सबसे पहले मसौढी के पटेल नगर में छापेमारी की गई जहां सुनीता कुमारी पति जवाहर सिंह के घर पर बिजली चोरी के मामले में तकरीबन 86,677 रुपए का जुमार्ना लगाते हुए मसौढ़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## घर वापसी का इंतजार कर रहे परिजनों की टूटी चुके उम्मीद

**बेटे ने पुआल का अर्थी सजाया और कर दिया अपने पिता का दाह संस्कार..**





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एक लंबे अरसे से इंतजार और घर वापस आने की उम्मीद टूटते देख बेटे ने अपने पिता को मृत मानकर एक पुआल का पुतला बनाकर हिंदू रीति रिवाज से उसे अर्थी पर सजाकर पूरे गांव में शव यात्रा निकाली और उसके बाद नदी घाट पर विधवत तौर पर दाह संस्कार किया।यह मामला मसौढ़ी प्रखंड के चरमा पंचायत के तिसखोरा गांव की है जहां श्याम नारायण पटेल पिता स्व सवारी रजक जो पिछले 18 साल से अपने घर तिसखोरा से चला गया था, जो वापस नहीं लौटा, घर वापसी का इंतजार कर रहे उसकी पत्नी राजमणि देवी की आंखें इंतजार में पथरा आ गई ,लेकिन घर वापस नहीं आए, वहीं जो कल छोटे-छोटे बच्चे थे वह अब 20 साल के हो गए हैं उन्हें भी शायद पिता को ठीक ढंग से नहीं देखा होगा और ऐसे में अब एक लंबे इंतजार के बाद उम्मीदें अब टूट चुकी है,ऐसे में अब सभी परिवार वालों ने उसे मृत समझकर अब दाह संस्कार कर रहे हैं। श्याम नारायण पटेल के बेटे राहुल कुमार ने बताया कि जब हम छोटे थे उसी वक्त हमारे पिता घर से कहीं चले गए थे लेकिन आज तक घर वापस नहीं लौटे हैं वह एक राजनीतिक पार्टी भाकपा माले में काम करते थे और उसी में वह रहते थे लगातार पिछले 18 सालों से वह घर से गायब हैं किसी भी तरह की कोई सूचना नहीं मिली है हम लोगों ने काफी प्रयास किया काफी ढूंढा लेकिन नहीं मिल पाए हैं। ऐसे में अब हम लोगों को लग रहा है कि वह उनकी मौत हो गई है जिसको लेकर हिंदू रीति रिवाज के माध्यम से उनके नाम पर एक पुआल का पुतला बनाकर दाह संस्कार कर रहे हैं वहीं श्याम नारायण की पत्नी ने भी कहा कि वह माले कार्यकर्ता थे और पार्टी के काम से हमेशा इधर-उधर जाते थे लेकिन वापस आज तक नहीं आए हैं 18 साल हो गए आज तक वापस नहीं आए हैं। वहीं गांव के लोगों ने भी बताया कि श्याम नारायण पटेल पिछले 18 साल से गायब है किसी का कुछ आता पता नहीं है। बहरहाल आपको बता दें कि श्याम नारायण पटेल भाकपा माले का सक्रिय सदस्य था, इस पर कई आपराधिक मामले भी थे जिसको लेकर पुलिस लगातार घर पर खोजबीन जांच पड़ताल भी करने आई थी, इन सबों से आजीज होकर अपने पिता को मृत मानकर दास संस्कार कर रहे हैं।


## भाकपा माले ने कॉमरेड चन्द्रशेखर को शहादत दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर समीपवर्ती माले कार्यालय हिलसा में जवाहरलाल यूनिवर्सिटी के दो बार अध्यक्ष रहे एवं माले के चर्चित नेता कामरेड चंद्रशेखर एवं श्याम नारायण यादव की 29 वीं शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि दी गयी। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता इंकलाबी नौजवान सभा के प्रखंड अध्यक्ष संजय पासवान एवं संचालन प्रखंड सचिव ब्रह्मदेव प्रसाद बिंद ने किया। बरसी पर दर्जनों इनौस के नेता और माले के कार्यकर्ता उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत स्व0 कॉमरेड चंद्रशेखर की तस्वीर पर पुष्पांजलि करते हुए एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाकपा माले के प्रखंड सचिव अरुण यादव ने कहा की चंद्रशेखर की शहादत से पार्टी की अपूर्णीय क्षति हुई है।वे गरीबों के शोषण और दमन ,सामाजिक समानता और कुरीतियों के खिलाफ हमेशा लड़ते रहे। आज वह हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनको याद करने का मतलब उनके मिशन को मुकाम तक पहुंचाना है।यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। देश में जो राजनीतिक स्थिति में जो बदलाव आया है,शोषित वंचित लोगों के हक और अधिकार को छीना जा रहा है इसके खिलाफ नौजवान साथियों को गांव-गांव में इनके विचार को ले जाना और उनके क्रांतिकारी विरासत को आगे बढ़ाना वक्त की मांग है। इस मौके पर कार्यालय सचिव दिनेश कुमार यादव जिला कमिटी सदस्य चुन्नू चंद्रवंशी, रामदास अकेला, भाकपा माले के प्रखंड कमिटी सदस्य शिव शंकर प्रसाद, मनोज पासवान, वीरेंद्र रविदास, अशोक रविदास व अन्य ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।



## पालीगंज के सिद्धिपुर में आइपीएस विकास वैभव का भव्य स्वागत

**पालीगंज (पटना) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज अनुमंडल के खिरीमोड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सिद्धिपूर गांव में मंगलवार को आईपीएस अधिकारी विकास वैभव का ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उनके आगमन पर गांव में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बाजे-गाजे और फूल-मालाओं के साथ ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आईपीएस विकास वैभव पटना से सड़क मार्ग से अरवल जिले के बाजिदपुर गांव स्थित एक निजी विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी क्रम में सिद्धिपूर गांव में उनका स्वागत कार्यक्रम रखा गया था। जैसे ही वे गांव पहुंचे, दीपू शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। इस अवसर पर पैक्स प्रबंधक प्रवीण कृष्णा उर्फ मुन्नाजी, दीपू शर्मा, रंजन शर्मा, धुरी राम, गोपाल कुमार, अमन कुमार सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लोगों में काफी उत्साह देखा गया।



## जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रेम यूथ फाउंडेशन की टीम विजयी

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां, फतुहा, खुशरूपुर से गहरी जुड़ी संस्था प्रेम यूथ फाउंडेशन,फतुहा की टीम ने महिला कबड्डी में बिहटा की टीम को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। भारत सरकार , युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय , मेरा युवा भारत पटना के तत्वावधान में पटना कॉलेज पटना के खेल मैदान में जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ प्रो अनिल कुमार एवं राज्य निदेशक सूर्यकांत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया ।डॉ अनिल कुमार ने कहा कि खेल से टीम भावना पैदा होता है साथ ही शरीर की फुर्ती और मजबूती बनी रहती है । वही मेरा युवा भारत के राज्य निदेशक सूर्यकांत कुमार ने कहा कि भारत सरकार खिलाड़ियो को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह का आयोजन लगातार कर रही है । गाँव के युवा मंडल से निकलकर प्रखंड, जिला तक पहुचने का अवसर प्रदान किया जाता है । वही बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पटना के महासचिव प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार सरकार के मेडल लाओ नौकरी पाओ अभियान से खिलाड़ियों का हौसला काफी बढ़ा है. बिहार प्रतिभा की धनी प्रदेश है जरूरत है कि खिलाड़ियों को उचित अवसर प्राप्त है । हर पंचायत में खेल क्लब का गठन किया जा रहा है जहाँ खिलाड़ीयो को प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा । महिला कबड्डी टीम में दिव्या रंजन, तन्नू मिश्रा, ऋतु रानी, खुशी गुप्ता, कालिका कुमारी,रूपा कुमारी, अन्नू कुमारी,मुस्कान शामिल है।टीम की मैनेजर अंजू कुमारी रहीं। खेल मैदान में काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। मौके पर कॉलेज के काउंसलर अहतेश्याम राजा, एकलव्य कुमार, राजीव प्रियदर्शी, विकाश कुमार, अमूल्य शर्मा, नेहा कुमारी, रजनी कुमारी, केदार सिंह, अलका कुमारी , सन्नी कुमार मौजूद रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### मजदूरी करने गये युवक की अम्बाला में मौत



**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मजदुरी करने गया एक युवक का पंजाब के अम्बाला में ट्रक के चपेट में आने से मौत हो गई,विदित हो कि श्याम पुर बाजार चिकपटी निवासी बद्री नारायण प्रसाद के बीस वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार विगत सात माह से अपने बाल बच्चों के साथ मजदुरी कर रहा था, सब्जी लाने के क्रम में ट्रक ने ठोकर मार दिया, इलाज होने के बाद भी नहीं बच सका , शनिवार के दिन खबर मिलते ही श्याम पुर बाजार में सन्नाटा छा गई,चीख पुकार करते परिजनो ने एम्बुलेंस भेजकर लाश को मंगवाया, मृतक शरीर आते दो नन्ही बच्चे, पत्नी, माता पिता और परिजनों का बुरा हाल हो गया है।

### खाद व्यवसायियों में हड़कंप

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमावर्ती क्षेत्रों में खाद की किल्लत व तस्करी को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने मंगलवार के दिन औचक निरीक्षण किया जिसके बाद खाद व्यवसायिको में हड़कंप मच गई और दुकान बंद कर फरार हो गए इस सिलसिले में अनुमंडल पदाधिकारी मनीष आनंद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,सीआई आदापुर रमेश महतो,बिजय कुमार, सहित दर्जनों की संख्या में पुलिस व चौकीदार थे,श्यामपुर रेलवे ढाला के पास खाद व्यवसायिक के जांच पड़ताल की गई,वहीं एक यमुना पुर खाद दुकान दार को भी लोगों के आवेदन पर जांच की ,पौसमशीन, खादों की संख्या की मिलान हुआ।

### बार्डर इलाके में खाद दुकानों की हुई जांच

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी के आदेश के आलोक में सीमावर्ती इलाकों में खाद की कालाबाजारी, तस्करी और जमाखोरी को रोकने के लिए प्रशासन ने संयुक्त रूप से बड़े पैमाने पर छापेमारी और जांच की है। इस दौरान बीडीओ दीपक राम बीएओ रमेश गुप्ता इनरवा थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा भंगहा थानाध्यक्ष रौशन कुमार मौजूद रहें। बीएओ ने बताया कि इनरवा भंगहा में खाद आदि बार्डर क्षेत्र में स्थित खाद दुकानों की जांच की जा रही है। खाद की कालाबाजारी,तस्करी और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कानूनी कारवाई की जाएगी। बीएओ ने बताया कि एक खाद दुकानदार को एक दिन में 15 बोरीया से अधिक नहीं बेचना है। इधर जांच के दौरान खाद दुकानदारों में हडकंप है।

### फसल काटने का विरोध करने पर महिला से मारपीट

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भंगहा थाना क्षेत्र के गदियानी गांव निवासी जहीमा खातून ने गांव के ही दो लोगों पर खेत में लगी गेहूं की फसल चोरी से काट ले जाने और विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार, घुमाटांड गांव स्थित उनके खेत में लगी गेहूं की फसल को गांव के ही अजीमुल्ला अंसारी एवं शोएब अख्तर ने रात के अंधेरे में चोरी-छिपे काटकर अपने साथ ले गए। जब इस संबंध में पूछताछ करने गये तो उक्त लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिए। इधर घटना के बाद महिला ने भंगहा थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### वाहन जांच अभियान में सख्ती से वाहन चालकों में हड़कंप

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नरकटियागंज बेतिया मुख्य सड़क पर सोमवार की देर शाम पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान प्रशिक्षू दरोगा रोहित कुमार शाही, नरेश कुमार मांझी, समीर कुशवाहा, 112 की टीम व पुलिस बल शामिल रहे। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि रूटीन चेकिंग चल रहा है। मुख्यालय के आदेश के आलोक में रोजाना वाहन जांच किया जा रहा है। जांच के दौरान चार चक्का और दो चक्का के वाहनों के सीट बेल्ट, गाड़ी के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट आदि की जांच ऑनलाइन मशीन द्वारा की गई। अधूरे कागजात तथा नियम नहीं मानने वालों से लगभग ₹10000 का चालान वसूला गया। थाना अध्यक्ष ने वाहन मालिकों और चालको से सतर्क हो जाने की बात कही और कहा कि आज से नए नियम लागू हो रहे हैं जिसमें इंश्योरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, सीट बेल्ट वाहन चलाते समय मोबाइल से बात करना आदि पर भारी जुर्माना वसूल किया जाएगा।

### सुबह से करीब छह घंटे गुल रही बिजली

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में मंगलवार को करीब छह घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। इस दौरान क्षेत्र के सुगौली, मुरली, पिपरा, कौलाची, मुजौना,अंजुआ, जमुनिया समेत अन्य कई गांवों में सुबह करीब छह बजे से लेकर दोपहर साढ़े 12 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। जानकारी के अनुसार, रामनगर ग्रिड में तकनीकी फाल्ट के कारण बिजली इतनी देर बिजली आपूर्ति बंद थी। वही घंटो बिजली नहीं रहने से उमस और गर्मी के चलते लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। सुबह से ही सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बंद रहे। ग्रामीण सुरेश साह, अखिलेश साह, रेयांश कुमार,राज मिश्रा, अतुल कुमार, उमेश यादव,आदि ने कहा कि हमेशा की तरह इस बार भी गर्मी शुरू होते हीं बिजली की अनियमित आपूर्ति का खेल शुरू हो गया। लोगो का कहना है कि बिजली की लंबे समय की कटौती की जा रही है लेकिन इसको लेकर किसी प्रकार की सूचना भी विभाग द्वारा नही दी जा रही है। इतना ही नही लोगो ने विभाग के अधिकारियो पर कॉल नही उठाने को लेकर भी नाराजगी जताई है। ग्रामीणों ने मौसम को देखते हुए आने वाले दिनों में नियमित बिजली आपूर्ति बहाल रखने की मांग की है।

### चिरैया में तीन घंटे बिजली आपूर्ति आज रहेगी बाधित

चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड मुख्यालय स्थित पावरग्रिड द्वारा 33 केवी फीडर में मरम्मति कार्य कराए जाने को लेकर बुधवार यानी 01 अप्रैल 2026 को 3 घंटे तक होनेवाली बिजली की आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह से ठप रहेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए चिरैया पावरग्रिड के सहायक कनीय अभियंता पवन कुमार ने बताया कि बुधवार को चिरैया ग्रिड में मरम्मती कार्य किए जाने का विद्युत विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है। जो बुधवार को सुबह 8 बजे से 11 बजे तक चिरैया के सभी फीडर में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। सहायक कनीय अभियंता ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि समय से घरेलू कार्य हेतु पानी की व्यवस्था कर लेंगे।

### सर्वर में तकनीकी समस्या से लाभुक रहे परेशान

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय में सोमवार को पेंशन से संबंधित कार्य के लिए पहुचे कई लाभुकों को सर्वर में तकनीकी खराबी आने के कारण परेशानी हुई है। हालांकि दोपहर एक बजे के बाद सर्वर ठीक हो गया है। रामपुर के सुगी राम, रूपवलिया की असगरी बेगम, बरवा बरौली के कन्हैया साह, अम्माघवद के इदन मिया आदि लोगो ने बताया है कि सोमवार को वह पेंशन से संबंधित कार्य को लेकर प्रखंड कार्यालय पहुचे हुए थे। लेकिन कार्यपालक सहायक द्वारा बताया गया है कि सर्वर काम नही कर रहा है। उधर सामाजिक सुरक्षा के कार्यपालक सहायक राहुल देव रंजन ने बताया कि सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक सर्वर काम नही करने से परेशानी हुई है। हालांकि एक बजे के बाद ठीक हो गया है। सभी लाभुकों आवेदन की स्तिथि जांच कर उनकी समस्याओं का निष्पादन किया गया है। वही दूसरी तरफ प्रखंड सह अंचल के आरटीपीएस पर एक ही कार्यपालक सहायक उपस्थित थे। बीडीओ ने बताया कि दो कार्यपालक सहायक आधिकारिक रुप से छुट्टी पर है। इसके अलावा जो नही आये है उससे जवाब मांगा जा रहा है।

### मैट्रिक के मेधावियों को बीडीओ ने किया सम्मानित

**बोले, मेहनत और भरोसे से ही तय होगा भविष्य**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मैट्रिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाने और उनकी सफलता का जश्न मनाने के लिए मंगलवार को एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शहर के ब्लॉक रोड स्थित प्रतिष्ठित संस्थान एलीट कोचिंग सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में मेधावियों को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ सूरज कुमार सिंह एवं बीपीआरओ विवेक आर्या सम्मिलित हुए। छात्रों को संबोधित करते हुए बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने कहा, मैट्रिक की परीक्षा जीवन की वह पहली महत्वपूर्ण सीढ़ी है, जहां से आपके भविष्य की दिशा तय होती है। छात्र अपनी मेहनत पर अटूट भरोसा रखें और सच्ची निष्ठा के साथ अपना लक्ष्य निर्धारित करें। वही बीपीआरओ विवेक आर्या ने भी बच्चों को निरंतर प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक प्रकाश कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए बताया कि इस वर्ष संस्थान के कुल 33 बच्चों ने मैट्रिक परीक्षा में शानदार अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

# पांच दिवसीय चंपारण एक्सपो 2026 का समापन




**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टाउन हॉल में आयोजित पांच दिवसीय चंपारण एक्सपो 2026 का आज 6 बजे शाम में गरिमामय वातावरण में समापन हुआ। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने सभी स्टॉल धारकों को इस एक्सपो में भाग लेने पर बधाई दी। समापन सह सम्मान समारोह में चंपारण क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्रीहर किशोर राय ने सभी स्टॉल धारकों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया साथ ही नॉर्थ बिहार चेंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा मोतिहारी चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों को इस सफल आयोजन हेतु सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीआईजी महोदय ने चंपारण क्षेत्र के व्यवसायों को हर संभव सुरक्षा देने का आश्वासन एवं व्यवसाईयों को निर्भीक होकर अपना व्यवसाय करने के लिए प्रोत्साहित किया व्यवसायों को अपने व्यवसाय को बिहार के अन्य क्षेत्रों में फैलने के लिए भी प्रोत्साहित किया। चैम्बर अध्यक्ष महेश सिन्हा महासचिव आलोक कुमार नॉर्थ बिहार चेंबर ऑफ कॉमर्स के श्याम भीमसरिया सज्जन शर्मा के द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किया गया। यह आयोजन मोतिहारी चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं नॉर्थ बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया जो 26 मार्च से 30 मार्च तक चला। एक्सपो में विभिन्न उद्योगों, स्टार्टअप्स एवं स्थानीय उद्यमियों द्वारा अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन किया गया। सभी अतिथियों को शॉल और मोमेंट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मोतिहारी चैंबर के बीरेंद्र जालान, सुधीर अग्रवाल, सुरेश चंद्र, रवि कृष्ण लोहिया, संजय जायसवाल राजीव विजडम, अंगद सिंह अनुपम जायसवाल, डॉ विवेक गौरव, विनय देवकुलीयार, अनिल बोहरा, हेमंत कुमार सुधीर गुप्ता सुधांशु रंजन अभिमन्यु कुमार के अलावा अन्य चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में शहरवासी एवं व्यवसायी उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया। ये जानकारी सह सचिव एवं मीडिया प्रभारी विनय देवकुलीयार ने दी।

## नरकटियागंज में प्रशासन ने हटवाया अतिक्रमण, वसूला जुर्माना

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर की मुख्य सड़कों पर जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए मंगलवार को प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार किया। नगर प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने शहर में वृहद अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया, जिससे अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। मंगलवार को बीडीओ सूरज कुमार सिंह, थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह और टाउन प्लानर मोहम्मद वसीम के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल और नगर परिषद की टीम सड़क पर उतरी और मुख्य सड़क से अतिक्रमण को हटाया गया। इस अभियान की शुरूआत पोखरा चौक से शहीद चौक तक की गई। इस दौरान सड़क के दोनों किनारों पर अवैध रूप से बनाए गए अस्थायी ढांचों, सीढ़ियों और छज्जों को जेसीबी की मदद से ढहा दिया गया। सड़क घेरकर लगाए गए ठेलों और दुकानों के बाहर रखे सामानों को भी जब्त कर रास्ता साफ कराया गया। कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने केवल अतिक्रमण ही नहीं हटाया, बल्कि नियमों का उल्लंघन करने वालों की जेब भी ढीली की। टीम ने करीब आधा दर्जन दुकानदारों से 12 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला। अधिकारियों ने मौके पर ही चेतावनी दी कि यदि दोबारा सड़क पर अतिक्रमण पाया गया, तो प्राथमिकी दर्ज कर और भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। टाउन प्लानर मो. वसीम ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया है। शहर को जाम मुक्त करना हमारी प्राथमिकता है। हम लोगों को जागरूक भी कर रहे हैं और नियम तोड़ने वालों पर आर्थिक दंड भी लगा रहे हैं। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। बता दे कि पिछले लंबे समय से नरकटियागंज की मुख्य सड़कें जाम की चपेट में थीं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही थी। प्रशासन की इस क्लीन स्वीप ड्राइव से स्थानीय नागरिकों ने राहत की उम्मीद जताई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि आने वाले दिनों में शहर के अन्य प्रमुख मार्गों पर भी इसी तरह का अभियान चलाकर सड़कों को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

## एमडी राहुल कुमार व डीएम सौरभ जोरवाल ने किया घोड़ासहन में प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण

**पोखरों का होगा कायाकल्प ● नगर भवन-सह-पुस्तकालय निर्माण को मिलेगी रफ्तार ● 2 करोड़ 80 लाख रुपये की योजना तैयार**



**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घोड़ासहन शहर में प्रस्तावित विकास योजनाओं को लेकर उच्चस्तरीय हलचल देखने को मिली.उतर बिहार के विद्युत विभाग के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार एवं जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने घोड़ासहन शहरी क्षेत्र के तीनों प्रस्तावित स्थलों का धरातलीय निरीक्षण किया.इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और योजनाओं को जल्द धरातल पर उतारने पर जोर दिया.निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने रामायणी दास मठ परिसर में पोखर का सौंदर्यीकरण, शशिभूषण दास मठ परिसर में पोखर का सौंदर्यीकरण तथा तथा घोड़ासहन बाजार के समीप प्रस्तावित पुराना सरकारी डाकबंगला के पास बनने वाले नगर भवन सह पुस्तकालय का जायजा लिया.उन्होंने पोखरों की वर्तमान स्थिति, जलभराव,गंदगी और आसपास के पर्यावरण का अवलोकन करते हुए साफ-सफाई, गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही. जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) द्वारा सीएसआर फंड के तहत तैयार प्रस्ताव के अनुसार रामायानी दास परिसर स्थित पोखरा के सौंदर्यीकरण पर लगभग 48 लाख 20 हजार 8 सौ 65 रुपये तथा शशिभूषण दास मठ परिसर स्थित पोखरा के विकास पर करीब 32 लाख 19 हजार 63 रुपये खर्च किए जाएंगे. इसके अलावा शहरी क्षेत्र के सरकारी डॉकबंगला पर 2 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक नगर भवन-सह-पुस्तकालय का निर्माण प्रस्तावित है.कुल मिलाकर 2 करोड़ 80 लाख से अधिक की योजना तैयार की गई है.तकनीकी रिपोर्ट के अनुसार पोखरा के विकास में जलकुंभी की सफाई, लगभग 2729 घनमीटर मिट्टी की खुदाई,पथ निर्माण,बैठने की व्यवस्था,हैंडपंप, पौधारोपण,सोलर लाइट,कम्पोस्ट पिट एवं सामुदायिक शौचालय जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी.साथ ही पार्क में झूले और स्लाइड जैसे मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे.निरीक्षण के दौरान एमडी एवं डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि योजना के सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं,ताकि आम लोगों को शीघ्र ही इसका लाभ मिल सके. अधिकारियों ने कहा कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से न केवल क्षेत्र का सौंदर्यीकरण होगा, बल्कि स्वच्छ वातावरण और बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी.चैंबर ऑफ कॉमर्स तथा स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि योजना के लागू होने से घोड़ासहन के शहरी स्वरूप में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा.मौके पर कार्यपालक अभियंता रुद्रा कुमार,कार्यपालक अभियंता (विद्युत विभाग) रक्सौल अजय कुमार,सहायक विद्युत अभियंता आलोक कुमार सहित संबंधित विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## डॉ. विश्वेंदु ने जिले का नाम किया रोशन देश के सबसे युवा सर्जन बने



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लखौरा के नवरंगिया निवासी प्रमोद यादव उर्फ. मंटू यादव एवं संजू यादव के पुत्र डॉ विश्वपाल विश्वेंदु चिकित्सा जगत के लिए गर्व की बात है कि जो इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस क(आईजीआईएमएस), पटना के जनरल सर्जरी विभाग में सीनियर रेजिडेंट के रूप में कार्यरत हैं, ने कोलोरेक्टल सर्जरी में प्रतिष्ठित फेलोशिप प्राप्त की है। इस उपलब्धि के साथ ही वे भारत में इस फेलोशिप को हासिल करने वाले सबसे युवा सर्जन बन गए हैं। यह सम्मान उन्हें एसोसिएशन ऑफ कोलोन ऐंड रेक्टल सर्जन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ कुशल मित्तल द्वारा प्रदान किया गया। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण और मेहनत का परिणाम है, बल्कि आईजीआईएमएस के उच्चस्तरीय प्रशिक्षण और मार्गदर्शन को भी दशार्ती है। डॉ. विश्वपाल विश्वेंदु ने इस अवसर पर अपनी सफलता का श्रेय अपने माता- संजू यादव पिता- प्रमोद यादव उर्फ. मंटू यादव, शिक्षक, दोस्तों को देते हुए उनका विशेष आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके समर्थन, संस्कार और प्रेरणा के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी। साथ ही उन्होंने आईजीआईएमएस के सभी शिक्षकों एवं वरिष्ठों के प्रति भी गहरी कृतज्ञता प्रकट की। उन्होंने विशेष रूप से जनरल सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ पी के झा तथा आईजीआईएमएस के अधीक्षक डॉ मनीष मंडल का आभार जताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन, प्रेरणा और निरंतर सहयोग ने इस उपलब्धि को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी इस उपलब्धि से चिकित्सा क्षेत्र में नए आयाम स्थापित होने की उम्मीद है और यह युवा डॉक्टरों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेगी। खुशी का इजहार करते हुए माता संजू यादव ने बताई।

## पंचायतों में मोक्ष धाम और कब्रिस्तानों के रखरखाव के लिए प्रशिक्षण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सभाकक्ष में सोमवार को पंचायतों में स्थित सरकारी भूमि पर मोक्ष धाम (श्मशान घाट) और कब्रिस्तानों के बेहतर संचालन व रखरखाव को लेकर वार्ड सदस्यों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हालांकि, सूचना के बावजूद जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति उम्मीद से काफी कम रही। करीब डेढ़ दर्जन वार्ड सदस्य ही पहुच सके। प्रशिक्षक सह पंचायत सचिव मो. जलालुद्दीन ने उपस्थित सदस्यों को बताया कि अब पंचायतों में स्थित इन स्थलों के प्रबंधन की जिम्मेदारी वार्ड सदस्यों की होगी। मोक्ष प्राप्त करने वाले या दफन किए जाने वाले व्यक्तियों का पूरा विवरण एक निर्धारित रजिस्टर में दर्ज किया जाए। इस व्यवस्था से मृतक के परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में होने वाली कठिनाइयों से निजात मिलेगी और डेटा भी सुरक्षित रहेगा।

## माधोपुर कृषि विज्ञान केंद्र में छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण, खेती और पोषण के प्रति बढ़ा उत्साह

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्कूली बच्चों में कृषि और पोषण के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को उच्च माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों को कृषि विज्ञान केंद्र, माधोपुर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों ने केंद्र परिसर में स्थापित विभिन्न प्रत्यक्षण इकाइयों को देखा और आधुनिक खेती की तकनीकों की जानकारी प्राप्त की, जिससे उनमें खासा उत्साह देखने को मिला।केंद्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह ने बच्चों को पोषण के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि संतुलित आहार शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन और मिनरल्स की उपयोगिता समझाते हुए रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया।वैज्ञानिक डॉ. सौरभ दुबे ने ह्यपोषण वाटिकाह्ण की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इससे बच्चे जैविक सब्जियां उगा सकते हैं और पोषण संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने इसके निर्माण के चरणों और लाभों की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. चेलपुरी रामलू ने सूक्ष्म सिंचाई पद्धति की उपयोगिता बताते हुए जल संरक्षण पर बल दिया।वहीं, डॉ. जगपाल ने समेकित कृषि प्रणाली को आय बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी माध्यम बताया। डॉ. हर्षा बी.आर. ने मिट्टी जांच और पौधों के पोषण तत्वों की जानकारी दी।इस अवसर पर केंद्र के कर्मी अवधेश कुमार, कमलेश कुमार, मनोज कुमार, मुन्ना कुमार एवं श्रीराम रंजन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। यह भ्रमण बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक साबित हुआ।

## आरएलएम संगठन होगा मजबूत : डॉ.दीपक कुमार



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगल वार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी कार्यालय में पूर्वी चम्पारण के ओलहा मेहता टोला के मुखिया भागीरथ प्रसाद, गायघाट पंचायत के मुखिया संतोष कुशवाहा, जय सिंहपुर दक्षिणी पंचायत के मुखिया विनोद कुशवाहा, मानिकपुर पंचयात के सरपंच राजीव रंजन प्रसाद, गायघाट के सरपंच सुरेश प्रसाद, बाबूलाल प्रसाद, जीतेन्द्र महतो, राजकुमार ठाकुर, रामविजय सहनी, संजय कुमार सिंह, विक्रमा कुशवाहा, हीरालाल यादव आदि सैकड़ो लोग पार्टी का सदस्यता ग्रहण किए है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा चिकित्सा प्रकोष्ठ बिहार के अध्यक्ष ड़ॉ.दीपक कुमार, जिला संयोजक ई.रमेश पासवान, प्रो. सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व में सदस्यता हुआ है। सभी नये सदस्यों को पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत व बधाई दिया। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से संत सिंह कुशवाहा, रामपुकार सिन्हा, प्रमोद सिंह, रुपलाल कुशवाहा, राजनारायण कुशवाहा, गणेश कुशवाहा, विजय सिंह, शंकर कुशवाहा, कौशल कुमार, मुन्ना यादव, हरिकिशोर कुशवाहा, लालबहादुर सिंह, ड़ॉ.शैलेश कुशवाहा, मुकेश कुमार, लोकेश कुमार, रोज अहमद, धनंजय चंदेल, आयुष्मान कुमार, नितीश कुमार, मुजीबूर रहमान, प्रेम चंद प्रसाद, मंजीत यादव आदि है।

## हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली भव्य कलश शोभा यात्रा

**गूंजा जय श्रीराम का जयघोष,कररिया बैरागी टोला में होगा हनुमत प्राण प्रतिष्ठा**



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के कररिया बैरागी टोला में नव-निर्मित हनुमान मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सोमवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरे क्षेत्र में जय श्रीराम और जय हनुमान के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। शोभा यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा की शुरूआत मंदिर प्रांगण से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जहां पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश पूजन कराया गया। महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर भक्ति गीत गाते हुए यात्रा में भाग लिया, जबकि पुरुष और युवा जयकारों के साथ आगे बढ़ते रहे शोभा यात्रा में आकर्षक झांकियां भी निकाली गईं, जिनमें भगवान हनुमान के विभिन्न रूपों का सुंदर प्रदर्शन किया गया। यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए सिहोरवा तिहुत मेन कनाल पहुंची, जहां आचार्य टुन्ना तिवारी ने यजमान संकर साह, संकर प्रसाद, छठू भगत एवं रविंद्र प्रसाद के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलबोझी कराया। इसके बाद यात्रा पुनः नगर भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर लौटी। रास्ते में जगह-जगह स्थानीय लोगों द्वारा श्रद्धालुओं के स्वागत हेतु शर्बत एवं फल की व्यवस्था की गई थी। आयोजकों ने बताया कि मंगलवार को हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा के साथ अष्टयाम एवं हनुमान आराधना का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर लखींद्र साह, खेलावन प्रसाद, अरुण जेटली, लक्ष्मण प्रसाद, चंद्र भूषण कुशवाहा, मनीष कुशवाहा, समाजसेवी संदीप यादव, दिनेश प्रसाद, नीरज यादव, नीरज कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## बिहार बोर्ड मैट्रिक में अलखनारायण सिंह उच्च विद्यालय के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**ग्रामीण क्षेत्र के मेधावियों ने भी अपने मेधा का किया उत्कृष्ट प्रदर्शन**







**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बिहार बोर्ड) की मैट्रिक परीक्षा में एकमा स्थित अलखनारायण सिंह उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया है। विशेष बात यह रही कि ग्रामीण क्षेत्र के मेधावियों ने भी अपनी मेधा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह साबित किया कि संसाधनों की कमी के बावजूद प्रतिभा किसी से कम नहीं होती। इस वर्ष परीक्षा का पूर्णांक 500 निर्धारित था और सभी विद्यार्थियों ने इसी पूर्णांक में अपने-अपने विषयों के अनुसार अलग-अलग अंक प्राप्त किए। विद्यालय के छात्र संगीत कुमार (पिता दीपक कुमार, ग्राम भरहोपुर) ने 500 में 460 अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं सौरभ कुमार (पिता सुनील वर्णवाल) ने 456 अंक, दयानंद गुप्ता (पिता बिनोद कुमार, ग्राम हंसराजपुर सोनरपट्टी) ने 452 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी क्रम में सत्यम कुमार मिश्रा (पिता संतोष मिश्रा, ब्लॉक रोड एकमा) ने 449 अंक, अभिनीत कुमार तिवारी (पिता प्रमोद कुमार तिवारी, हंसराजपुर) ने 447 अंक, हिमांशु कुमार (पिता रंजन यादव) ने 441 अंक तथा अतुल्य उत्सव (पिता मनोज कुमार, ब्लॉक रोड एकमा) ने 440 अंक हासिल किए। अन्य सफल छात्रों में प्रियासु कुमार साह (425 अंक), नंदनी कुमारी (पिता कन्हैया कुमार चौधरी, माता ममता देवी, गंजपर- 428 अंक), रितिका कुमारी (417 अंक), अमिषा चौधरी (पिता मनीष राज चौधरी - 414 अंक) एवं रोशनी कुमारी (पिता जयप्रकाश नारायण सिंह - 410 अंक) शामिल हैं। सफल छात्र-छात्राओं ने बताया कि वे आगे आईटीआई, मेडिकल तथा नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं। विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं ज्ञान केंद्र हंसराजपुर, एकमा के लगभग 40 छात्र-छात्राओं ने भी प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन की।

# धार्मिक विरासत के साथ पर्यटन को मिल रही नई दिशा



कुंडलपुर महोत्सव 2026 का भव्य आगाज, दीप प्रज्वलित कर मंत्रियों ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिले के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के केंद्र कुंडलपुर में आयोजित कुंडलपुर महोत्सव 2026 का भव्य शुभारंभ बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार तथा पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री अरुण शंकर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि यह महोत्सव न केवल नालंदा की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को प्रदर्शित करता है, बल्कि पर्यटन विकास को भी नई दिशा देता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि कुंडलपुर भगवान महावीर स्वामी की जन्मस्थली के रूप में विश्वभर में प्रसिद्ध है और यह श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। इस महोत्सव के माध्यम से यहां की ऐतिहासिक धरोहर, कला, संस्कृति और परंपराओं को व्यापक पहचान मिलती है। अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा कि जैन साध्वी ज्ञानमती माता की प्रेरणा से वर्ष 2002 में इस महोत्सव की शुरुआत हुई थी और तब से वे इससे जुड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा चलाया गया शराबबंदी अभियान भगवान महावीर के अहिंसा और संयम के संदेशों से प्रेरित एक सराहनीय कदम है। वहीं पर्यटन मंत्री अरुण शंकर ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत आज के वैश्विक परिप्रेक्ष्य में अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब विश्व के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति है, ऐसे में महावीर के उपदेश ही मानवता को शांति के मार्ग पर ले जा सकते हैं। महोत्सव के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। साथ ही हस्तशिल्प, स्थानीय उत्पादों एवं पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसने आगंतुकों को खासा आकर्षित किया। इस अवसर पर समिति के मंत्री विजय कुमार जैन, अतुल जैन (दिल्ली), चिरंजीलाल कासलीवाल (पटना), चन्द्रशेखर कासलीवाल (नासिक), सुमति देवी कासलीवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं दर्शक उपस्थित रहे।

# अंबेडकर विचार मंच की बैठक, नई कमिटी का गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के कलाली मोड़ स्थित एक निजी भवन में अंबेडकर विचार मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हरेंद्र कुमार एवं संचालन राजेंद्र कुमार राकेश द्वारा किया गया। बैठक में पूर्व कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से हरेंद्र कुमार को पुनः अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा लालदेव पासवान को उपाध्यक्ष, पूर्व मुखिया भोला चौधरी को सचिव, कमलेश राम को उप सचिव, राजेंद्र कुमार राकेश एवं संजय अंबेडकर को कोषाध्यक्ष तथा रामाशीष दास को संरक्षक नियुक्त किया गया। वहीं, सुधाकर प्रसाद सुधांशु को संयोजक बनाया गया। मार्गदर्शन मंडल में सुनील कुमार दीप, शिक्षक सुरेंद्र पासवान, जितेंद्र



नारायण, सुदर्शन राम, विकास मित्र अखिलेश दास, अधिवक्ता रमेश कुमार, शिक्षक ललन दास, अर्जुन राम सहित कई लोगों को शामिल किया गया। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के आयोजन एवं प्रतिमा के जीर्णोद्धार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, गांव-गांव से आने वाली झांकियों की निगरानी को लेकर भी रणनीति बनाई गई। साथ ही कमेटी को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक पंचायत से नए सदस्यों को जोड़ने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने अपने-अपने विचार रखे और जयंती को सफल बनाने के लिए सुझाव दिए। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य विकास कुमार, सुनील कुमार दीप, ललन दास, कृष्ण प्रसाद, परमेश्वर बौद्ध, भीम कुमार, दीपक कुमार, धर्मेंद्र दास भारती, जितेंद्र नारायण, लालदेव पासवान ,रामजीवन राम, धर्मेंद्र कुमार, पिंटू कुमार, रामनरेश राम, धर्मेंद्र भारती, चंद्रशेखर सुमन, अशोक दास, अमरेश कुमार, शिव शंकर सुधाकर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# यात्री बसों में नहीं होती फर्स्ट बॉक्स और अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के सड़कों पर चल रही अधिकांश यात्री बसों में फस्ट एड बॉक्स और अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था नहीं है। यहां तक की बसों में यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ हो रहा है। जानकारी के मुताबिक सभी सवारी वाहनों में यात्रियों की सुरक्षा से संबंधित संसाधन होना अनिवार्य है। आपात स्थिति से निपटने के लिए वाहनों में फर्स्ट एड बॉक्स और अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था होनी चाहिए परंतु अधिकांश बसो में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। परिवहन नियमों का पालन कराने को लेकर संबंधित विभाग का कोई ध्यान नहीं है और न ही विभाग इसके लिए कोई जांच करता है। लिहाजा यात्रियों की सुरक्षा हमेशा ताक पर रहती है। जिले में चल रही बसों में सुरक्षा मानकों का कोई ख्याल नहीं रखा जाता। बस मालिकों को केवल अपनी कमाई से ही मतलब रहता है। उन्हें यात्रियों की सुरक्षा की



कोई परवाह नहीं रहती। बता दें कि प्रखंड मुख्यालय से कई प्राइवेट बसों का परिचालन होता है। काफी संख्या में यात्री प्रतिदिन सफर करते हैं। कुछ वाहनों में फर्स्ट एड बॉक्स तो है लेकिन उसमें दवाई, मल्हम, पट्टी के बजाए गैर जरुरी सामान रखे जाते हैं। उस बॉक्स में वाहनों के औजार ही मिलते हैं। वाहन चालकों और उपचालकों को किट के संबंध में जानकारी भी नहीं रहती। उन्हें प्रशिक्षण भी नहीं दिया जाता है। एक बस चालक ने बताया कि केबिन में फर्स्ट एड बॉक्स तो है लेकिन उसमें कौन-कौन सामान होना चाहिए इसकी जानकारी नहीं है। परिवहन नियमों के अनुसार सड़कों पर चलने वाली बसों में इमरजेंसी गेट होना अनिवार्य है। ताकि आपात समय में यात्री बस से बाहर निकल सकें लेकिन सड़कों पर दौड़ने वाली बसों में अब इमरजेंसी गेट नहीं लगाए जा रहे हैं। बस संचालकों को लगता है कि जितनी जगह में इमरजेंसी गेट होगा, वहां दो सीट बना देने से कमाई हो जाएगी परंतु बस में किसी प्रकार की गड़बड़ी होने पर यात्रियों को एक ही गेट से निकलना पड़ेगा। जिससे बड़ी दुर्घटना होने की आशंका रहती है। अग्निशमन यंत्र या फर्स्ट एड बॉक्स न होने पर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 5600 से 7000 रुपये का जुर्माना लगाने का प्रावधान है। बावजूद वाहन चालकों और मालिकों में इस कानून नहीं है। विभागीय अधिकारी भी नियमित इसकी जांच नहीं करते हैं। लिहाजा बेखौफ होकर यात्रियों की सुरक्षा की अनदेखी करते हुए वाहनों का परिचालन हो रहा है।

# हसपुरा बाजार में प्रतिदिन जाम से कराह रहे लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के हसपुरा बाजार में जाम की समस्या इन दिनों लाइलाज बन गई है। प्रतिदिन जाम लगने से लोग कराह रहे हैं। बता दें कि डोमनिया मोड़ से चौराही मोड़ तक घंटों जाम में वाहन फंसे रहते हैं। बाजार में खरीदारी करने आ रहे लोगों को काफी कठिनाई हो रही है। बाजार में सब्जी मंडी और ऑटो पार्किंग नहीं होने के कारण प्रतिदिन जाम लगती है। ऐसे में लोगों को पैदल चलने में काफी परेशानी होती है। बाजार पहुंचने वाले लोग सड़क पर ही वाहनों को खड़ा कर देते हैं। स्कूली बस समय पर बच्चों को लेकर स्कूल नहीं पहुंच पाती है। चौराही मोड़ से पटेल चौक के बीच कुछ लोग बाइक व अपने वाहन को गलत ढ़ंग से पार्किंग कर देते हैं। बता



दें कि एक माह पहले सीओ ने सड़क से अतिक्रमण हटाया था। कुछ दिनों तक ठीक रहा परंतु प्रशासन सुस्त होने से सब्जी विक्रेताओं ने सड़क पर सब्जी की बिक्री शुरू कर दी। कभी-कभी जाम की समस्या काफी गंभीर हो जाती है जिसमें शासन-प्रशासन, एंबुलेंस और लोगों को घंटों फंसना पड़ जाता है। इतना होने के बावजूद भी प्रशासन की सभी दावे फेल हो जा रहे हैं।

# रफीगंज में 14-15 वर्ष की बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर टीका

**संदीप कुमार/नबिटा संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राज्य स्वास्थ्य समिति के अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष की बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए गार्डासिल (एचपीवी वैक्सीन) का टीका लगाया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि यह अभियान गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से बचाव के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बच्चियों को यह टीका दिया जा रहा है, जिससे भविष्य में इस गंभीर बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस अवसर पर स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा, बीसीएम सनी कुमार, अकाउंटेंट राजेश कुमार, बीएमसी सुभाष कुमार, एएनएम आशा सिन्हा, रंजना कुमारी, दावन तिग्गा, वैजयंती माला और सुमन कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।



## दो ट्रकों की टक्कर में एक चालक जख्मी

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कनबेहरी गांव के समीप मंगलवार की दोपहर दो ट्रकों के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। इस घटना में एक ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से ट्रक से फंसे अवस्था में निकालकर एनएचएआई टीम के एंबुलेंस से इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायल ट्रक चालक की पहचान कोलकाता निवासी 45 वर्षीय निपिन दास के रूप में की गई है। ट्रक पर साथ रहे खलासी कोलकोता निवासी अफजल मुंडूल ने बताया कि ट्रक पर कांच लोड है। वाराणसी से कोलकाता जा रहा था। इसी दौरान दुसरे ट्रक ने टक्कर मार दी।

# बिहारशरीफ पूर्वी मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ विधानसभा अंतर्गत पूर्वी मंडल में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशिकला सिन्हा ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष नीरज कुमार उर्फ डब्लू ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही कार्यकर्ताओं की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अमरकांत भारती, शैलेन्द्र गुप्ता, संजय कुमार उर्फ मुखिया जी, जितेंद्र कुमार सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में संगठन को मजबूत करने, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने और आगामी चुनावों को लेकर रणनीति पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से अनुशासन और समर्पण के साथ पार्टी के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया।

# ओवरलोड टेंपो परिचालन से यात्रियों की जान खतरे में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जीटी रोड से लेकर ग्रामीण सड़कों पर तेजी के साथ दौड़ रहे ओवरलोड टेंपो से इन दिनों काफी हादसा हो रहा है। टेंपो चालकों के द्वारा किए जा रहे लापरवाही के कारण लगातार दुर्घटना घट रही है। बता दें कि पिछले एक माह में टेंपो की टक्कर और अन्य सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों ने अपनी जान गंवा दी है। जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना का कारण टेंपो चालकों की लापरवाही और यातायात नियमों का पालन नहीं करना ही है। यहां तक की कई टेंपो चालक बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चला रहे हैं। इसके अलावा टेंपो चालक क्षमता से अधिक यात्रियों को ठुंसकर टेंपो को जीटी रोड से लेकर ग्रामीण सड़कों पर दौड़ाते हैं। यहां तक की कई बार चालक अपनी सीट पर दोनों और यात्रियों को बैठा लेते हैं और खुद तिरछा होकर वाहन चलाते हैं जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ने पर दुर्घटना हो जाती है। मदनपुर के थाना मोड़ निवासी पवन सिंह, अमित कुमार ने बताया कि अधिकांश टेंपो चालक तेज गति से चलते हैं और यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं। टेंपो चालकों की नियमित जांच, सड़क पर सख्त निगरानी और बिना परमिट या बिना लाइसेंस वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई ही इन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगा सकती है। बता दें कि जल्द ही ओबरा थाना क्षेत्र के सदीपुर डिहरी गांव के समीप औरंगाबाद-पटना मुख्य पथ पर टेंपो के दुर्घटना में दो यात्रियों ने अपनी जान गंवा दी थी। जबकि छह लोग घायल हो गए थे। बीते 22 अगस्त को मदनपुर थाना क्षेत्र के वार गांव के समीप टेंपो के धक्के से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई थी। वहीं बीते 26 अगस्त को जम्होर थाना क्षेत्र के औरंगाबाद-पटना मुख्य पथ के देवकली मंदिर के समीप भी एक युवक की मौत हो गई थी। इतना होने के बावजूद भी परिवहन विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

# परीक्षा में बेहतर अंक से सफलता प्राप्त करने वाले दो छात्र सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर अंक से सफलता प्राप्त करने वाले देव प्रखंड क्षेत्र के रहने वाले मनोज चौधरी के पुत्र शिव कुमार को राम जानकी लक्ष्मण गायत्री ट्रस्ट द्वारा सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि शिव कुमार ननीहाल में रहकर पढ़ाई करता था। वह राजा जगरनाथ उच्य विद्यालय देव का छात्र है। इसके अलावा नरची गांव निवासी रामप्रवेश यादव के पुत्र नितिश कुमार को भी बेहतर अंक से सफलता प्राप्त करने पर अंग वस्त्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्यामता प्रसाद यादव,



बीस सुत्री अध्यक्ष सीताराम यादव, देवसंस्कृति परिषद के अध्यक्ष भुपेश, कृष्णा यादव, दीपक गुप्ता, रमेश कुमार पाल, डॉ राजेन्द्र प्रसाद सहित अन्य लोगों ने दोनों छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# कुंडलपुर महोत्सव में भक्ति गायक दीपक जैन ने दी भक्तिमय प्रस्तुति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** अहिंसा एवं शांति के विश्व उद्घोषक जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के अवसर पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय राजकीय "कुण्डलपुर महोत्सव-2026" में सुविख्यात भक्ति गायक दीपक जैन ने अपना जलवा बिखेर उपस्थित दर्शकों-श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने भक्ति-गीतों से न केवल बिहार, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बनाने वाले जाने-माने गायक नवादा निवासी दीपक जैन ने "अपनी जादुई आवाज में जैन धर्म के जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर जीवन चरित्र पर आधारित अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने "हिंसा पीड़ित विश्व राह महावीर की तकता है, वर्त्तमान को वर्द्धमान की आवश्यकता है.." की उत्कृष्ट एवं सारगर्भित प्रस्तुति दे जहां वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भगवान महावीर के सिद्धांतों व आदर्शों की प्रसांगिकता से श्रोताओं के साक्षात्कार कराया, वहीं उनकी "हो रही जय-जयकार ओ महावीरा तेरी.." की भव्य प्रस्तुति पर महोत्सव पांडाल में मौजूद देश के विभिन्न हिस्सों के श्रोताओं को झूमने व नृत्य करने पर विवश कर दिया। सुर-ताल के अद्भुत संगम के बीच गायक कलाकार दीपक जैन की भक्तिमय प्रस्तुति पर देश के विभिन्न हिस्सों से महोत्सव में शिरकत करने आये श्रद्धालुओं ने भक्ति गंगा में खूब डुबकी लगाई। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा पर्यटन विभाग, बिहार एवं नालंदा जिला प्रशासन की ओर से समिति के मंत्री विजय कुमार जैन ने उन्हें अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# दादर गांव में माता कौलेश्वरी की है प्राचीन प्रतिमा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के गोह प्रखंड के करीब नौ किमी दूर चापुक पंचायत के दादर गांव में माता कौलेश्वरी एवं मां दुर्गा की प्राचीन प्रतिमा स्थापित है। देवी की प्राचीन प्रतिमा काले पत्थर के रूप में गर्भगृह में विराजमान है। मंदिर के पुजारी उमेशकांत मिश्रा कहते हैं कि माता रानी की प्राचीन प्रतिमा को दर्शन करने के लिए दूर से हजारों भक्त पहुंचते हैं। मन्नत मांग कर चले जाते हैं। जब भक्तों की मन्नत पूरी होती है तो लोग दूर से अपनी मनोकामना उतारने आते हैं। खासकर मंदिर में संतान प्राप्ति के लिए महिला श्रद्धालुओं की भीड़ लगती है। बताया कि अब तक सैंकड़ों महिलाएं मन्नत पूरा होने के बाद यहां पहुंची है। भक्तों को प्रतिमा के बारे में जानने की उत्सुकता रहती है जिससे यहां के पुजारी के पुर्वजों के द्वारा ही गर्भगृह में माता कौलेश्वरी एवं मां दुर्गा की भव्य प्राचीन कालीन काले पत्थर की प्रतिमा बालिका रूप में मंदिर में स्थापित की गई है।

# अंबेडकर जयंती को धूमधाम से मनाने की तैयारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** अंबेडकर विचार मंच के तत्वावधान में आगामी 19 अप्रैल को अंबा में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारी, कमिटी के गठन और कार्यक्रमों पर चर्चा के लिए मंगलवार को अंबा में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक शंभू चौधरी तथा संचालन एससी एसटी कर्मचारी संघ प्रखंड इकाई कुटुंबा के अध्यक्ष उदय कुमार ने किया। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए आयोजन कमिटी का गठन कर जिम्मेदारियां दी गई। सर्वसम्मति से शंभू चौधरी को अध्यक्ष, उदय कुमार को सचिव, जयराम कुमार को कोषाध्यक्ष तथा अविनाश कुमार को उपकोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं करण पासवान, राजाराम, श्रीकांत कुमार, श्रवण राम, दिनेश राम, कृष्णा राम, गुप्तेश्वर राम को उपाध्यक्ष, नंदलाल राम, अवधेश प्रसाद, विनय राम, शंभू शरण, विनय कुमार, रामाधार कुमार सिंह को संयुक्त सचिव तथा मिथलेश कुमार को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया ताकि उत्सव के दौरान आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। समिति के सदस्यों ने अपील की है कि समाज के सभी वर्ग के लोग इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। इस अवसर पर बाबा साहब के शिक्षित बनो ,संगठित रहो और संघर्ष करो के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के मुहिम की शुरुआत की जाएगी और 'समरसता भोज' का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में कृष्णा राम, एजाज अंसारी, रंजीत कुमार डॉ. सत्येंद्र राम, जगनारायण मेहता एवं समाज के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मोती बिगहा पथ से आंबेडकर नगर जाने वाली बदहाल सड़क से बढ़ी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले में बने ग्रामीण सड़कों की स्थिति इन दिनों काफी बदतर हो गई है। कई ऐसे सड़क हैं जो गड्ढों में तब्दील हो गया है। सड़क पर वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। जिले के मदनपुर प्रखंड के बनिया पंचायत में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित आंबेडकर नगर तक सड़क की स्थिति दयनीय हो गई है। सड़क पर उभरे पत्थर गिट्टी के टुकड़े एवं गडढ़े में आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस सड़क से होकर आने जाने वाले राहगीर गिरकर घायल होते रहते हैं। यह ग्रामीण सड़क बनिया सहित कोइरी बिगहा, वेलहर, चट्टी, बरडीह, महुआवां, भईया राम बिगहा, आंबेडकर नगर, सैलवां, गोगाडी, थवई, जमुआईन समेत दर्जनों गांवों को जोड़ते हुए प्राणपुर खिरियावां पथ को जोड़ता है। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित परियोजना के तहत दर्जनों गांवों को जोड़ने



वाली निर्मित करीब दो किलोमीटर बना यह महत्वपूर्ण सड़क अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को विवश हैं। इसी पथ में बसावट का बहाना बनाकर विभाग द्वारा जीटी रोड़ मोती बिगहा पथ से एक किलोमीटर अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर उभरे गड्ढें से होकर आने जाने में गिरकर घायल होने की संभावना रहती है। डंडे लाठी के सहारे इस सड़क पर होकर आते जाते हैं। इस सड़क को बहुत जल्दी निर्माण कराने की जरूरत है। बरसात के समय तो और परेशानी होती है। बावजूद भी अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस सड़क की ओर नहीं जा रहा है।

# शीतला मंदिर भगदड़: घायलों से मिले मंत्री श्रवण कुमार

**गंभीरता से जांच कराई जा रही है और दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र के मघड़ा स्थित मां शीतला मंदिर में हुए दर्दनाक भगदड़ हादसे के बाद बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार मंगलवार को मॉडल अस्पताल, बिहारशरीफ पहुंचे। उन्होंने वहां भर्ती घायलों का हालचाल जाना और उनके परिजनों से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी ली। मंत्री श्रवण कुमार ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत पीड़ादायक और दुर्भाग्यपूर्ण हादसा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि मामले की गंभीरता से जांच कराई जा रही है और दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश



देते हुए कहा कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। साथ ही मंदिर प्रबंधन समिति को भी भीड़ नियंत्रण के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। घायलों के समुचित और बेहतर इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर जदयू के वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद, पार्टी प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, पूर्व नगर अध्यक्ष नदीम जफर उर्फ गुलरेज अंसारी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# न हों पैनिक, जिले में है गैस का पर्याप्त स्टॉक : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

- जिले में 19992 गैस सिलेंडरों का है स्टॉक
- पदाधिकारियों की संयुक्त जांच टीम कर रही जांच



**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी बेगूसराय श्रीकांत शास्त्री के निर्देशानुसार जिले में कार्यरत विभिन्न तेल विपणन कंपनियों के प्रदर्शन तथा रसोई गैस की उपलब्धता की दैनिक समीक्षा की जा रही है। दिनांक 30.03.2026 तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिले में रसोई गैस की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है तथा उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

जिले में कुल 67 वितरकों के माध्यम से गैस वितरण का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान रिपोर्ट के अनुसार कंपनियों के पास कुल 19,992 गैस सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है। वहीं बीते दिन कुल 7,400 सिलेंडरों की सफल डिलीवरी की गई। जिले में प्रतिदिन औसत 4,256 बुकिंग प्राप्त हो रही है, जबकि इसके मुकाबले औसतन 4,711 सिलेंडरों की डिलीवरी की जा रही है, जो वितरण प्रणाली की सक्रियता को दर्शाता है। कंपनीवार स्थिति के अनुसार आईओसीएल जिले में सबसे बड़ी सेवा प्रदाता कंपनी है, जो 40 वितरकों के माध्यम से कुल 30,212 चालू बुकिंग का प्रबंधन कर रही है। इसके अतिरिक्त बीपीसीएल 15 वितरकों के माध्यम से 18,272 बुकिंग तथा एचपीसीएल 12 वितरकों के माध्यम से 10,081 बुकिंग का संचालन कर रही है। जिला प्रशासन द्वारा सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि बुकिंग के आधार पर उपभोक्ताओं को समय पर होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए तथा किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। वर्तमान में जिले का औसत बैकलॉग 4.7 दिन है, जिसे कम करने के लिए आपूर्ति श्रृंखला को और सुदृढ़ किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी द्वारा गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली की जांच हेतु अनुमंडल पदाधिकारी एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता की संयुक्त जांच टीम का गठन किया गया है। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, बेगूसराय एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता द्वारा नीलम गैस एजेंसी, बगवाड़ा के गोदाम की जांच की गई। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी, बलिया द्वारा शिवम गैस एजेंसी की जांच की गई। जिला प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि यदि किसी एजेंसी द्वारा कालाबाजारी, निर्धारित शुल्क से अधिक राशि की मांग या डिलीवरी में अनावश्यक देरी की शिकायत हो, तो इसकी सूचना तत्काल जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06243-450626 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, ताकि उसपर अग्रतर कार्रवाई की जा सके। नियंत्रण कक्ष 24*7 कार्यरत है।

# अतिक्रमण से संबंधित मामलों में करें प्रभावी कार्रवाई : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में सोमवार को विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में भू-समाधान, खनन, उत्पाद (एक्साइज), परिवहन, ट्रैफिक प्रबंधन, नीलाम पत्र (सर्टिफिकेट केस) तथा कब्रिस्तान घेराबंदी से संबंधित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने इन सभी मामलों में निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यों के निष्पादन पर विशेष बल दिया। जिले की विधि-व्यवस्था की स्थिति की भी समीक्षा की तथा विशेष रूप से भूमि विवाद से जुड़े मामलों के त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने भूमि विवाद निवारण हेतु आयोजित होने वाले जनता दरबार की प्रगति की जानकारी ली और अतिक्रमण से संबंधित मामलों में भी प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त अनुमंडल पदाधिकारी न्यायालयों में लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने प्रक्रियाओं में तेजी लाने तथा समयबद्ध तरीके से वादों के निष्पादन पर बल दिया। बैठक में अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री मनीष, डीएसपी (मुख्यालय), सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, अभियोजन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नशेड़ी गिरफ्तार

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के नावकोठी से शराब के नशे में हंगामा करते नशेड़ी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस ने बताया कि गिरफ्तार नशेड़ी नावकोठी के सौदागर सहनी का पुत्र संजय सहनी है। नशेड़ी को गिरफ्तार कर ब्रेथ एनालाइजर से जांच करवाई गई। जांच के दौरान शराब पीने की पुष्टि होने के कारण मद्य निषेध अधिनियम के तहत सूचना दर्ज करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया गया।

## एक नजर

### मारपीट मामले का आरोपित गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र से पुलिस ने सोमवार की रात्रि मारपीट के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने बताया कि गिरफ्तार वांछित नावकोठी वार्ड संख्या 12 के मो रहमत का पुत्र अताउला उर्फ छोटू है। उसी वार्ड के मो अमीरूल्ल ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर अताउला सहित अन्य पांच पर मारपीट करने का आरोप लगाकर नामजद किया था। मो अमीरूल्ल ने बताया कि अताउला उसके दुकान से बिजली का तार एक महीने पूर्व उधार लिया था। बकाया का रुपया मांगने पर वह टालमटोल कर रहा था। इससे दोनों के बीच तू तू मैं मैं हुआ। यह विवाद बढ़ गया तथा मारपीट में तब्दील हो गया। उपरोक्त सभी नामजद लाठी डंडे तथा ईट से वार करने लगा। वह किसी तरह से जान बचाकर थाने पहुँच कर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस पदाधिकारी मो इसमाइल त्वरित कार्रवाई करते हुए दलबल के साथ पहुँच कर उसे हिरासत में ले लिया। शेष बचे वांछित की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है।

### बाइक चोरी का मामला दर्ज

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के एपीएस मैदान अवस्थित दुर्गा मंदिर नावकोठी के निकट से अज्ञात चोरों ने एक बाइक की चोरी कर लिया है। घटना शुक्रवार की देर शाम की है। पीड़ित डफरपुर पंचायत के छतौना के वैरागी महतो है। उसने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने बताया कि काले रंग का हीरो स्पलेंडर रजिस्ट्रेशन संख्या बीआर09 एसी 8060 को दुर्गा मंदिर के बगल में लगाकर दुर्गा मेला देखने चला गया। मेला देख कर वापस आया तो लगाये गए स्थान पर से बाइक गायब पाया। काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चला। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरूकर दिया है। एस आई मिथिलेश कुमार ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे को खंगाला। उसने बताया कि मामला उदभेदन हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### पशुओं की बीमारी से हो रही मौत

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले भर में पशुओ में फैली बीमारी से हो रही मौत पर भाकपा माले ने मंगलवार को गहरी नराजगी व्यक्त की है। मंग्रलवार को अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला सचिव बैजू सिंह और जिलाध्यक्ष नवल किशोर सिंह ने कहा कि पालतु पशुओं में बिमार से मौत हो रही है। जिला प्रशासन पर रोष व्यक्त किया है। दोनों नेताओं ने कहा कि किसानों की गाय, बकरी मर रही है। लेकिन जिला पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं का कोई टीकाकरण या बचाव कार्य नहीं किया जा रहा। संवेदनहीन बने पशुपालन विभाग को जिले के पशुओं और पशुपालक किसानों के प्रति कोई जागरूकता नाम की चीज नहीं है। फलतः बिमारी से बचाव के लिए टीकाकरण या एहतियाती उपाय नहीं किए गए हैं।

### शराब की खेप जब्त

**जमालपुर (मुंगेर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आरपीएफ एवं सीआईबी की टीम जमालपुर स्टेशन के पार्सल ऑफिस समीप से 234 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब तस्कर लड़ैयाटांड़ थाना क्षेत्र के घटवारी निवासी रोशन कुमार बताए गए हैं। आरपीएफ इंस्पेक्टर राजीव नयन ने बताया कि पिछले कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि पार्सल बोरा में शराब की खेप को लाया जा रहा है। इसी सूचना पर कई दिनों से इसकी निगरानी आरपीएफ एवं सीआईबी की टीम कर रही थी। मंगलवार को हावड़ा गया ट्रेन जैसे ही प्लेटफार्म पर लगी तो गिरफ्तार शराब तस्कर सब्जी के बोरी को लेकर बाहर निकल रहा था। जिसे रोक कर पूछताछ करते हुए बोरी को खोल कर देखा गया तो उसमें 234 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। बरामद शराब मामले में करवाई की जा रही है। विदित हो कि आरपीएफ एवं सीआईबी की टीम संयुक्त टीम के द्वारा चलाए जा रहे अभियान से सकारात्मक परिणाम सामने देखा देखा जा रहा है।

### 21 से चलेगी ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन

**जमालपुर (मुंगेर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी गर्मी के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए रेलवे ने भागलपुर और दिल्ली के बीच विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। दिल्ली-भागलपुर स्पेशल ट्रेन 21 अप्रैल से 14 जुलाई के बीच प्रत्येक मंगलवार को (13 ट्रिप) दिल्ली से 11:45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 13:30 बजे भागलपुर पहुंचेगी। वहीं, 04061 भागलपुर-दिल्ली स्पेशल ट्रेन भागलपुर से 16:30 बजे प्रस्थान करेगी। 22 अप्रैल से 15 जुलाई के बीच प्रत्येक बुधवार को (13 ट्रिप) यह ट्रेन अगले दिन रात 8:10 बजे दिल्ली पहुंचेगी। रास्ते में दोनों दिशाओं में पूर्वी रेलवे के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सुल्तानगंज, जमालपुर और अभैपुर स्टेशनों पर यह ट्रेन रुकेगी। ट्रेन में जनरल सेकंड क्लास, स्लीपर क्लास और वातानुकूलित सीटें होंगी।उपरोक्त विशेष ट्रेनों की बुकिंग की तिथि की सूचना शीघ्र ही देने की बात रेल प्रशासन ने कही है।

### अज्ञात युवक के शव की हुई पहचान

**जमालपुर (मुंगेर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जमालपुर-क्यूल रेलखंड के पवई हॉल्ट के पास मिले अज्ञात युवक के शव की पहचान लखीसराय नगर थाना क्षेत्र के बड़ी पोखर निवासी सन्नी के रूप में हुई। वह बबलू मंडल का छोटा बेटा था और एक प्रिंटिंग प्रेस में काम करता था। जानकारी के अनुसार सन्नी 28 मार्च को अपने दोस्त के बुलावे पर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। 30 मार्च को पवई हॉल्ट के पास रेलवे ट्रैक किनारे उसका क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। जमालपुर जीआरपी ने शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर भेजा और पहचान के लिए तस्वीरें जारी कीं। तस्वीर के आधार पर पहुंचे स्वजन ने कपड़ों से उसकी पहचान की। मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि सन्नी की हत्या कर शव को ट्रैक पर फेंका गया है, ताकि इसे हादसा दिखाया जा सके। उन्होंने बताया कि मृतक का मोबाइल और बाइक अब तक नहीं मिली है, जिससे संदेह और गहरा गया है। फिलहाल पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होगा।

### यूपीपीसीएस में सफलता प्राप्त कर बढ़ाया मान




**मुंगेर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के होनहार युवक कुमार सत्यप्रियदर्शी सुपुत्र प्रोफ़ेसर ओम प्रकाश सहाय गोपालन एवं वीणा सहाय ने यूपीपीसीएस में सफलता प्राप्त कर असिस्टेंट कमिश्नर (उद्योग) के पद पर चयनित होकर अपने परिवार के साथ जिले का मान सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने आईआईटी खरगपुर से बी.टेक की पढ़ाई पूरी करने के बाद लगातार मेहनत और लगन के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की। उनका अंतिम लक्ष्य यूपीएससी सिविल सर्विस एग्जामिनेशन में सफलता प्राप्त कर आईएएस बनना है, जिसके लिए वे पूरे समर्पण, उत्साह और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उनके पिता मुंगेर विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के सेवानिवृत्त डीन रहे हैं, जबकि माता एक गृहिणी हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि उनके सभी छह भाई-बहनों ने मुंगेर का नाम रोशन किया है।बहनें एक आईटी कंपनी में सीनियर मैनेजर है, एक सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार की वकील है, एक डॉक्टर और एक पत्रकार है, वहीं उनके छोटे भाई डॉक्टर हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, धैर्य, परिवार के आशीर्वाद, गुरु जनक किशोर प्रसाद तथा अपनी दिवंगत दादी सहित सभी बड़ों के मार्गदर्शन को दिया है।

# रफ्तार का कहर : बस की ठोकर से 7 वर्षीय बच्चे की मौत, परिजनों ने किया सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवादाता**

**मुंगेर।** अमरपुर-भागलपुर मुख्य मार्ग पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 7 वर्षीय मासूम की जान चली गई। घटना कुलहरिया हाट के समीप सुबह करीब 9:00 बजे की है, जहां तेज रफ्तार स्टार बस ने बच्चे को ठोकर मारकर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान मिर्ज़ा चौकी निवासी 7 वर्षीय प्रिंस कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, बच्चे की मां कंचन देवी अपने पति पंकज मलिक के साथ भाई की शादी में शामिल होने कुलहरिया आई हुई थीं। सोमवार को शादी समारोह संपन्न हुआ था, लेकिन मंगलवार की सुबह यह खुशी मातम में बदल गई। बताया जाता है कि प्रिंस कुमार पास की दुकान पर बिस्कुट लेने गया था। इसी दौरान तेज रफ्तार बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद परिजन आनन-फानन में बच्चे को इलाज के लिए भागलपुर अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक के नाना अनिल मलिक ने बताया कि घटना इतनी अचानक हुई कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। बच्चे की मौत की खबर मिलते ही मां कंचन देवी सहित पूरे परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि अमरपुर-भागलपुर मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषी वाहन चालक की जल्द गिरफ्तारी हो और इस मार्ग पर स्पीड कंट्रोल के लिए सख्त उपाय किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। स्थानीय पुलिस सूचना मिलते ही भारी संख्या में मौके पर पहुंची एवं घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# मैट्रिक एवं इंटर के टॉप 10 छात्र-छात्राओं को डीएम ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**मुंगेर।** जिले में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा के टॉपर सहित टॉप टेन छात्र छात्राओं को जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें भी दी। मौके पर पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुणाल गौरव सहित अन्य उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने बताया की यही जिले के लिए हर्ष की बात है की मुंगेर जिले के छात्र छात्राओं द्वारा मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया गया है। इसमें छात्राओं का प्रदर्शन काफ़ी अच्छा रहा है, उन्होंने कहा कि सरकार ने भी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का जो संकल्प लिया है उसमें आप सभी अभिभावक को भी इसी तरह आगे बढ़कर अपने बच्चों में बिना किसी भेदभाव के उन्हें शिक्षित करना होगा। एक शिक्षित समाज के निर्माण की परिकल्पना भी तभी सम्भव है ज़ब हमारे बच्चे शिक्षित होंगे और इसके लिए अभिभावकों को भी अपने बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करना होगा। उन्होंने उपस्थित सभी बच्चों से कुछ प्रश्नों के सवाल भी किए जिसके जवाब से वो काफ़ी संतुष्ट हुए तथा उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें भी दी। उन्होंने कहा के आप सभी देश का भविष्य हैं और देश के निर्माण में आप सभी का भी अहम योगदान होता है। मैट्रिक के टॉप टेन छात्र छात्राओं में उच्च विद्यालय मँझगायं की राखी कुमारी 478 अंक के साथ 95.6% अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बन जिले का नाम रोशन की है। जबकि उच्च विद्यालय लोहची के ऋतिक कुमार ने दूसरा, गांधी उच्च विद्यालय के लोकेश भारद्वाज ने जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उसी प्रकार शांभवी कुमारी चौथे, श्वेता कुमारी पांचवे तथा सोनाली प्रिया ने छठा स्थान प्राप्त किया है जबकि प्रीति कुमारी, मोनालि कुमारी, श्यामा कुमारी, प्रिया कुमारी तथा कोमल कुमारी जिले में सातवें स्थान पर रहीं। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में कला संकाय में चंद्रशेखर सिंह बालिका उच्च विद्यालय की खुशी पाण्डेय ने पहला स्थान प्राप्त किया है, जबकि उत्क्रमित उच्च विद्यालय शाहजहां प्रवीण एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय रामपुर की नाज़ खातून द्वितीय तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय रामपुर की कहकशा प्रवीण ने जिले में तृतीय स्थान प्राप्त की है। उसी प्रकार वाणिज्य संकाय में टाउन उच्च विद्यालय +2 के पंकज कुमार प्रथम एवं रिया कुमारी केशरी द्वितीय स्थान तथा आरडीएसवाई कॉलेज की रितिका कुमारी तीसरा स्थान प्राप्त की हैं। विज्ञान संकाय में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय हेमजापुर की साक्षी कुमारी ने प्रथम, गवर्नमेंट इंटर कॉलेज मुंगेर के सिद्धांत कुमार ने द्वितीय तथा उच्च विद्यालय चन्दनपुरा जमालपुर के सागर कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

# महादलित टोला के सैकड़ो परिवार नल-जल कनेक्शन से वंचित

## 48 घंटा में नल जल कनेक्शन का काम शुरू नहीं होने पर होगा उग्र आंदोलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमालपुर (मुंगेर)।** जल ही जीवन है लेकिन बढ़ती हुई भीषण गर्मी के कारण नगर परिषद जमालपुर के कई जल स्रोत अब सूख गए हैं कोई भी चापानल अब काम नहीं कर रहा है, सरकारी पाइपलाइन जलापूर्ति योजना अब भी दर्जनों वार्ड में अधूरी पड़ी हुई है तथा कई वार्डों में अब मेंटेनेंस के अभाव में योजनाएं दम तोड़ रही है। वर्तमान मामला नगर परिषद जमालपुर के वार्ड संख्या 23 एवं 26 जनता मोड़ के आसपास का क्षेत्र जहां डोमासी एवं राउत टोला के महादलित बस्ती में अब तक नल जल कनेक्शन नहीं हो पाने के कारण आम परिवार अब भी मूलभूत बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। एक तरफ नगर परिषद अपने सैकड़ो करोड़ों रुपए के बजट से शहर के विकसित होने का दावा कर रही है। वहीं शहर के बाजार क्षेत्र में ही मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के घोर अभाव रहने से सारे दावे के पोल खुल जा रहे हैं। मंगलवार को काफी संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों ने जनता मोड से दास टोला तक निर्माण होने वाली सड़कों से पूर्व हर घर में नल जल कनेक्शन के मांगों के साथ अपने हाथों में बाल्टी, गैलन आदि लेकर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल लोग डीएम साहब पानी दो, हर घर में नल जल कनेक्शन देना होगा, नगर परिषद जमालपुर मुर्दाबाद, बुडको मुर्दाबाद आदि नारे लगा रहे थे। वार्ड पार्षद साईं शंकर एवं बृजमोहन राउत ने कहा कि पिछले साल जमालपुर सदर बाजार की मुख्य सड़क बनने से पहले बचे हुए सभी नल जल कनेक्शन को कर दिया गया था। लेकिन वर्तमान में जनता मोड़ से दास टोला तक सड़के निर्माण से पूर्व अब तक सैकड़ो घरों में नल जल कनेक्शन बचा हुआ है। भीषण गर्मी को देखते हुए नल जल कनेक्शन से वंचित परिवारों को अति शीघ्र कनेक्शन कर दिया जाना चाहिए। मौके पर कोमल देवी, गंगा देवी, रीता देवी, ममता देवी, वीणा देवी, सुबोध मंडल, प्रकाश राउत, अरुण कुमार, प्रीतम कुमार, राजन राउत आदि उपस्थित थे।

# बेगूसराय कोर्ट को उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बेगूसराय सिविल कोर्ट को ईमेल के माध्यम से उड़ाने की धमकी देने का आरोपी को पुलिस ने मैसूर से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी देशभर में ई-मेल के जरिए बम धमकियां भेजकर दहशत फैलाने का काम किया है। दिल्ली पुलिस की साइबर सेल ने कर्नाटक पुलिस के सहयोग से मैसुर निवासी श्रीनिवास लुइस को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने कथित तौर पर करीब 1500 धमकी भरे ईमेल भेजे थे। जिनमें दिल्ली हाई कोर्ट, जिला अदालतों, शिक्षण संस्थानों और कई अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया था। इधर बिहार के बेगूसराय सिविल कोर्ट को भी हाल ही में बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हो गई हैं। दोनों मामलों के बीच संभावित कनेक्शन को लेकर जांच तेज कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली हाई कोर्ट को सितंबर महीने में धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद साइबर सेल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरूकी थी। शुरुआती जांच में यह स्पष्ट हुआ कि धमकी देने वाला शख्स लगातार अलग-अलग संस्थानों को टारगेट कर रहा है और ईमेल के जरिए भय का माहौल बना रहा है।जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने कई बार अपनी पहचान छिपाने के लिए जरूरी साइबर सावधानियां नहीं बरतीं और वीपीएन का सीमित या गलत इस्तेमाल किया। जिससे उसकी लोकेशन ट्रेस करना आसान हो गया।एक मोबाइल नंबर और डिजिटल फुटप्रिंट के आधार पर पुलिस टीम कर्नाटक पहुंची और मैसुर के वृंदावन क्षेत्र से आरोपी को दबोच लिया। उसके कब्जे से एक लैपटप और मोबाइल फोन जब्त किया गया।

# डिजिटल शिक्षा से जुड़ा ग्रामीण इलाका

## कंप्यूटर गुरुसोल्यूशन ने नए केंद्र खोलकर किया संस्थान का विस्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** सदर प्रखंड के अजहर पंचायत में कंप्यूटर गुरु सल्यूशन संस्था ने बच्चो के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया। कंप्यूटर गुरु सल्यूशन के निदेशक रवि जायसवाल ने कहा कि डिजिटल युग में युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में कंप्यूटर गुरुसल्यूशन लगातार नई पहल कर रहा है। इसी कड़ी में अझौर में कंप्यूटर गुरु सल्यूशन के नए प्रशिक्षण केंद्र ग्रामीण इलाके में खोलकर इस शिक्षा को सुविधाजनक बनाया है। निदेशक जायसवाल ने बताया कि संस्था का उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ना है। ताकि वे आधुनिक तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकें। इस मौके पर शिक्षा और तकनीक के संगम का अनूठा नजारा देखने को मिला। समारोह में स्थानीय लोगों, छात्रों और अभिभावकों की अच्छी-खासी उपस्थिति रही। ज्ञात हो की कंप्यूटर गुरुसल्यूशन कचहरी रोड (बी मार्ट के पीछे), मंझौल और अझौर ठाकुरबाड़ी के पास अपने सेंटर संचालित कर रखा है। कार्यक्रम के दौरान उन छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। जिन्होंने अपना कोर्स सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस अवसर पर छात्रों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में संध्या कुमारी, लूसी कुमारी, अमिता कुमारी, आसिया खातून, सविता कुमारी, नजमा खातून, ईशा वत्स, मानवी कुमारी, बंटी कुमार, अविनाश कुमार, सोनू कुमार, साहिल कुमार, मुरारी कुमार, नीतीश कुमार, प्रशांत कुमार एवं रिशव कुमार शामिल रहे।कार्यक्रम में डीडी न्यूज के पत्रकार प्रेम कुमार और एएनआई के संवाददाता हरेराम दास मुख्य रूप मौजूद थे। केंद्र की संचालिका किरण कुमारी ने कहा कि संस्थान में अनुशासन और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

# रेल में 40 साल सेवा देने वाले 16 रेलकर्मियों को सम्मानपूर्वक दी गई विदाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमालपुर (मुंगेर)।** रेल कारखाना जमालपुर में रेल कर्मियों को अत्यंत सम्मान पूर्वक विदाई सादा समारोह आयोजित कर दी गई। अधिकारी सभा कक्ष में रेल कर्मियों को विदाई सम्मान करते हुए मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल ने कहा यह भारतीय रेलवे की एक परंपरा है, जहाँ लंबी सेवा 30-40 वर्ष के बाद कर्मचारियों को भावभीनी विदाई समारोह के साथ सम्मानित किया जाता है। यह परंपरा जमालपुर कारखाना में वर्षों से निभाने की परंपरा चली आ रही है। जिसको वर्तमान में भी अधिकारी कर्मचारी यूनियन के सहयोग से पूरा करने का किया जा रहा है।सीडब्ल्यूएम ने यह भी कहा कि सेवानिवृत्ति के मौके पर कर्मवीर रेल कर्मियों के व्यक्तिगत रूप से उनका सम्मान करते हुए उनके निष्ठावान, ईमानदार व समर्पित सेवाओं की सराहना करते हैं।वही सेवानिवृत्ति के दिन ही अंतिम निपटान के कागजात, सेवा प्रमाण पत्र और अक्सर उपहार या स्मृति चिन्ह देकर विदा किया जाता है।

यह पल अधिकारी कर्मचारी के लिए बड़ा ही भावुक भरा होता है। सहकर्मी अपने विदा ले रहे साथियों के अनुभव को याद करते हैं और उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हैं। विदाई से सम्मान समारोह में लेखा अधिकारी अमर कुमार, एपीओ अश्विनी कुमार, सहायक कल्याण पदाधिकारी संजय तांती साहित सेवानिवृत्ति होने वाले रेल कर्मी में पुलंदु विश्वास, निरंजन कुमार सिंह, क्रांति कुमारी, प्रमोद कुमार मंडल, मनोहर तांती, विजय कुमार यादव, शंकर कुमार चौरसिया, अरविंद कुमार शर्मा, शंभू कुमार सिंह, दिलीप कुमार, ब्रह्मचारी संजीव कुमार, बल्की राम, विपिन पासवान, मोहम्मद इकलाम सहित

# गंगा स्वच्छता पखवारा के तहत जल संरक्षण पर संगोष्ठी

## गिरते जलस्तर को रोकने के लिए जल संचयन है जरूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** जिला गंगा समिति, भोजपुर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना, जगजीवन महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत आओ गंगा को जानें एवं जल संरक्षण विषय पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या आभा सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों–जिला जल एवं स्वच्छता समिति भोजपुर के समन्वयक रंजय बैठा, जिला गंगा समिति के जिला परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व कार्यक्रम पदाधिकारी अमृत जैसवाल एवं प्राचार्या डॉ प्रो आभा सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप



प्रज्वलित कर तथा बाबू जगजीवन राम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। अपने संबोधन में समन्वयक रंजय बैठा ने कहा कि आज जल संरक्षण का विषय पूरे विश्व के लिए चिंता का विषय बन चुका है। गिरते जल स्तर को रोकने के लिए जल संचयन अत्यंत आवश्यक है, जिसमें युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। वहीं जिला परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या के कारण जल संसाधनों पर दबाव लगातार बढ़ रहा है। जल का अंधाधुंध दोहन चिंता का विषय है, जिसे रोकने के लिए हमें जल के समुचित उपयोग, संरक्षण एवं पुनर्चक्रण पर विशेष ध्यान देना होगा। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्या आभा सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जल स्तर में लगातार गिरावट आई है। इसके लिए हम सभी जिम्मेदार हैं क्यों कि आवश्यकताओं के पूर्ति करने में हम इतने अंधे हो गए की संसाधनों को बर्बाद करते गए और अब समय आ गया है कि हम जागरूक होकर जल संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाएं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई कार्यक्रम को सफल बनाने में युवराज कुमार सोनी मेघा श्रीवास्तव अदिती पांडेय जितेश कुमार, स्नेहा कुमारी अभिजीत कुमार तथा जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# बच्चे को मोबाइल और इंटरनेट से दूर रखें अभिभावक : डॉ. अर्चना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** स्थानीय 'शान्ति स्मृति' सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय शुभ नारायण नगर मझौंवा तथा 'शारदा स्मृति' सम्भावना पब्लिक स्कूल मौलाबाग आरा में मंगलवार को वार्षिक परीक्षाफल जारी हुआ। परीक्षाफल सह-पुरस्कार वितरण-2026 का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र तथा प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने संयुक्त रूप से किया। संभावना पब्लिक स्कूल, मौला बाग, आरा के टॉपर बच्चो के नाम क्रमशः सूर्यांश सिंह (नर्सरी), प्रियांशु कुमार (एलकेजी), ऋषभ यादव (यूकेजी), राजवर्धन राज (कक्षा-1), कुश यादव (कक्षा-2), जयेश कुमार (कक्षा-3), आरुषि कुमारी (कक्षा-4) और शिक्षा (कक्षा-5) हैं। वही 'शांति स्मृति' संभावना आवासीय उच्च विद्यालय, शुभ नारायण नगर, मझौवा, आरा के टॉपर छात्र-छात्राओं के नाम क्रमशः आराध्या कुमारी (पीआरईपी), तान्या अर्फशा (एलकेजी), शिवम त्रिमूर्ति (यूकेजी), सम्राट कुमार सिंह (कक्षा-द्य), नंदनी कुमारी



(कक्षा-2), आयुष सिंह (कक्षा-3), आलिया करीम (कक्षा-4), वारिश शफी (कक्षा-5), शौर्य कुमार (कक्षा-6), साक्षी कुमारी (कक्षा-7), अमृत राज (कक्षा-8), निशांत कुमार एवं सफीना करीम (कक्षा-9), एवं अदिति कुमारी (कक्षा-11) हैं। मौके पर प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि आज विद्यालय के बच्चों के लिए तथा उनके अभिभावकों के लिए विशेष दिन है। विद्यालय के लगभग 200 बच्चे अपनी कक्षा के विभिन्न खण्डों में 90 से 100 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किये है। जिन बच्चों को पुरस्कार मिला है, उनके अभिभावकों को बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा की जो बच्चे आज इस मंच से पुरस्कृत नहीं हुए है, वे और मेहनत करे, ताकि अगले वर्ष की वार्षिक परीक्षा में पुरस्कृत हो सके। उन्होंने सभी अभिभावकों से अनुरोध करते हुए कहा कि अपने बच्चे को मोबाईल और इंटरनेट से दूर रखें। अपने बच्चे के साथ-साथ उनके दोस्तों पर भी नजर रखें। वही निदेशक डॉ. कुमार द्विजेन्द्र ने कहा कि संभावना विद्यालय में लगभग 27 सौ छात्र-छात्राएँ अध्यनरत है। हमारे बच्चे आतंरिक परीक्षा में जितना बेहतर रिजल्ट देते है, उससे ज्यादा बेहतर सीबीएसई द्वारा आयोजित कक्षा-10-12 के बोर्ड परीक्षाओं में रिजल्ट देते है। प्रति वर्ष हमारे विद्यालय के 40 से 50 बच्चे 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करते हैं, उन्होंने कहा की आज वार्षिक परीक्षा-2026 का परीक्षाफल घोषित होने के बाद अगले एक सप्ताह तक सभी अभिभावकों को अनके बच्चों की उत्तर पुस्तिकाओं को दिखाया जाएगा। अगामी 1 से 7 अप्रैल तक विद्यालय में सभी अभिभावकों को आमंत्रित किया गया है, ताकि वे अपने बच्चों की प्रगति के बारे में शिक्षकों से जानकारी हासिल कर सकें और उत्तर पुस्तिकाओं का स्वावलोकन कर सके। साथ ही, अभिभावक अपने बच्चों का वर्ग उत्तीर्णता प्रपत्र (सीपीएफ) भी जमा करेंगे। विद्यालय के परीक्षा प्रभारी राजेश रमण ने बताया कि विद्यालय के कुल-2783 बच्चों में से 70 प्रतिशत से ज्यादा बच्चों ने 90 प्रतिशत या उससे ऊपर अंक प्राप्त किया है। शेष बच्चों का औसत अंक 60 प्रतिशत के आस-पास रहा है। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के उप-प्राचार्य ऋषिकेश ओझा ने किया।

# किराना दुकान से साढ़े पांच किलो गांजा बरामद, दुकानदार गिरफ्तार

## पटना के एएनटीएफ की सूचना पर पीरो थाना पुलिस को मिली सफलता

### दंडाधिकारी की उपस्थिति में की गई कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा/पीरो (भोजपुर)।** पीरो थाना क्षेत्र के जमुआंव गांव की एक किराना दुकान से गांजे की बिक्री की जा रही थी। पटना की एएनटीएफ की सूचना पर सोमवार की रात पीरो पुलिस की टीम ने दुकान में छापेमारी की तब इसका खुलासा हुआ। पुलिस ने दुकान से साढ़े पांच किलो गांजा बरामद किया गया। साथ ही भाग रहे दुकानदार अनूप कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। अनूप कुमार जमुआंव गांव निवासी चुनमुन साह का पुत्र है। वह गांव में किराने की दुकान चलाता है। पुलिस अधीक्षक राज ने बताया कि सोमवार की देर शाम पटना की एएनटीएफ की ओर से सूचना मिली कि जमुआंव गांव के चौधरीयान टोला में चुनमुन साह की किराना दुकान में गांजे की बिक्री की जा रही है। उस आधार पर तत्काल गांजे की बरामदगी को लेकर पीरो थाने की पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गयी। टीम में शामिल अपर थानाध्यक्ष पंकज कुमार के नेतृत्व में पुलिस और दंडाधिकारी के तौर पर प्रतिनियुक्ति प्रभारी अंचलाधिकारी सह ग्रामीण विकास अधिकारी मोहसीन खान के साथ जमुआंव गांव चौधरियान टोला निवासी चुनमुन साह की दुकान पहुंचे। तलाशी के दौरान उसकी दुकान से दो पन्नी में पैक साढ़े पांच किलो गांजा बरामद किया गया। उसके बाद दुकानदार अनूप कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। उससे पूछताछ कर गांजा तस्करी के नेटवर्क को खंगाला जा रहा है। इस मामले में दुकानदार अनूप कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

# भूगोल विभाग और नई आशा का सर्वेक्षण रिपोर्ट एडीएम को सौंपा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** महाराजा कॉलेज स्नातकोत्तर भूगोल विभाग एवं नई आशा द्वारा संयुक्त रूप से चौरई महादली तोले का सर्वेक्षण रिपोर्ट आज अपर समाहर्ता डॉ शशि शेखर को सोपा गया। इस अवसर पर स्नातकोत्तर भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संजय कुमार, डॉ. द्वीपिका शेखर सिंह और इतिहास विभाग के डॉ. कमलेश सिंह थे। विदित हो कि गत वर्ष भोजपुर जिला के उदवंतनगर प्रखंड के चौराई मुसहर टोला का आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक सर्वेक्षण किया गया था। बाद में उस सर्वेक्षण रिपोर्ट को विभाग द्वारा वीर कुंवर सिंह




विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित कराया गया। आयोजित सर्वेक्षण कार्यक्रम पर भोजपुर एडीएम ने टीम के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने न केवल इस कार्य को सराहा, बल्कि भविष्य में भी जिला स्तरीय सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों में साथ मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। डॉ शेखर ने कहा सर्वेक्षण रिपोर्ट काफी महत्वपूर्ण होता है। यह समाज और सरकार के लिए उपयोगी होने के साथ इतिहास के बतौर भावी पीढ़ी के लिए मददगार साबित होता है। विभाग की तरफ से एडीएम डॉ. शशि शेखर को चौराई सर्वे रिपोर्ट की एक प्रति प्रस्तुत की गई। उन्होंने पूरी टीम को इस सफल आयोजन और भविष्य की नई संभावनाओं के लिए हार्दिक बधाई दी। डॉ संजय ने कहा कि एडीएम द्वारा चौराई गाँव में आयोजित सर्वेक्षण कार्यक्रम की सराहना किया जाना एक गर्व का विषय है।

# बागीचा में आग लगने से दर्जनों पेड़ झुलसे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चांदन (बांका)।** चांदन थाना क्षेत्र अंतर्गत मंडेडीह गांव स्थित एक फल के बगान में आग लगने से दर्जनों फलदा हरे वृक्ष झुलस गए। जानकारी के अनुसार मनरेगा योजना के तहत गोबिन्दपुर गांव निवासी कार्तिक राउत पिता स्व0 शिवल राउत के द्वारा गोबिंदपुर टोला के मंडेडीह में दस साल पूर्व लगाये गए फलदार वृक्षों की बगीचा में आग लगा दिया।जिसके चपेट में आने से दर्जनों हरे फलदार वृक्ष झुलस गए। घटना को लेकर पिड़ित ने विनोद यादव के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।इस संबंध में थानाध्यक्ष श्रीकांत भारती ने मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### नालंदा के शीतला माता...

की योगेन्द्र राम की पत्नी चिंता देवी, दीपनगर अर्जुन प्रसाद की पत्नी कांति देवी शामिल हैं। शेष की पहचान की प्रक्रिया चल रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शीतलाष्टमी के अवसर पर सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। मंगला मेला के कारण भीड़ और बढ़ गई थी। पुलिस के मुताबिक कुछ महिलाएं नहाकर मंदर जा रही थीं। इसी दौरान कुछ महिलाएं डिहाइड्रेशन और दम घुटने से बेहोश होकर गिर पड़ी, जिससे अचानक अफरा-तफरी मच गई और लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे, जिससे भगदड़ की स्थिति बन गई। हादसे के बाद प्रशासन मामले की जांच में जुटा हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। घटना की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष दीपनगर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। घटनास्थल पर पटना प्रमंडल के आयुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है। घटनास्थल पर जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं उप विकास आयुक्त स्वयं उपस्थित रहकर राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे हैं तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है। इस बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नालंदा जिले के बिहार शरीफ स्थित शीतला देवी मंदिर में हुये भगदड़ में श्रद्धालुओं की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना काफी दुखद है और मैं इससे मर्माहत हूं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के आश्रितों को आपदा प्रबंधन विभाग से चार-चार लाख रूपये एवं मुख्यमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये (कुल छह लाख रूपये) अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर वरीय अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गये हैं तथा राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हुये है। मुख्यमंत्री ने हादसे में घायल हुये लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है और उनकी समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी घटना पर शोक जताया और केंद्र सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों के लिए 2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजा देने का एलान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद है। उन्होंने घटना पर दुख जताया और घायलों के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की है। इस तरह केंद्र और राज्य को मिलाकर मृतकों के लिए कुल 8 लाख रुपये और घायलों के लिए 50 रुपये मुआवजे की घोषणा की है।

### दो अधिकारियों के...

के विख्यात विद्वान है। उनका अंग्रेजी ग्रामर का किताब छपता है। आरोप है कि घूस से उन्होंने आय से अधिक 2 करोड़ 41 लाख 14 हजार रुपये संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। ईओयू थाने में एक दिन पहले एफआईआर दर्ज की गई थी। कोर्ट से वारंट लेकर ईओयू की टीम सभी ठिकानो पर छापेमारी शुरू की। मानियारी और सहरसा में छह ठिकानो पर छापेमारी हो रही है। मानियारी कॉलेज से अकूत संपत्ति के कागजात मिलने की बात बताई जा रही है। आय से अधिक संपत्ति मामले में जांच के दायरे में घिरे सहरसा में पदस्थापित डीआरडीए डायरेक्टर वैभव कुमार के ऑफिस व वेश्म से मंगलवार को कई संदिग्ध दस्तावेज मिले हैं जिसे जब्त कर आर्थिक अपराध इकाई की टीम अपने साथ लेकर गई है। आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने लगभग चार घंटे तक डीआरडीए ऑफिस और डीआरडीए डायरेक्टर के वेश्म में दस्तावेजों को खंगाला। आर्थिक अपराध इकाई के पुलिस उपाधीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में डीआरडीए डायरेक्टर वैभव कुमार के कार्यालय, घर सहित 6 जगहों पर छापेमारी की जा रही है। कोर्ट के आदेश पर सर्च वारंट लेकर सहरसा में 2, पूर्णिया, मुजफ्फरपुर सहित 6 जगहों पर सघन जांच व छानबीन की जा रही है। जांच के दौरान कार्यालय व उनके वेश्म से कई संदिग्ध दस्तावेज जब्त किए गए हैं। आय से अधिक कितनी संपत्ति है उसका आंकलन किया जा रहा है।

# बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार छात्र को रौंदा, मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर किया रोड जाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के कारीसाथ गांव के समीप मंगलवार की सुबह बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं मृतक का बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना को लेकर आसपास की इलाके में काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़ मौके से फरार हो गया। उधर, घटना के बाद ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग कारीसाथ फोरलेन पर शव को रख जाम कर दिया। इस दौरान फोरलेन पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई एवं आवागमन पूरी तरह ठप्प रहा। सूचना पाकर गजराजगंज ओपी इंचार्ज चंचल महथा पुलिस के साथ मौके में पहुंच लोगों को समझाने-बुझाने लगे। पुलिस के काफी मान-मनौव्वल के बाद लोगो ने जाम को हटवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतक गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव निवासी कमलेश सिंह का 20 वर्षीय पुत्र आकाश सिंह है। वह स्नातक का छात्र था। इधर, मृतक के चचेरे चाचा ने बताया कि सोमवार को वह बाइक द्वारा गजराजगंज ओपी क्षेत्र के कारीसाथ गांव अपने फुआ के घर घूमने गया था। मंगलवार की सुबह जब वह बाइक द्वारा वापस गांव लौट रहा था। उसी दौरान कारीसाथ फोरलेन पर बेलगाम ट्रक ने रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व चार बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां अनीता देवी व चार बहन नेहा, निधु, निशा एवं एकता है। मृतक के छोटे भाई विकास सिंह की मौत भी ट्रेन की चपेट में आने से कुछ वर्ष पूर्व हो गई थी। घटना के बाद मृतक के घर में हाहाकार मच गया है। उसकी मां अनिता देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अपहृत नाबालिग को पुलिस ने किया बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चांदन (बांका)।** थाना क्षेत्र के एक गांव से बीते 22 मार्च को शादी की नियत से भगाये गये एक नाबालिग लड़की को सोमवार रात्रि चांदन थाना पुलिस ने देवघर जिला के देवीपुर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव से बरामद कर लिया है। इस मामले के आरोपी बाबूलाल कुमार को जल्द पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने की संकेत मिल रहे है। घटना को लेकर बताया जाता है कि अपहृत नाबालिग को विद्यालय के समीप से आरोपित युवक ने शादी के नीयत से अपहरण कर लिया था। इस मामले मे नाबालिग की मां ने आरोपित के खिलाफ शादी की नीयत से अपहरण कर लेने की प्राथमिकी चांदन थाना में दर्ज करायी थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद ही चांदन थाना पुलिस नाबालिग की। बरामदगी को लेकर छापेमारी कर रही थी। डिजाइन अनुसंधान के तहत टावर लोकेशन के आधार पर नाबालिग को बहादुरपुर से बरामद कर आज मंगलवार की सुबह न्यायालय मे बयान दर्ज कराने हेतु बांका न्यायालय भेज दिया ।इस संबंध मे थानाध्यक्ष श्रीकांत भारती ने बताया कि बरामद नाबालिग का बयान दर्ज कराने न्यायालय भेजा गया है।

# पुरानी सांस्कृतिक विरासत को बचाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी : भगवान सिंह कुशवाहा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** ऐतिहासिक वीर कुंवर सिंह किला परिसर में चैत्र मास के अवसर पर भव्य दुगोला चैता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन विधायक श्री भगवान सिंह कुशवाहा, एसडीओ संजीत कुमार, डीएसपी राजेश कुमार शर्मा और बीडीओ क्रांति कुमार पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मुकेश कुमार गुड्डू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। पूर्व नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार गुड्डू के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथियों को भगवा गमछा देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में आए हुए लोगो के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई थी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री कुशवाहा ने कहा कि पुरानी सांस्कृतिक विरासत को बचाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने चैता को 'मिट्टी की सुगंध' बताते हुए कहा कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए ऐसे पारंपरिक आयोजन आवश्यक हैं। विधायक इस सफल आयोजन के लिए आयोजकों और उपस्थित जनता को बधाई दी.उन्होंने भविष्य में और भी बड़े स्तर पर सांस्कृतिक आयोजन करने का भरोसा दिलाया। लोक गायकों का मुकाबला पूर्व नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार गुड्डू के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में हरेंद्र उर्फ बुड्ढा व्यास और रामाशंकर व्यास के बीच मुख्य मुकाबला हुआ, जिसे सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। संयोजक मुकेश कुमार गुड्डू ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य राजनीतिक नहीं, बल्कि लुप्त हो रही लोक संस्कृति को सहेजना और युवाओं में जागरूकता पैदा करना है। मौके पर बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव के समापन पर आम सभा आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** श्री दिगंबर जैन शांतिनाथ मंदिर प्रांगण में भगवान महावीर स्वामी त्रिदिवसीय जन्म कल्याणक 2625 वें महोत्सव के समापन पर आम सभा आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेयर इंदु देवी, विशिष्ट अतिथि भाई ब्रहमेश्वर, अध्यक्ष अखिलेश कुमार जैन, स्वगताध्यक्ष कमलेश कुमार जैन, सचिव डॉ. आदित्य विजय जैन संयुक्त रूप से किया। स्वागत अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविराष्टक एवं स्वागत गान से हुआ। उपस्थित जन समूह के बीच अनेकों रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि कार्यक्रम में भजन, नाटक मंचन, भाव नृत्य की प्रस्तुति हुई। मुख्य अतिथि मेयर इंदु देवी ने कहा कि भगवान महावीर का मुख्य संदेश 'अहिंसा परमो धर्म:' (अहिंसा ही सर्वोच्च धर्म है) और 'जियो और जीने दो' था, उन्होंने करुणा, प्रेम, और अपरिग्रह (अनासक्ति) के मार्ग पर चलने का उपदेश दिया। उनके अनुसार, आत्मा की शुद्धि और मोक्ष के लिए अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह के पंचशील सिद्धांतों का पालन अनिवार्य है। हम सभी को भगवान महावीर के बताएं मार्गों पर चलकर ही जीवन में शांति मिल सकती है। विशिष्ट अतिथि भाई ब्रहमेश्वर ने भगवान महावीर के सिद्धांतों पर कहा कि अहिंसा मन, वचन और कर्म से किसी भी जीव को कष्ट न पहुँचाना। दया भाव रखना ही अहिंसा है। आज पूरे विश्व को भगवान महावीर के सिद्धांतों पर चलने की आवश्यकता है। महोत्सव में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार एवं सम्मान समिति द्वारा दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन सचिव डॉ आदित्य विजय जैन ने किया। कार्यक्रम में डॉ. जया जैन, डॉ. श्वेता जैन, डॉ. शशांक जैन, डॉ. सीपी जैन, डॉ. विकाश चंद्र जैन, रमेश कुमार जैन, अभय कुमार जैन के साथ सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहें।

## महावीर जयंती पर बताया जीने की कला

**आरा (भोजपुर)।** स्थानीय सत्य इंटरनेशनल स्कूल के परिसर में महावीर जयंती के अवसर पर बच्चो के बीच विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम भगवान महावीर के तैल चित्र पर स्कूल के प्रधानाचार्य केदारनाथ राय के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बच्चो ने भगवान महावीर जी के बताए गए जीने के शैली पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह (अनावश्यक संग्रह न करना), और जियो-जीने दो के सिद्धांतों के माध्यम से जीवन जीने की उत्तम कला बताई गई है। उक्त अवसर पर साहिबा परवीन, श्यामसुंदर सिंह, आनंद सिन्हा, विशाल कुमार, रवि शर्मा, रानी खातून, उमाशंकर प्रसाद, प्रकाश कुमार, रानी कुमारी, खुशी परवीन, आंचल कुमारी, शमा परवीन समेत कई थे।

# मेधावी छात्रों को किया गया पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शाहपुर (भोजपुर)।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भरौली में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य छात्रों के वार्षिक मूल्यांकन परिणामों को साझा करना और उनकी शैक्षणिक प्रगति से अभिभावकों को अवगत कराना था। कार्यक्रम के दौरान छात्रों की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट का विधिवत प्रकाशन किया गया। इसके बाद




प्रत्येक वर्ग से पांच-पांच अव्वल छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के मेधावी छात्र प्रत्युष मिश्रा को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' के खिताब से सम्मानित किया गया। जिससे समारोह में विशेष उत्साह का माहौल बना रहा। प्रधानाध्यापक संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। इससे न केवल उनकी मानसिक मजबूती बढ़ती है, बल्कि बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा भी मिलती है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई में निरंतर सहयोग देने की अपील की। संगोष्ठी में उषा कुमारी, विंध्याचल वर्मा, मिथिलेश ओझा, सौरभ राय, हेमंत कुमार, देवेंद्र कुमार, शशिरंजन कुमार सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक मौजूद थे।

# रसोई गैस की कालाबाजारी व जमाखोरी पर प्रशासन सख्त, रोकथाम के लिए की जा रही सतत निगरानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला अंतर्गत विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7422 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6716 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06186-295027 क्रियाशील है, जिस पर आमजन अपनी समस्या या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिले के कुल 37 गैस एजेंसियों में से 06 संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष में 31 मार्च 2026 को प्राप्त कुल 24 शिकायतों में से 23 का निष्पादन कर दिया गया है जबकि एक प्रक्रियाधीन है जिसका निष्पादन कर दिया गया है। कालाबाजारी एवं जमाखोरी की रोकथाम हेतु सतत निगरानी की जा रही है। इस संबंध में औचक निरीक्षण किया जा रहा है तथा अब तक कोई वाद दर्ज नहीं किया गया है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी अथवा जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

# मोनिका की शानदार सफलता पर रामायण पाठ तथा आशीर्वाद कार्यक्रम का आयोजन

## यूपीएससी में 16वीं रैंक हासिल कर मोनिका बनी आइएएस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**बलिया/औरंगाबाद।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के खड़सरा गांव स्थित श्रीवास्तव सदन में यहां की प्रतिभाशाली बेटी मोनिका श्रीवास्तव द्वारा देश की सबसे कठिन मानी जाने वाली संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में 16वीं रैंक हासिल करने के उपलक्ष्य में रामायण पाठ का भव्य आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। धार्मिक वातावरण के बीच लोगों ने मोनिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके साथ ही एक भव्य आशीर्वाद समारोह का भी आयोजन किया गया, जहां क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य नागरिकों ने पहुंचकर मोनिका को बधाई दी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या सुनीता श्रीवास्तव ने कहा कि मोनिका की सफलता बेटियों के लिए एक मजबूत संदेश है कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। सिकंदरपुर के विधायक जियाउद्दीन रिजवी ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि मोनिका ने बलिया का मान देशभर में बढ़ाया है। गांव के बुजुर्गों और युवाओं का कहना है कि मोनिका की यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियों के लिए यह एक उदाहरण है कि सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने पूरे किए जा सकते हैं। इस अवसर पर चाचा सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता संतोष श्रीवास्तव, प्रकाश श्रीवास्तव, पिता ई. ब्रजेश श्रीवास्तव, मामा कमल किशोर, श्रीराम अम्बष्ठ, ई. शेखर श्रीवास्तव, अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, ई. संजीव श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में परिजन, शुभचिंतक, ग्रामीण मौजूद रहे।

# आग से झुलसी बुजुर्ग महिला की मौत, परिजनों में मातम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर थाना अंतर्गत रामपुर गांव में आग से झुलसाकर एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान उस गांव निवासी सरयू पाल की 64 वर्षीय पत्नी कबूतरी देवी के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार घर में रसोई गैस उपलब्ध नहीं होने के कारण पिछले कुछ दिनों से चूल्हे पर खाना बनाया जा रहा था। घटना के समय कबूतरी देवी चूल्हे के पास बैठी हुई थीं और अपने पोते के छोटे बच्चे को खेला रही थीं। इसी दौरान चूल्हे से निकली एक चिंगारी उनकी साड़ी पर जा गिरी जिससे कपड़ों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और वह बुरी तरह झुलस गईं। हालांकि पास में मौजूद मासूम बच्चा इस हादसे में बाल-बाल बच गया। घर में मौजूद अन्य लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया और गंभीर रूप से झुलसी महिला को तत्काल इलाज के लिए नवीनगर रेफरल अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उनकी हालत अत्यंत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को अंतिम संस्कार के लिए घर लेकर चले गए।

# चाल्हो पहाड़ से देसी राइफल व जिंदा कारतूस बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** नक्सलियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप चाल्हों पहाड़ से देसी राइफल और जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस बलों की भनक पाकर नक्सली मौके से फरार हो गए। यह कार्रवाई सलैया थाना और एसटीएफ के संयुक्त छापेमारी में की गई। यह पुलिस के लिए बड़ी सफलता बताई जा रही है। बताया जाता है कि नक्सलियों द्वारा पुलिस जवानों को निशाना बनाने तथा जान माल को नुक़सान पहुंचाने के मंसूबे से छुपा कर यह अवैध हथियार व कारतूस रखा गया था। थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को सूचना के आधार पर हरि बिगहा के समीप चाल्हो पहाड़ में सर्च आपरेशन चलाया गया। इस दौरान एक झाड़ी में छुपा कर रखा सिंगल शॉट एक देसी राइफल और चार जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि नक्सलियों के द्वारा पहाड़ पर शराब निर्माण का कार्य किया जा रहा था। सर्च ऑपरेशन के फलस्वरूप कई शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गया है। हजारों लीटर जावा महुआ और शराब बनाने वाले उपकरणों को मौके पर विनष्ट किया गया है। इस कार्रवाई से नक्सलियों का मनोबल गिरा है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा। ताकि उनके मंसूबों पर पानी फ़ेरा जा सके।

# पुलिस सभा का आयोजन

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की अध्यक्षता में मंगलवार को पुलिस सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न संवर्गों के पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। इस दौरान सभी पुलिसकर्मियों की सामूहिक समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। साथ ही पूर्व में उठाई गई समस्याओं के निराकरण की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने लंबित मामलों के शीघ्र समाधान पर बल देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सभा में नई समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु भी उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया गया, ताकि पुलिस बल की कार्यक्षमता और मनोबल को और सुदृढ़ किया जा सके।

# अलग-अलग अपराधों में 59 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 59 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी हत्या पॉक्सो, एसटी-एससी, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 14 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के शीर्ष में एक, पॉक्सो एक्ट में एक, एसटी-एससी एक्ट में एक, हत्या के प्रयास में 10, शराब में 6 एवं अन्य शीर्ष कांड में 40 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 40 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1118 वाहनों की जांच की गई जिसमें 120000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। इसके अलावा 78 वारंटों का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से जिले को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

# बालू घाट मार्ग विवाद का प्रशासन ने किया निपटारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बारून (औरंगाबाद)।** बारून थाना क्षेत्र के खरजावा के समीप सोन नदी स्थित बालू घाट संख्या 14ए और 14बी के पास वाहनों के आवागमन के रास्ते को लेकर उठे विवाद का मंगलवार को प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर समाधान कर दिया। जांच में पाया गया कि जमीन पर कब्जे को लेकर लगाए गए आरोप गलतफहमी पर आधारित थे। दरअसल, गांव निवासी संजय यादव द्वारा एक वीडियो वायरल कर आरोप लगाया गया था कि उनकी जमीन पर जबरन बालू घाट के लिए रास्ता निकाला जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद जिला प्रशासन सक्रिय हुआ और मामले की जांच के लिए टीम गठित कर विवादित स्थल पर भेजा गया। जांच टीम में जिला खनन पदाधिकारी हरेश कुमार, खान निरीक्षक प्रत्युष कुमार, बीडीओ सह प्रभारी सीओ नीरज कुमार तथा थानाध्यक्ष रंजीत कुमार शामिल थे। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया और संजय यादव द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की गहन जांच की। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि जिस जमीन को लेकर विवाद खड़ा किया गया, वह संजय यादव के नाम से दर्ज ही नहीं है। संजय यादव ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि खाता संख्या 38 में उनकी जमीन पर रास्ता बनाया जा रहा है, जिसके बाद उन्होंने विरोध जताया। वहीं, बीडीओ सह प्रभारी सीओ नीरज कुमार ने बताया कि सभी कागजातों और नापी रिकॉर्ड की जांच में यह तथ्य सामने आया कि संबंधित मार्ग संजय यादव की जमीन से होकर नहीं गुजरता है। उन्होंने कहा कि यह मामला पूरी तरह गलतफहमी का परिणाम है। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि यदि संजय यादव आवेदन देते हैं तो उनकी जमीन की विधिवत नापी कराकर सीमांकन कराया जाएगा ताकि भविष्य में इस तरह के विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो।

# ट्रैक्टर में डीजल भरा बिना रूपये दिए ठग फरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** धोखाधड़ी कर बिना पैसा दिए एक ठग ट्रैक्टर में डीजल भरा फरार हो गया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। दरअसल एक शातिर ठग ने शहर के जसोईया मोड़ स्थित प्रकाश फ्यूल सेंटर से फोन कॉल के जरिए पंप कर्मियों को झांसे में लेकर करीब 473 लीटर डीजल डलवाया और मौका मिलते ही फरार हो गया। डीजल की कीमत क़रीब 44 हजार रूपये बताई जा रही है। मामले में पेट्रोल पंप कर्मी सुबोध सिंह ने बताया कि उनके मालिक रामानुज प्रसाद सिंह के मोबाइल पर सुधीर सिंह नाम के एक व्यक्ति का फोन आया। उसने खुद को परिचित बताते हुए तत्काल जरूरत का हवाला दिया और 473 लीटर डीजल देने को बोला। भरोसा करते हुए कर्मियों ने ट्रैक्टर में डीजल भर दिया। डीजल भरने के बाद भुगतान के लिए जब बारकोड स्कैनर दिया गया तो चालक ने तकनीकी समस्या का बहाना बनाकर भुगतान टाल दिया। इस दौरान अन्य ग्राहकों को तेल में कर्मी व्यवस्त हो गए। तभी मौका पाकर ट्रैक्टर चालक डीजल लेकर फरार हो गया। हालांकि इसके बाद कर्मियों को ध्यान पर खोजबीन तब तक वह वहां से जा चुका था। फिलहाल सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से चालक की पहचान की जा रही है। फुटेज में ट्रैक्टर पर महाकाल ट्रांसपोर्ट लिखा हुआ दिखाई दे रहा है जबकि वाहन का नंबर स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना के बाद पंप मालिक थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# शिक्षकों के लिए प्रेरणास्त्रोत होती हैं कार्यशालाएं : शिवपूजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शिवपूजन सिंह, विशिष्ट अतिथि विद्यालय सचिव बजरंगी प्रसाद सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक, उपप्रधानाचार्य संजय कुमार सिंह एवं प्राथमिक खंड प्रधानाचार्य सुमन कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। मंच संचालन राकेश कुमार पांडे द्वारा प्रभावशाली ढंग से संपन्न हुआ, जिससे कार्यक्रम में गरिमा एवं अनुशासन बना रहा। अतिथियों का परिचय प्राथमिक खंड प्रभारी प्रधानाचार्य सुमन कुमार सिंह द्वारा कराया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल लक्ष्य प्राप्त करना नहीं बल्कि उन लक्ष्यों की पूर्णता को सुनिश्चित करना है। यह कार्यशाला शिक्षण पद्धति को और अधिक प्रभावी एवं परिणाममुखी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्य अतिथि शिवपूजन सिंह ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं शिक्षकों के लिए प्रेरणास्त्रोत होती हैं। इससे न केवल शिक्षण कार्य में गुणवत्ता आती है बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने का मार्ग भी प्रशस्त होता है। कार्यक्रम का समापन उत्साह एवं सकारात्मक वातावरण में हुआ। कार्यशाला आगामी दो दिनों तक विभिन्न शैक्षिक एवं विचार-विमर्श सत्रों के साथ जारी रहेगी, जिसमें शिक्षण की नई विधियों एवं नवाचारों पर विशेष चर्चा की जाएगी। विद्यालय सचिव बजरंगी प्रसाद ने अपने अनुभवपूर्ण उद्बोधन में कहा कि हमें अपने सबल और निर्बल पक्षों का गंभीरता से अवलोकन कर निरंतर चिंतन करना चाहिए।

# पहली पत्नी रहते दूसरी शादी रचाने वाला जवान गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी करने के मामले में पुलिस ने सीआरपीएफ के एक जवान को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई महिला थाना पुलिस ने की है। मिली जानकारी के मुताबिक बीते अगस्त माह में एक पीड़िता ने आरोपी जवान के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। महिला थाने में दर्ज शिकायत में पीड़िता ने आरोप लगाया था कि पहले से शादीशुदा होने के बावजूद आरोपी ने अविवाहित बताकर दूसरी शादी कर ली है। कांड की गंभीरता पर पुलिस ने छानबीन के बाद आरोपी जवान को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी जवान भोजपुर जिले का रहने वाला रिंटू कुमार सिंह है। थानाध्यक्ष अंजली कुमारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी करना और महिला की लज्जा भंग करने संबंधी प्रावधानों के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जांच के दौरान मिले तथ्यों और साक्ष्यों की पुष्टि होने पर आरोपी पर कार्रवाई की गई। अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# रसोई गैस और बिजली दर में वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का राज्यव्यापी विरोध कल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** रसोई गैस की किल्लत, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि के विरोध में कांग्रेस 2 अप्रैल को पूरे बिहार में जोरदार प्रदर्शन करेगी। यह घोषणा बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता एवं इंटक बिहार के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह ने मंगलवार को औरंगाबाद में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में की। उन्होंने कहा कि रसोई गैस की कमी और बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। जिले के कई इलाकों में गैस आपूर्ति बाधित होने से लोग लकड़ी और कोयले पर खाना बनाने को मजबूर हैं। वहीं पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि से महंगाई चरम पर पहुंच गई है, जिससे आम जनता का बजट बिगड़ गया है। श्री सिंह ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि से गरीब, किसान, छोटे दुकानदार और युवा वर्ग पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। उन्होंने सरकार को जनविरोधी और संवेदनहीन बताते हुए कहा कि उसे जनता की समस्याओं की कोई चिंता नहीं है। कांग्रेस ने सरकार के समक्ष तीन प्रमुख मांगें रखी हैं रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति और कीमतों में कमी, पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर नियंत्रण तथा बिजली दरों में प्रस्तावित बढ़ोतरी को वापस लेना है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द कदम नहीं उठाए तो कांग्रेस व्यापक जनआंदोलन छेड़ेगी। इसी कड़ी में 2 अप्रैल को जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें हजारों कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल होंगे। संवाददाता सम्मेलन में महेंद्र यादव, धीरेंद्र कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह उर्फ लुटूर सिंह, अजय कुमार सिंह, राशिद अली खान, प्रो. अंबिका पासवान, रविंद्र कुमार सिंह रवि, धर्मेंद्र पासवान, बाबर खान, धर्मेंद्र सिंह और मनोज पांडे सहित कई नेता मौजूद थे।

# पुलिस अधीक्षक ने किया डॉग स्क्वायड का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा पुलिस केंद्र स्थित 'डॉग स्क्वायड' का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्वान दस्ते के आवासीय परिसर, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा प्रशिक्षण प्रक्रिया का गहन अवलोकन किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने डॉग स्क्वायड में तैनात श्वानों की फिटनेस, उनके नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि श्वानों की देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और उनके लिए बेहतर खान-पान एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस डॉग्स कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों की जांच और आपात स्थितियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनकी उचित देखभाल और प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। निरीक्षण के अंत में पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने पर बल दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# एम्बुलेंस कर्मियों का जिला सम्मेलन संपन्न


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार राज्य चिकित्सा कर्मचारी संघ (इंटक) के बैनर तले सदर अस्पताल औरंगाबाद में जिला सम्मेलन सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रजिय अध्यक्ष सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह चंद्र प्रकाश सिंह, कांग्रेस नेता भोला यादव, प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कुमार वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। सम्मेलन में 102 के एम्बुलेंस कर्मियों की समस्या, मांग तथा समाधान पर विस्तार से चर्चा किया गया। एम्बुलेंस कर्मियों ने विभिन्न समस्याओं से प्रजिय अध्यक्ष को अवगत करवाया। मौके पर उन्होंने समस्याओं तथा मांग के संदर्भ में उचित सहयोग का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए प्रजिय अध्यक्ष सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि 102 के एम्बुलेंस कर्मियों के हक और न्याय के लिए सदैव खड़ा रहूंगा। सभी एम्बुलेंस कर्मी पूरी तरह एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि एम्बुलेंस कर्मी दिन रात मेहनत करते है। मरीजों की सेवा करते है। इसके बावजूद पिछले तीन माह का वेतन नहीं मिला है। यह एम्बुलेंस कर्मियों के साथ अन्याय है। सरकार से मांग करते है कि बकाया वेतन को अविलंब पूर्ति की जाएं। वेतन कटौती की शिकायत पर उन्होंने कहा कि इसके लिए सिविल सर्जन के मार्गदर्शन में एक समिति की गठन किया जाए ताकि संबधित समस्याओं का समाधान हो सके। कहा कि एंबुलेंस कर्मियों के विभिन्न सुविधाओं को लेकर कंपनी के स्तर पर लगातार बातचीत हो रही है। इनका न्यूनतम वेतन मिला है। अप्रैल से वेतन में बढ़ोतरी हुई है, कोशिश रहेगा कर्मियों को जल्द वेतन वृद्धि का लाभ मिल सके। कर्मियों के छुट्टियों को लेकर शिकायत रहती है, मामले में बातचीत की जाएंगी। इसके अलावा 12 घंटे ड्यूटी पर बात चल रही है। मोटर टांसपोर्ट वर्कर्स एक्ट का हवाला देकर कंपनी से मांग की जाएंगी। वैसे लेबर विभाग में संबधित मांगे चल रही है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अमित पांडे, प्रदेश सचिव ऋषि मुनि राम, जिलाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह, जिला सचिव विकास कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुबोध कुमार, पवन कुमार, दीपनारायण पंडित, प्रवीण कुमार सिंह, पंकज कुमार गुप्ता, राजू रंजन, टिंकू कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# अपराध नियंत्रण को लेकर सघन वाहन जांच

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम एवं मद्यनिषेध कानून को सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों पर विशेष चेकिंग की गई, जहां संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की गहन जांच की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई अपराध नियंत्रण के साथ-साथ अवैध शराब के परिवहन एवं सेवन पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।




C M Y K